संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 12 दिसंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 331 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




नई दिल्ली में खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर "खेलो इंडिया पैरा गेम्स" का उद्घाटन करते हुए।

# देश की कर्णधार बनेगी आने वाली पीढ़ी: मोदी

= भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इन्टरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए

**पीएम बोले**

8 मोदी ने विकसित भारत @ 2047 के संकल्प और विजन को लेकर युवाओं को संबोधित किया।

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से विकसित भारत @ 2047-वॉयस ऑफ यूथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राज्यपाल मंगुभाई पटेल राजधानी भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इन्टरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संयोजन नीति आयोग द्वारा किया गया था। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत @ 2047 के संकल्प और विजन को लेकर युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए यही समय, सही समय है। हर व्यक्ति और संस्थान जो भी कार्य करता है, वह राष्ट्र के कार्य हैं- इसी भाव-भावना के साथ करें। उन्होंने कहा कि इंडिया आई से शुरू होता है। आई का मतलब मैं, अर्थात भारत को विकसित बनाने के लिए मैं क्या कर सकता हूँ। इस भाव के साथ कार्य करना होगा कि राष्ट्र के लिए कर्तव्यों का निष्ठा और ईमानदारी से पालन करें। प्रधानमंत्री ने सभी शैक्षणिक संस्थानों, शिक्षाविदों, विद्यार्थियों और देश के प्रत्येक नागरिक से आगे आकर अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने और स्वयं के उदाहरण से रोल मॉडल बनकर समाज को प्रेरित करने का अनुरोध किया। स्थानीय कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा केसी गुप्ता, राज्यपाल के प्रमुख सचिव डीपी आहूजा, विभिन्न विश्वविद्यालयों के वाइस चांसलर, राष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानों के संचालक, संकाय सदस्य और विद्यार्थी गण उपस्थित थे। शुभारम्भ कार्यक्रम के बाद स्थानीय कार्यक्रम में इनोवेशन, साइंस एंड टेक्नोलॉजी, थ्राइविंग एंड सस्टेनेबल इकोनॉमी और युवाओं की उपयोगिता-विकसित भारत @ 2047 विषयों पर छात्रों की सहभागिता के साथ विशेषज्ञों के पैनल डिस्कशंस आयोजित हुए। प्रथम सत्र में इनोवेशन, साइंस एंड टेक्नोलॉजी के पैनल डिस्कशन में सुनील कुमार, प्रोफेसर अजय सिंह, प्रोफेसर जी. दीक्षित, वर्द्धमान सोनी एवं प्राची अग्रवाल ने चर्चा के दौरान विज्ञान और प्रौद्योगिकी को विकास की शक्ति और युवाओं के नेतृत्व को उसका आधार बताया है।



## 'देश का समग्र विकास कर भारत को विकसित बनाने के लिए तत्पर है सरकार'



**बेगूसराय।** केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार देश को विकसित बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं-परियोजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान तक बैठे लोगों का समग्र विकास कर रही है। मोदी सरकार का एकमात्र लक्ष्य है 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार करीब 34 करोड लोगों को आयुष्मान कार्ड दे चुकी है। 80 करोड लोगों को पीएम गरीब कल्याण योजना के तहत प्रत्येक माह अनाज दिया जा रहा है। पीएम उज्जवला योजना से दस करोड़ 35 लाख लोगों को गैस कनेक्शन दिए गए। 2014 में एलपीजी कनेक्शन की संख्या मात्र 14 करोड़ थी, आज 33 करोड लोग एलपीजी गैस का उपयोग कर रहे हैं। 12 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना का लाभ दिया जा रहा है।

## फास्ट न्यूज

### आठ डीएसपी बने एएसपी, अधिसूचना जारी

**पटना।** राज्य सरकार ने 8 डीएसपी को एएसपी बनाया है। इस संबंध में बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार सरकार ने अस्थाई स्थानापन्न कार्यकारी व्यवस्था के तहत बिहार पुलिस सेवा के इन पदाधिकारियों को अपर पुलिस अधीक्षक के वेतनमान वेतन स्तर 12 के अस्थाई स्थानापन्न कार्यकारी प्रभार दिया गया है। सरकार ने प्रवेंद्र भारती, प्रेमचंद सिंह, रहमत अली, शेख मो. अलाउद्दीन, संजय कुमार, संजय कुमार पांडेय, प्रेम सागर और राम पुकार सिंह को डीएसपी से एएसपी बनाया है।

### राज्यपाल ने मोहन यादव को सरकार बनाने का न्योता दिया

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने मोहन यादव को सरकार बनाने का न्योता दिया। इससे पहले राज्यपाल ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मंत्रिमण्डल का त्यागपत्र स्वीकार कर लिया। भाजपा विधायक दल की बैठक में उज्जैन दक्षिण विधानसभा सीट से चुने गए विधायक मोहन यादव को प्रदेश का मुख्यमंत्री मनोनीत किया गया। बैठक के बाद मोहन यादव राजभवन पहुंचे और राज्यपाल से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। उन्हें मंत्रिमंडल गठन के लिए आमंत्रित किया।

# हम सदैव कश्मीर के हैं और कश्मीर हमारा: शाह



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**राज्यसभा** में सोमवार को जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023 पर चर्चा के दौरान अमित शाह ने जेडीयू सांसद मनोज झा को अपने कहे पर सफाई देने को मजबूर कर दिया। दरअसल, सदन में चर्चा के दौरान जेडीयू सांसद मनोज झा अपना पक्ष रखने के लिए खड़े हुए। उन्होंने अपने संबोधन के शुरूआत में आसन को संबोधित करते हुए कहा, ''सर, आज कश्मीर पर चर्चा हो रही है और इस सदन में कश्मीर का कोई नहीं है।'' यह सुनते ही केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह अपने स्थान पर खड़े हुए और मनोज झा से असहमति जताते हुए कहा कि मनोज झा को अपना पक्ष रखना चाहिए। हमारा पक्ष रखने का अधिकार उनको नहीं है। शाह ने आसन के माध्यम से मनोज झा से कहा कि हम सदैव कश्मीर के हैं और कश्मीर हमारा है। इस देश के हर व्यक्ति का कश्मीर है और हर कश्मीरी का यह देश है। इसके बाद झा ने अपने बयान पर सफाई दी। उन्होंने कहा कि वह कहना चाहते हैं कि जम्मू-कश्मीर राज्य से इस सदन में कोई प्रतिनिधि नहीं है।

## अनुच्छेद 370 हटाना संवैधानिक रूप से सही: अमित शाह

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए सोमवार को कहा कि अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में शांति और सामान्य स्थिति लौट आई है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आज के फैसले ने साबित कर दिया है कि अनुच्छेद 370 को हटाने का फैसला पूरी तरह से संवैधानिक था। गृह मंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के बाद आए बदलावों का उल्लेख किया और अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।



# बंद हो जाएगी दिल्ली की गांधी नगर मार्केट!

## उग्र प्रदर्शन करने वाले व्यापारियों ने क्यों दी ये धमकी...

**सबसे बड़ी मार्केट**

8 गांधी नगर कपड़ा मार्केट एशिया की सबसे बड़ी थोक मार्केट मानी जाती है।





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
पूर्वी दिल्ली के गांधी नगर में व्यापारियों ने उग्र प्रदर्शन किया है। व्यापारियों ने इस दौरान निर्धारित मानदंडों के विपरीत कचरा उठाने के लिए एमसीडी यूजर चार्ज वसूलने के खिलाफ कपड़ा बाजार बंद करने की धमकी भी दी। गांधी नगर कपड़ा मार्केट एशिया की सबसे बड़ी थोक मार्केट मानी जाती है।

**बेतरतीब ढंग से वसूल रही यूजर चार्ज :** गांधी नगर वार्ड पार्षद प्रिया कंबोज के साथ शामिल हुए लगभग 100-150 दुकानदारों ने बाजार में प्रदर्शन किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि एमसीडी नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों से बेतरतीब ढंग से 1,000 रुपये का यूजर चार्ज वसूल रही है। भाजपा पार्षद ने कहा कि एमसीडी नियमों का पालन किए बिना गांधी नगर बाजार में दुकानदारों से बेतरतीब ढंग से 1,000 रुपये का उपयोगकर्ता शुल्क वसूल कर रही है। संग्रह प्रक्रिया में कुप्रबंधन है, क्योंकि दुकानदारों से उनकी दुकान के आकार की परवाह किए बिना शुल्क लिया जा रहा है।

**यह है वसूली का नियम:** नगर निगम ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के अनुसार, वाणिज्यिक संपत्तियों को भूखंड के आकार या उसकी बैठने की क्षमता के आधार पर 500 रुपये से 5,000 रुपये तक उपयोगकर्ता शुल्क देना पड़ता है। बीजेपी पार्षद ने दावा किया कि यूजर चार्ज देने से इनकार करने पर इलाके के दुकानदारों पर एमसीडी अधिकारी भारी चालान काट रहे हैं। इस दौरान दावा किया गया कि यूजर चार्ज देने से इनकार करने पर इलाके के दुकानदारों पर एमसीडी अधिकारी भारी चालान काट रहे हैं। दुकानदारों ने उपयोगकर्ता शुल्क वापस लेने की मांग की क्योंकि एमसीडी पहले से ही संपत्ति कर के साथ भुगतान किए जाने वाले अन्य घटकों के अलावा पार्किंग शुल्क, रूपांतरण शुल्क वसूलती है।

**बाजार बंद करने की धमकी**
उन्होंने मांग पूरी नहीं होने पर गांधी नगर बाजार बंद करने की धमकी दी। एक दुकानदार ने कहा कि हम पहले से ही पार्किंग शुल्क और रूपांतरण शुल्क का भुगतान कर रहे हैं। हमारी मांग है कि एमसीडी यूजर चार्ज हटा दे अन्यथा हम बाजार बंद कर देंगे। भाजपा पार्षद कंबोज ने कहा कि वह इस मुद्दे पर चर्चा के लिए जल्द ही मेयर शैली ओबेरॉय से मिलेंगी।

# स्पेशल सेल ने दो अंतरराज्यीय ड्रग्स तस्करों को किया गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने दो अंतरराज्यीय ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से करीब एक करोड़ रुपये मूल्य की 3.4 किलो अफीम बरामद की गई है। दोनों झारखंड के रांची और बिहार के विभिन्न इलाकों से अफीम खरीदकर उसे दिल्ली-एनसीआर व आसपास के राज्यों में अपने सहयोगियों को आपूर्ति कर रहे थे। दोनों पिछले पांच वर्षों से मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त थे। डीसीपी स्पेशल सेल इंगित प्रताप सिंह के मुताबिक गिरफ्तार किए तस्करों के नाम सियाराम व दिनेश हैं। दोनों, यूपी के जौनपुर के रहने वाले हैं।

**अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन के पास करेगा आपूर्ति:** स्पेशल सेल की टीम जांच कर ही रही थी कि तीन दिसंबर को फिर सूचना मिली कि सियाराम अपने एक साथी के साथ अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन के पास अपने सहयोगियों को नशीली दवाओं की बड़ी खेप आपूर्ति करने आएगा। इसके बाद एसीपी नीरज कुमार संजय दत्त, सुनील कुमार, इंस्पेक्टर मनेंद्र सिंह, सुनील कुमार के नेतृत्व में एएसआइ प्रदीप, प्रेम प्रकाश, राजेश राणा, हवलदार मनीष, अतुल, रवि, मुकेश, अमित कुमार, संजय, राकेश कुमार और रवींद्र की टीम ने अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन के पास से सियाराम और दिनेश उस समय दबोच लिया। जब वे बस से उतरने के बाद एक आटोरिक्शा में चढ़ रहे थे। दोनों के हाथ में स्लिंग बैग थे। उनके बैग की जांच करने पर 3407 किलोग्राम अफीम बरामद की गई। पुलिस का दावा है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत एक करोड़ रुपये हो सकती है। स्पेशल सेल ने एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। सियाराम छठी कक्षा तक पढ़ा है। वह पहले पान मसाला का व्यवसाय करता था। गरीबी और जल्द पैसा कमाने के लिए उसने दिनेश के साथ मिलकर ड्रग्स की तस्करी शुरू कर दी। वह झारखंड के रहने वाले बिरसा से अफीम खरीदता था और उसे दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा में अपने संपर्कों को आपूर्ति करता था।

**अंतरराज्यीय ड्रग्स सिंडिकेट का चला पता**

**स्पेशल** सेल को सूचना मिली कि सियाराम नाम का शख्स अंतरराज्यीय ड्रग्स सिंडिकेट संचालित कर रहा है। मुखबिरों और तकनीकी जांच से इनपुट को विकसित करने पर पता चला कि सियाराम झारखंड के रांची व बिहार के विभिन्न इलाकों से अफीम खरीद रहा था और फिर उसे दिल्ली-एनसीआर सहित कई राज्यों में अपने सहयोगियों को आपूर्ति कर रहा है।

# दंगे में दुकान जलाने के मामले में शाहनवाज समेत 10 लोग बरी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दंगे में दुकान जलाने के एक मामले में कड़कड़डूमा कोर्ट ने मोहम्मद शाहनवाज समेत 10 लोगों को बरी कर दिया। 24 फरवरी 2020 को चमन पार्क में मुकेश कुमार की हार्डवेयर की दुकान में दंगाइयों ने आग लगाई थी। इसमें मुख्य गवाह पीड़ित और उसकी बहन थी। दोनों के विरोधाभासी बयानों को आरोपितों के वकील ने बचाव का आधार बनाया था। पुलिस कर्मियों की देर से गवाही को भी मुद्दा बनाया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचल के कोर्ट ने इसमें निर्णय सुनाया है। ये आरोपित इससे पहले दो अन्य मामलों में बरी हो चुके हैं।

# जेल में ही मनेगा मनीष सिसोदिया का नया साल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को राहत नहीं दी है। कोर्ट ने उनकी न्यायिक हिरासत सोमवार को 10 जनवरी तक बढ़ा दी है। कोर्ट ने मामले को 10 जनवरी को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की है और साथ ही प्रवर्तन निदेशालय के वकील को इससे संबंधित अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करने की अनुमति भी दी। बीती 21 नवंबर को कोर्ट ने मनीष सिसोदिया और अन्य की न्यायिक हिरासत 11 दिसंबर तक बढ़ा दी थी। अभी वह तिहाड़ जेल में बंद हैं। दिवाली के दिन राउज एवेन्यू कोर्ट की अनुमति के बाद दिल्ली पुलिस पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को उनकी बीमार पत्नी से मिलवाने के लिए घर लेकर पहुंचे थे। दिल्ली कोर्ट ने सिसोदिया को छोटी दिवाली के दिन सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक मिलने की अनुमति दी थी। पत्नी से मिलने के बाद वे फिर से पुलिस वाहन में तिहाड़ चले गए। इससे पहले हाईकोर्ट ने जून में भी उन्हें पत्नी सीमा से मिलने की अनुमति दी थी, लेकिन वह मुलाकात नहीं कर सके थे। उस समय पत्नी की तबीयत अचानक खराब होने के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सीमा मल्टीपल स्केलेरोसिस से पीड़ित हैं। सिसोदिया ने एक आवेदन दायर कर हिरासत में रहते हुए अपनी बीमार पत्नी से पांच दिनों की अवधि के लिए मिलने की अनुमति मांगी थी। विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने कल सिसोदिया की अर्जी पर सुनवाई की थी। कोर्ट दिल्ली एक्साइज पॉलिसी से जुड़े सीबीआई और ईडी के मामलों की सुनवाई कर रही है।

# पर्यावरण और ऊर्जा सामग्री विषय पर सेमिनार का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
पर्यावरण विज्ञान और अनुसंधान विभाग, शारदा विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा द्वारा 4 दिवसीय (6 - 9 दिसंबर, 2023) "दूसरा, पर्यावरण और ऊर्जा सामग्री पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन" का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में पर्यावरण संरक्षण, पर्यावरण को सुधारने के लिए अपनाए जा रहे विकल्पों और समाधानों, पर्यावरण को लेकर हो रहे नए इनोवेशन और नीतियों आदि पर चर्चा की गई। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में देश-विदेश के मशहूर पर्यावरणविद्वों और वैज्ञानिकों ने शिरकत की। सम्मेलन में मलेशिया, साउथ कोरिया, पोलैंड, सऊदी अरब, जर्मनी,यूरोप और एशिया के कुल 15 देशों के नामचीन वैज्ञानिको ने हिस्सा लिया। साथ ही 200 से अधिक वक्ताओं ने प्रतिभाग कर अपने तर्क और सुझाव रखे। सम्मेलन के संयोजक प्रो. प्रमोद कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष ने कहा कि पर्यावरण असंतुलन एक विश्वव्यापी गंभीर समस्या बनती जा रही है। पर्यावरण का संरक्षण हमारा नैतिक कर्तव्य है। पर्यावरण को संरक्षण के लिए प्रभावी कदम उठाने होंगे।
उन्होंने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण हेतु ऊर्जा के क्षेत्र में विज्ञान के दृष्टिकोण से वैज्ञानिक समझ पैदा करना और समस्या व सुझाव पर गहन चर्चा था। सम्मेलन में सभी ने इस बात पर बल दिया कि सभी को एकजुट होकर वैश्विक स्तर पर सोचना चाहिए और स्थानीय स्तर पर कार्य करना चाहिए। जल, जमीन और जंगल के साथ जन का समन्वय होना आवश्यक है तभी हम पर्यावरण का संरक्षण कर पाएंगे। विश्वविद्यालय के संस्थापक पी. के. गुप्ता तथा कुलपति प्रो. सिबाराम खरा ने सम्मेलन की अभूतपूर्व सफलता के लिए सभी को बधाई दी है और भविष्य में इस तरह के सम्मेलन को और ज्यादा आयोजित करने का आश्वासन दिया है।


# राष्ट्रीय लोक अदालत में करीब दो लाख मामलों का हुआ निपटारा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण (डीएसएलएसए) की ओर से आयोजित लोक अदालत में निपटारे के लिए आए कुल 2,06,852 मामलों में 1,72,402 मामलों का निपटारा हुआ और कुल 1393.40 करोड़ रुपये की समझौता किया गया। इसमें सबसे अधिक मामले वाहनों के चालान के आए, लोगों ने दो हजार के स्थान पर दो सौ रुपये का चालान जमा कर छुटकारा पाया। ट्रैफिक चालान के 1,57,236 मामले निपटान के लिए आए थे। इसमें 1,46,310 मामलों का निपटान किया गया। दिल्ली हाई कोर्ट में लगी लोक अदालत की बेंच ने 30 में से 28 मामलों का निपटान किया। डीएसएलएसए के अधिकारियों ने बताया कि सभी प्रकार के सिविल और आपराधिक समझौता योग्य मामलों से निपटने के लिए सात जिला न्यायालय परिसरों, हाई कोर्ट, राज्य और जिला उपभोक्ता निवारण आयोगों में कुल 329 लोक अदालत पीठों का गठन किया गया था। राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान दिल्ली हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन, उपप्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय गर्ग, डीएसएलएसए के सदस्य सचिव मुकेश कुमार गुप्ता ने व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए व्यक्तिगत रूप से पटियाला हाउस कोर्ट, कड़कड़डूमा कोर्ट परिसर का दौरा किया।

## हाईकोर्ट के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे संजय सिंह

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद और नेता संजय सिंह की याचिका पर सुनवाई को स्थगित कर दिया है। आप नेता दिल्ली हाईकोर्ट के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं, जिसमें दिल्ली आबकारी नीति (2021-22) घोटाला मामले में उनकी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देने वाली याचिका हाईकोर्ट द्वारा खारिज कर दी गई थी। मामले में सुनवाई 5 फरवरी को होगी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एसवीएन भट्टी की पीठ ने संजय सिंह की याचिका पर ईडी को जवाब दाखिल करने को कहा है।




# चांदनी चौक के ड्राइ फ्रूट्स व्यापारी पर चाकू से हमला



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
रूप नगर के एक ड्राई फ्रूट कारोबारी से गन प्वाइंट पर लूटने व उन पर गोली चलाने में शामिल एक बदमाश को दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। 30 नवंबर को दो बदमाश ने वारदात को अंजाम दिया था। इनके पास से दो अवैध पिस्टल, पांच कारतूस व एक बुलेट बाइक बरामद की गई है। बदमाश पहले के 15 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।
विशेष आयुक्त क्राइम ब्रांच रवींद्र सिंह यादव के मुताबिक गिरफ्तार किए गए बदमाश का नाम मोहम्मद शफीक है। वह सेक्टर-छह, नरेला का रहने वाला है। उसने चांदनी चौक के एक ड्राई फ्रूट व्यापारी के साथ लूटपाट और हत्या के प्रयास के मामले में वांछित था।

**थाने में की शिकायत:** 30 नवंबर को प्रेम नगर, शक्ति नगर के रहने वाले 64 वर्षीय व्यापारी ने रूप नगर थाने में शिकायत कर कहा था कि दो बदमाशों ने लूटपाट के दौरान उन पर हमला किया है। रात करीब सवा आठ बजे चांदनी चौक में अपनी ड्राई फ्रूट्स की दुकान बंद कर घर के लिए निकल गए थे।

**लघुशंका करने निकले कार से बाहर:** घर से करीब 40-50 मीटर दूर कार खड़ी करने पर जब वह लघुशंका के लिए बाहर निकले तब एक बदमाश ने उन पर चाकू से हमला कर दिया और उनका बैग छीनने की कोशिश की। उसी बीच उसके दूसरे साथी ने बुजुर्ग व्यापारी पर गोली चला दी, लेकिन गोली उन्हें नहीं लगी। बैग में नकदी, दुकान की चाबियां और महत्वपूर्ण कागजात थे। बैग लूटने के बाद दोनों बाइक से मौके से भाग गए। इस संबंध में रूप नगर थाना पुलिस ने बुजुर्ग व्यापारी की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया था।

**आरोपी के बारे में चला पता :** मामले की गंभीरता को देखते हुए अपराध शाखा को रूप नगर में हथियारों के बल पर लूटपाट के मामले को सुलझाने और बदमाशों को गिरफ्तार करने का काम सौंपा गया। पुलिस टीम ने घटना के सभी संभावित सीसीटीवी फुटेज चेक किए और संदिग्धों पर मैनुअल और तकनीकी निगरानी रखी गई, जिससे जांच से पता चला कि मोहम्मद शफीक ने वारदात को अंजाम दिया था। एसआई नरेंद्र सिंह को सूचना मिली कि गिरोह का मास्टरमाइंड मोहम्मद शफीक किसी अन्य अपराध को अंजाम देने के लिए हथियारों से लैस होकर बुलेट से हरीश चंदर अस्पताल, नरेला के पास आएगा। डीसीपी संजय भाटिया, एसीपी विवेक त्यागी, इंस्पेक्टर आलोक कुमार राजन व संजय कौशिक के नेतृत्व में एसआइ नरेंद्र सिंह, एएसआइ योगेश, वीरेंद्र, मनोज, अशोक, संदीप, हवलदार दिनेश, संजीव, राजवीर और विकेश की टीम ने वहां से मोहम्मद शफीक को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से दो पिस्टल, पांच कारतूस व बाइक बरामद की गई। पूछताछ में शफीक ने बताया कि उसने नरेला निवासी सरताज से दो पिस्टल, दो मैग्जीन और 14 कारतूस खरीदे थे। इन दिनों वह आर्थिक तंगी से जूझ रहा था इसलिए उसने अमन और एक अन्य साथी के साथ मिलकर चांदनी चौक के ड्राई फ्रूट्स व्यापारी को लूटने की योजना बनाई।

# 'विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें कड़ा परिश्रम करना होगा'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत। हरियाणा के** राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत@2047 आइडियाज पोर्टल लॉन्च करते समय कल्पना की, हमारे पास अपने साझा लक्ष्य को साकार करने के लिए पूरे समपर्ण और अटूट प्रतिबद्धता के साथ काम करने के लिए 24 वर्ष हैं। हमें लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मिलकर कड़ा परिश्रम करना होगा। श्री दत्तात्रेय ने यह बात आज हरियाणा राजभवन चंडीगढ़ में विकसित भारत@2047 विषय पर आयोजित सेमिनार में उपस्थित प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, रजिस्ट्रार व संकाय सदस्यों को कही। इस दौरान हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष श्री ज्ञान चंद गुप्ता भी कार्यशाला में मौजूद रहे।



उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में नया भारत बनाने का लक्ष्य एक महत्वाकांक्षी उद्देश्य है, जो देश के नागरिकों और नेतृत्व की सामूहिक आकांक्षाओं को दशार्ता है। यह एक ऐसे भविष्य की कल्पना करता है, जहां राष्ट्र अपनी वर्तमान चुनौतियों को पार कर व्यापक सामाजिक-आर्थिक प्रगति हासिल करेगा। राज्यपाल ने सभी वीसी को कहा कि सभी अपने प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में एक विजन @2047 सेल बनाएं, जो विशेष रूप से आज की अति महत्वपूर्ण कार्यशाला के लिए समर्पित हो। विकसित भारत पोर्टल तक सीधी पहुंच के लिए अपने विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर क्यूआर कोड डालें। हमें राष्ट्र के भावी कर्णधारों यानि अपने छात्रों को विकसित भारत के दृष्टिकोण पर अपने विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित करने की भी आवश्यकता है। इसके लिए उन्हें वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में सक्रिय भागीदार के लिए एक सोशल मीडिया अभियान शुरू किया जाना चाहिए। श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि सभी को अपने कॉलेज में प्रतिदिन की शुरूआत विकसित भारत पर विचार-विमर्श-मंथन के लिए दस मिनट का समय सुनिश्चित करना चाहिए। मुझे विश्वास है कि आप छात्रों से फीडबैक एकत्र करने के लिए एक समर्पित कक्ष बनाएंगे, जो, 11 दिसंबर से 25 दिसंबर की अवधि के लिए फीडबैक देंगे। हम छात्रों को चर्चा और संवाद में शामिल करके विकसित भारत उत्सव के लिए एक रोडमैप की शीघ्र योजना बनाएं तथा एनसीसी कैडेटों, एनएसएस स्वयंसेवकों और अन्य संगठनों के युवाओं को विकसित भारत उत्सव में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय और कॉलेज न केवल शिक्षण के मामले में उत्कृष्टता का केंद्र बनें, बल्कि देश की समावेशी विकास प्रक्रिया के एक मजबूत संचालक भी बनें हैं, जिससे वर्ष 2047 तक पोषित लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित हो सके। सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि छात्रों को विकसित भारत@2047 अभियान के लिए उनके विचारों का उद्देश्य स्पष्ट रूप से बताते हुए ईमेल भेजे जाएं और उनसे इस पर अपने महत्वपूर्ण सुझाव देने के लिए उन्हें प्रेरित किया जाए। राज्यपाल ने कहा कि कुलपतियों के साथ एक मसौदा ईमेल साझा किया जा रहा है। इसमें वेब पेज लिंक और क्यूआर कोड होगा। कुलपतियों को इस विश्वविद्यालयों के रिकॉर्ड में उपलब्ध छात्रों के ईमेल पर भेजना होगा।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ को लेकर मेगा कम्युनिटी कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया /संजय शर्मा**
**नारनौल, 11 दिसंबर। समाज** में बेटियों के प्रति सोच को बदलने के प्रयासों की कड़ी में आज महिला एवं बाल विकास विभाग की तरफ से राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मेगा कम्युनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में उपायुक्त मोनिका गुप्ता मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थी। इस मौके पर उपायुक्त ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो शहर के विभिन्न हिस्सों में लोगों को जागरुक करते हुए वापस स्कूल में पहुंची। मेगा कम्युनिटी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीसी ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बदलाव लाना है। बदलाव में बच्चों का भी अहम रोल है क्योंकि बच्चे



इस देश का भविष्य हैं। उन्होंने कहा कि आज हमारा देश विकसित भारत बनने की ओर अग्रसर है। इसके लिए जरूरी है कि समाज में बेटा बेटी का कोई भेदभाव ना हो। सरकार लगातार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बालिकाओं की शिक्षा व उत्थान के लिए प्रयासरत है। सरकार के साथ-साथ समाज को भी इस कार्य में आगे आना होगा। यह मैराथन राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल से शुरू होकर शहर में होते हुए वापस वहीं पर संपन्न हुई। इस दौरान 1000 से अधिक छात्राओं ने हाथों में तख्तियां लेकर बेटी बचाने का संदेश फैलाया । उन्होंने कहा कि जिला में लोगों की सोच में बदलाव लाने के लिए ही हमारी लाडो हमारी शान कार्यक्रम भी लगातार चलाया जा रहा है जिसके माध्यम से कन्या के जन्म लेने पर कुआं पूजन की परंपरा शुरू की गई है। इस अभियान में सभी का सहयोग जरूरी है।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश देते हुए वॉकाथोन का विधायक ने किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत। बेटी बचाओ बेटी** पढ़ाओ के संदेश के साथ बेटियों के उत्साहवर्द्धक वॉकाथोन का मुख्य अतिथि के रूप में गन्नौर की विधायक निर्मल चौधरी ने शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह स्वप्न है जिसे हरियाणा साकार रूप प्रदान कर रहा है। पानीपत में प्रदेश की धरती से 22 जनवरी, 2015 को इसकी शुरूआत स्वयं प्रधानमंत्री ने की थी, जिसके बाद हरियाणा में लिंगानुपात की स्थिति सुदृढ़ हुई। आज भी इस अभियान को एकजुटता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में



बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के आठ वर्ष पूर्ण होने पर वॉकाथोन का आयोजन किया गया, जिसकी शुरूआत राजकीय वरिष्छ्द माध्यमिक विद्यालय मुरथल अड्डा से की गई। वॉकाथोन में हजारों बेटियों ने हिस्सा लेते हुए नगरवासियों को बेटियों की शिक्षा व संरक्षण के प्रति जागरूक किया। बेटियां नारे लगाती हुई देवड़ू रोड स्थित ऋषिकुल विद्यापीठ में पहुंची, जहां उनके सम्मान में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक निर्मल चौधरी ने बेटियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस अभियान के सकारात्मक परिणाम मिले हैं। विभिन्न विभागों ने मिलकर लिंगानुपात की स्थिति को सुधारने का काम किया है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस दिशा में सक्रिय रहे हैं, जिन्होंने महिला सशक्तिकरण बिल पारित करवाया। इसका सीधा लाभ महिलाओं को मिलेगा, जिससे वे राजनीति के क्षेत्र में और मजबूती के साथ आगे बढ़ सकेंगी। सरकार ने बहुत-सी योजनाओं के माध्यम से अभियान को गति दी है। विधायक निर्मल चौधरी ने कहा कि बेटियां कमजोरी नहीं, मजबूत हैं। अगर बेटियां मन में ठान लें तो कुछ भी कर सकती हैं। उन्होंने राष्ट्रपति के साथ अपना उदाहरण भी प्रस्तुत किया। बात तार्किक व सही हो तो बेटियां अपनी बात मनवा सकती हैं। बेटियों को बहुत अधिकार दिए गए हैं, जिनका दुरुपयोग भी नहीं होना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि अब बेटों को संस्कार देने की जरूरत है। हमें बेटा-बेटी में कोई फर्क नहीं करना चाहिए। बेटी दो घरों को रोशन करती है जो परिवार की धुरी होती है। इस दौरान उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने बेटियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे रोल मॉडल बनने की दिशा में आगे बढ़ें, ताकि गर्व से कहें कि वे बेटी हैं और अपनी मेहनत से आगे बढ़ी हैं। बेटियों देश का भविष्य हैं, जिन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर आगे बढ़ते रहना है। साथ ही उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के आठ वर्ष पूर्ण होने की भी बधाई दी। इसके पहले कार्यक्रम की संयोजक डीपीओ प्रवीण कुमारी ने विस्तार से अभियान की जानकारी दी।

# गांव चटिया देवा व भिगान में विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/ गन्नौर(सोनीपत)। गन्नौर से विधायक** निर्मल चौधरी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव भिगान में आयोजन जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य केंद्र तथा प्रदेश सरकार की योजनाओं के सभी पात्र लाभार्थियों को लाभ पहुंचाना है। किसी कारणवंश नागरिक को योजनाओं का लाभ नही मिला हैं तो उनका मौके पर ही फार्म भर कर उन्हे योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करवाना है। घर द्वार पर मिली इस सुविधा के लिए लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताया है। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने इस यात्रा को जनसंवाद से जोड़ा है जिसके माध्यम से उनकी शिकायतें व समस्याएं भी सुनी जा रही है और उनका समाधान भी किया जा रहा है। इस दौरान सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं शामिल हैं, जिन्हें इस यात्रा के माध्यम से जनता के समक्ष रखा जा रहा है। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 1.80 लाख रुपये की वार्षिक आय वाले परिवारों की लड़कियों के लिए कॉलेजों में मुफ्त शिक्षा की घोषणा की। इसके अलावा, सरकार 1.80 लाख रुपये से तीन लाख रुपये तक की आय वाले परिवारों की लड़कियों की कॉलेज फीस का आधा हिस्सा भी वहन करेगी।

# सड़कों पर अवैध रूप से बने स्पीड ब्रेकर बन रहे लोगों के जी का जंजाल



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल। नारनौल शहर** के विभिन्न मार्गो में बने हुए अवैध स्पीड ब्रेकर लोगों के लिए जी का जंजाल बन गए हैं। इन स्पीड ब्रेकरों के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। शहर के अंदर की सड़कों पर यह स्पीड ब्रेकर अवैध रूप से बनाए गए हैं। जिसके कारण अब लोगों को इसे परेशानी हो रही है। लोगों का कहना है कि कई जगह इतनी स्पीड ब्रेकर बना दिए गए हैं कि इन रास्तों में से वाहन चलाना भी बड़ा मुश्किल हो गया है। नगर परिषद द्वारा नारनौल में विभिन्न मार्गो पर बनाए गए स्पीड ब्रेकर जिन पर रोज दुर्घटनाएं हो रही है, उन पर पेंट कराने व रात के समय चमकने वाली लाइटें लगाने के लिए अमर सिंह पार्षद वार्ड नंबर 22 की सोशल मीडिया के माध्यम से गुहार की है। उन्होंने श्रीमती कमलेश सैनी, चेयरपर्सन नगर परिषद नारनौल व श्रीमती वैशाली सिंह डीएमसी नारनौल से उनका अनुरोध है कि नारनौल नगर परिषद के क्षेत्र में जितने भी स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं, उन पर हर रोज दुर्घटनाएं हो रही है। इसलिए इन स्पीड ब्रेकरों पर पर सफेद रंग की पट्टी और रात के समय लाल रंगीन छोटे-छोटे सोलर पॉइंट लगवाएं ताकि हर रोज इन ना दिखाई देने वाले स्पीड ब्रेकरों पर हो रही दुर्घटनाओं से बचा जा सके। स्पीड ब्रेकर बनने से वैसे दुर्घटनाएं कम हो रही है, परंतु बिना निशान के अब यही स्पीड ब्रेकर ही दिखाई नहीं देने के कारण दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। इसलिए इन स्पीड ब्रेकर पर निशान व रात कैसे में चमकने वाली लाइट अवश्य लगे ताकि दूर से पता चले कि आगे स्पीड ब्रेकर बना हुआ हैं।

# बराही ने नेक कमाई से कराया 6 लोगों की आंखों का ऑपरेशन

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़। भाजपा नेता जिला** पार्षद रविंद्र छिल्लर बराही द्वारा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव किसान बंधु ओमप्रकाश धनखड़ से प्रेरणा लेकर हर रविवार को बहादुरगढ़ हलके में निशुल्क नेत्र जांच कैंप लगाकर जांच के उपरांत अपनी नेक कमाई से लोगों की आंखें बनवाने का सेवा कार्य निरंतर जारी है। भाजपा नेता रविंद्र छिल्लर बराही ने अपनी नेक कमाई से परफेक्ट लेजर आई सेंटर अस्पताल द्वारका दिल्ली में 6



लोगों की आँखों का ऑपरेशन कराया है। भाजपा नेता जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर द्वारा लगाए जा रहे नेत्र जांच कैंप में जांच के उपरांत इन लोगों को आंखों की ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया था जिनका नेक कमाई से ऑपरेशन कराया गया है। लाभार्थियों ने भाजपा नेता जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर बराही द्वारा नेक कमाई से लगाए जा रहे नेत्र जांच कैंप,फ्री आँखों के चश्मे देने व ऑपरेशन के लिए चिन्हित किए गए लोगों की आँखों का ऑपरेशन भी अपनी नेक कमाई से कराने के कार्य की सराहना की।

लाभार्थियों ने कहा कि भाजपा नेता रविंद्र छिल्लर बहादुरगढ़ हलके में समाज हित व जनहित के कार्यों में हमेशा अग्रणी रहते है। इस अवसर पर भाजपा नेता रविंद्र छिल्लर बराही ने कहा कि हलके के लोगों की सेवा करना हमारी पहली प्राथमिकता है।

# दावेदारी को लेकर सोनीपत में फरवरी में होगा बड़ा सम्मेलन : सैनी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत पिछड़े वर्गों** के अधिकारों एवं हितों को लेकर आल इण्डिया कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं उतर प्रदेश के प्रभारी अनिल सैनी एडवोकेट ने जींद स्थित निजी होटल में पत्रकार वार्ता की। उनके साथ महिला नेत्री किरण सैनी,पूर्व प्रवक्ता सुशील सैनी रोहतक, सैनी धर्मशाला जींद के प्रधान जिलेसिंह हैबतपुर, सोशल वर्कर सुरेन्द्र कुमार वर्मा (डीआईपीआरओ रिटायर्ड) व राजा सैनी, राजपाल सैनी, कमल चौहान, प्रमोद सिंह पुरिया भी मौजूद रहे। जनसेवक अनिल सैनी एडवोकेट ने कहा कि हरियाणा व देश में वर्ष 2024 के चुनाव में पिछड़े वर्गो को हरियाणा में लोकसभा की चार सीटें



व राज्य की प्रत्येक लोकसभा से चार-चार विधानसभा सीटें दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कुरूक्षेत्र, गुरूग्राम, फरीदाबाद व सोनीपत लोकसभा सीटों पर पिछड़े वर्गो का आबादी के हिसाब से हक बनता है। इसी प्रकार हरियाणा में प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र से चार-चार विधानसभा सीटें का अधिकार बनता है। इनमें पिछड़े वर्ग के लिए सोनीपत लोकसभा सीट के साथ विधानसभा सीटें जैसे गोहाना,जींद व सफीदों का भी दावा मजबूत बनता है जो पिछड़े वर्गों को दी जानी चाहिए। पिछड़े वर्गों के हितों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि फरवरी माह के अन्तिम सप्ताह में लोकसभा के हिसाब से सोनीपत में पिछड़े वर्गो का बड़ा सम्मेलन होगा। इसमें पिछड़े वर्गों ए व बी श्रेणियों के लोग भाग लेगें और सोनीपत से अपनी दावेदारी को मजबूत बनाने के लिए अपनी शक्ति दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में प्रथम व द्वितीय श्रेणी की सरकारी नौकरियों में पिछड़े वर्गो को कम से कम 27 प्रतिशत ( 16/11)के हिसाब से आरक्षण का प्रावधान करने और पिछड़े वर्गो के तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को प्रमोशन में आरक्षण एस सी /एस टी की तर्ज पर देने की मांग भी उठाई। उन्होंने कहा कि वे जल्द ही हरियाणा प्रदेश के पिछडा. वर्ग के प्रतिनिधि मंडल के साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे,सोनिया गांधी, राहुल गांधी जैसे बड़े नेताओं आदि से मुलाकात कर पिछड़े वर्गो की मांगों,हितों व अधिकारों से युक्त ज्ञापन देने का काम करेंगें। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों वे दिल्ली में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी दीपक बावरिया व राष्ट्रीय महासचिव पूर्व केन्द्रीय मंत्री कुमारी शैलजा से मिले थे और उनको आकडो. सहित सभी राजनीतिक परिस्थितियों से अवगत करवाया था ताकि लोकसभा व विधानसभा चुनावों में पिछड़े वर्गो ए व बी श्रेणियों को आबादी के अनुपात में उनके राजनीतिक हिस्से अनुसार टिकटें दी जा सकें और वर्षो से उपेक्षित पिछड़े वर्गो एवं कमजोर वंचित वर्गों भी का कल्याण सम्भव हो सके।

# शराब ठेके के सामने खड़े कैंटर का पार्ट चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत। राई थाना** क्षेत्र के गांव असावरपुर में शराब ठेके के बाहर खड़े कैंटर का पार्ट चोरी होने का मामला सामने आया है। कैंटर मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव असावरपुर निवासी विरेंद्र सिंह ने बताया कि उसने अपने कैंटर को गांव स्थित शराब ठेके के बाहर खड़ा किया था। किसी ने कैंटर का ईसीएम चोरी कर लिया। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

# स्कूल के बच्चों को अग्नि व आपातकालीन सुरक्षा के लिए किया जागरूक

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) किड्जी** कल्याण नगर और सेंट जेवियर्स कॉन्वेंट स्कूल के नन्हें-मुन्नें बच्चो व स्कूल स्टाफ को अग्नि व आपातकालीन सुरक्षा के लिए जागरूक किया गया। सोमवार को धर्मनगरी के अग्निशमन अधिकारी सुरेश कुमार मान के निदेर्शानुसार फायर स्टेशन कुरूक्षेत्र की टीम ने स्कूल मे पहुंची। फायरमैन गुरप्रीत सिंह ने अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत सभी को अग्निशमन यन्त्र चलाना सिखाया। उन्होंने इन अग्नि शमन यंत्रो की सहायता से आग को काबू करना, आग को बुझाना भी सिखाया। उन्होंने बताया कि आग लगने पर या अन्य किसी इमरजेंसी में नजदीकी फायर स्टेशन पर कॉल कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। इसके लिए डायल 112 पर कॉल कर समुचित जानकारी दें, ताकि समय पर फायर टीम मौके पर पहुंच कर आग बुझाने व राहत कार्य करना शुरू कर सके। उन्होंने बताया कि यदि सड़क पर चलती फायर गाड़ी देखें, तो तुरंत उसको रास्ता दें। उन्होंने बताया कि आग से कभी नहीं खेलना चाहिए। सर्दी शुरू हो गई है, बंद कमरे में अंगीठी न जलाएं। अग्जनी के बड़े कारणो में से एक कारण सर्दियों में अंगीठी होती है। दूसरा अंगीठी से दमघोटू गैस निकलती है, जिससे जान भी जा सकती है। उन्होंने जागरूक करते हुए कहा कि आग से बचना और बचाना है, हम सब ने ये ठाना है। हम सब ने एक कदम सुरक्षा की ओर बढ़ाना है, अग्नि शमन यंत्रो को दोस्त बनाना है। मॉकड्रिल में आग लगाई गई और अग्निशमन यंत्रो की सहायता से बुझाई गई। स्कूल स्टाफ ने आग को स्वयं बुझाना सीखा। स्कूल की प्रिंसीपल एकजोत कौर ने अग्निशमन केंद्र अधिकारियों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# सहसचिव के पद पर आए दिनेश शर्मा के नामांकन पर नहीं हुआ फैसला

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर गन्नौर** बार एसोसिएशन के चुनाव में सहसचिव के पद पर दिनेश शर्मा द्वारा किए गए नामांकन पर सोमवार को भी कोई फैसला नहीं हुआ। सोमवार को चुनाव अधिकारी सुशील त्यागी व एआरओ एडवोकेट संदीप त्यागी व एडवोकेट सुमित शर्मा व बार के वरिष्ठ अधिवक्ताओं की बैठक भी हुई, लेकिन बैठक के बाद दिनेश शर्मा सहसचिव पद के लिए चुनाव लड़ पाएंगे या नहीं इस पर फैसला नहीं लिया गया। चुनाव अधिकारी सुशील त्यागी ने बार वरिष्ठ अधिवक्ताओं पर फैसला छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में बार के वरिष्ठ अधिवक्ताओं की सहमति के अनुसार ही नामांकन पर फैसला लिया जाएगा। बता दें कि सहसचिव पद पर दिनेश शर्मा के प्रतिद्वंदी संदीप राठौर ने उनके नामांकन पर आपत्ती जताई थी। जिसके बाद चुनाव अधिकारी द्वारा बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा को पत्र लिख कर उनसे मार्गदर्शन मांगा गया था। इस संबंध में बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा ने स्पष्ट कर दिया था कि सहसचिव पद पर नामांकन करने के लिए बार में इनरोलमेंट करने की तिथि से लेकर आगमी तीन साल तक नियमित प्रेक्टिस करते रहना अनिवार्य है।

# बेटी के जन्म लेने का मतलब मां भगवती के जन्म लेने के समान है: संदीप गर्ग

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/ बाबैन (दलबीर मलिक )समाजसेवी** एवं नेता संदीप गर्ग द्वारा चलाई जा रही गर्भवती महिलाओं के लिए निःशुल्क डिलीवरी योजना हल्के की जनता के लिए वरदान साबित हो रही है। जिसके तहत गांव बीड़ सूजरा के रोहित सैनी के घर एक कन्या ने जन्म लिया। गांव बीड़ सूजरा के रोहित सैनी के घर पहुंचे समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि जिसके घर पर बेटी का जन्म होता है वह बहुत ही सौभाग्यशाली व्यक्ति व परिवार होता है। उन्होंने कहा कि बेटी के जन्म लेने का मतलब मां भगवती के जन्म लेने के समान है। उन्होंने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में किसी से काम नहीं है और बेटियों का पालन पोषण भी हर व्यक्ति को बेटों की तरह करना चाहिए, क्योंकि बेटियां आज हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। उन्होंने कहा कि उनकी ओर से जो गर्भवती महिलाओं के लिए डिलीवरी वैन की शुरूआत की गई थी। वह सभी के लिए अब वरदान साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में महिलाओं के लिए और भी योजनाएं चलाई जाएगी। जिससे लाडवा हल्के की महिलाओं को लाभ मिलेगा। वहीं उन्होंने बेटी हिमांशी को 1100 रूपए शगन के रूप में दिये। वहीं बेटी हिमांशी के पिता रोहित सैनी व माता अंजलि देवी ने समाजसेवी संदीप गर्ग का आभार जताते हुए कहा कि उनकी ओर से लाडवा हल्का ही नहीं अब तो कुरूक्षेत्र जिले में समाज व जनहित के कार्य करवाए जा रहे हैं। कार्यो की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है, क्योंकि नेता तो बहुत देखे हैं। परंतु इन जैसा निष्पक्ष भाव से सेवा करने वाला यह पहले नेता है। उन्होंने कहा कि 2024 में भले ही समाजसेवी संदीप गर्ग लोकसभा या विधानसभा के चुनाव लड़े उनकी जीत सुनिश्चित है।

## न्यूज फ्लैश

### मोबाइल चोरी करने वाला आरोपी काबू, मोबाइल बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**सीआईए** टू की टीम ने विश्वसनीय सूचना पर आरोपी विपुल कुमार पुत्र सतीश कुमार वासी सालवन को पिंगली चौक करनाल से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस तफ्तीश में पाया गया कि 7 मई की रात को शिकायतकर्ता रिंकू वासी रसिन के घर से दो एंड्रायड मोबाइल चोरी हुए थे। इस संबंध में अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना मधुबन में आईपीसी की धारा 457, 380 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमे की जांच में पाया गया कि आरोपी विपुल की मोबाइल की दुकान है, जिसको कोई अनजान आरोपी यह चोरी का मोबाइल बेचकर गया था। आरोपी विपुल को आज न्यायालय में पेश करके आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### अवैध हथियार सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**सीआईए** टू करनाल की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी सुनील उर्फ संधू पुत्र बलिंद्र सिंह वासी गढ़ी गुजरान करनाल को गढ़ी गुजरान से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 315 बोर का एक अवैध देशी पिस्तौल बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना इंद्री में शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस तफ्तीश में पूछताछ में पाया गया कि आरोपी स्मैक पीने का आदी है और यह असला आरोपी उत्तर प्रदेश से शौकिया तौर पर पंद्रह सौ रुपए में खरीद कर लाया था। आरोपी के खिलाफ पहले भी दो मुकदमें चोरी के दर्ज है। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### दो रोड़वेज कर्मचारियों पर रेप का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**करनाल** में एक कॉलेज की छात्रा ने हरियाणा रोडवेज के बस ड्राइवर व एक स्टेनो पर रेप का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों को जांच में शामिल करने से पहले बीती देर शाम को अस्पताल में उनका मेडिकल करवाया। मामला करीब 4 महीने पहले का है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर थे। अब उन्होंने कोर्ट से अग्रिम जमानत ले ली है।
कॉलेज छात्रा करनाल बस स्टैंड पर आया-जाया करती थी। इसी दौरान उसकी बस स्टैंड पर हरियाणा रोडवेज के ड्राइवर से जान पहचान हुई। यह जान पहचान आगे बढ़ती चली गई। ड्राइवर ने अपने साथी स्टेनो के साथ भी छात्रा की पहचान करवाई। पुलिस पीआरओ सचिन ने बताया कि बीते अगस्त माह में छात्रा घर वालों को बिना बताए ड्राइवर और स्टेनो के साथ घूमने के लिए गई थी। इसके बाद पुलिस ने परिजनों की शिकायत के आधार पर गुमशुदगी का मामला दर्ज किया था। बाद में जब छात्रा घर पर आई तो उसने अपने घर वालों को आपबीती बताई। इसके बाद छात्रा ने पुलिस को ड्राइवर और स्टेनो पर उसके साथ रेप करने के बयान दर्ज करवाए। सिविल लाइन थाना के प्रभारी विष्णु मित्र ने बताया मामला दर्ज होने के बाद दोनों आरोपी फरार चल रहे थे। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए जगह-जगह दबिश भी दी थी, लेकिन उनका कोई भी सुराग नहीं लग पाया था। अब दोनों ने अग्रिम जमानत ली। बीती शाम को दोनों पुलिस की जांच में शामिल हुए। दोनों से गहनता से पूछताछ की जा रही है।

### पुलिस की विभिन्न टीमों ने अवैध तरीके से शराब बेचने वालों पर कसा शिकंजा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**जिला** पुलिस द्वारा पुलिस महानिदेशक हरियाणा के आदेशानुसार व पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के कुशल निर्देशन में जिले में अवैध तरीके से शराब बेचने व बनाने वालों पर पूर्णतया शिकंजा कसा हुआ है। इस अभियान के तहत जिला पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा रविवार के दिन अवैध तरीके से शराब बेचने वाले कुल 43 आरोपियों को काबू कर गिरफ्तार किया गया और उनके खिलाफ अवैध तरीके से बिना लाइसेंस के शराब बेचने पर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमे दर्ज किए गए। आरोपियों के कब्जे से करीब 458 नाजायज देशी शराब बरामद की गई।
इस संबंध में थाना असंध में छह, बुटाना में दो, घरौंडा में एक, इंद्री में दो, शहर में पांच, सिविल लाइन में एक, सदर में छह, कुंजपुरा में तीन, मधुबन में चार, मुनक में एक, निगधु में दो, निसिंग में दो, रामनगर में चार, सेक्टर 32-33 में तीन और थाना तरावड़ी में एक मुकदमा दर्ज किए गए।

# आज के समय में नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे सर्वश्रेष्ठ प्रधानमंत्री: राणा

## गांव खांडा खेड़ी में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा शहीद की माता कुलवंत कौर को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। भाजपा** जिला अध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने सोमवार को असंध उपमंडल के गांव खांडा खेड़ी में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, क्षेत्रवाद को खत्म कर विकास की परिभाषा को बदला है, इससे दुनिया के दूसरे देशों में प्रधानमंत्री का रुतबा और देश की इज्जत, मान-सम्मान बढ़ा



है। उन्होंने कहा कि आज के समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे सर्वश्रेष्ठ प्रधानमंत्री हैं। हिंदुस्तान को 2047 में विकसित करने का जो सपना प्रधानमंत्री ने देखा है, उस सपने को आमजन के सहयोग के बिना पूरा नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को लोगों को बताने के लिए चलाई गई है। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों में जिस तरह से पारदर्शिता आई है उससे नौकरियों में सबका हक हुआ है। यह बदलाव प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की सोच के कारण ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि आने वाले कल में विकसित भारत किस तरह से बने यही मोदी जी का सपना है और इसको हम सब ने मिलकर बनाना है। असंध से पूर्व विधायक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता सण बख्शीश सिंह विर्क ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आमजन के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए आयुष्मान भारत योजना शुरू की थी जिसका विस्तार करते हुए मुख्यमंत्री ने चिरायु हरियाणा के नाम से योजना चला कर प्रदेश की 70 प्रतिशत आबादी को आयुष्मान भारत चिरायु हरियाणा के तहत लाभ प्रदान किया है। इस योजना में परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए 5 लाख तक के इलाज का प्रावधान किया गया है। यही नहीं लोगों को लाल डोरा मुक्त कर मालिकाना हक दिलाने का जो काम प्रदेश सरकार ने किया है, उसकी प्रशंसा स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है।

## करनाल में लॉरेंस गैंग का गुर्गा गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा।** करनाल की एसटीएफ यूनिट ने गैंगस्टर लॉरेंस गैंग के गुर्गे को अवैध हथियारों व जिंदा कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी गैंगस्टर लॉरेंस के भाई अनमोल बिश्नोई व सागर चौधरी के संपर्क में था। उसकी अनमोल व सागर से बातचीत भी होती रहती थी। जांच में पता चला कि वह अनमोल के कहने पर हथियार सप्लाई करता था। बीते कल भी आरोपी अपने ही गैंग के अन्य सदस्यों को हथियार सप्लाई करने के लिए जा रहा था, जिसे एसटीएफ ने करनाल के झिलमिल ढाबा के पास से काबू कर लिया। टीम द्वारा आरोपी को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से आरोपी को दो दिन के रिमांड पर भेज दिया। रविवार की शाम करीब चार बजे लॉरेंस गैंग का गुर्गा परमीत टीम के हत्थे चढ़ा था। परमीत पानीपत जिला के गांव मालपुर का रहने वाला है। उसने खुद को लॉरेंस गैंग का सदस्य बताया। एएसआई संदीप ने बताया है कि जब परमीत का बैग चेक किया गया तो उसके अंदर से एक देसी कट्टा 315 बोर व एक देसी पिस्टल 32 बोर बरामद हुई। 315 बोर का देसी कट्टा खोल कर चेक किया गया तो उसकी बैरल एक कारतूस से लोड पाई गई, जबकि देसी पिस्टल .32 बोर की मैगजीन में तीन कारतूस थे।
इन दोनों हथियारों को अनलोड किया गया और अपने कब्जे में लिया। सदर थाना के जांच अधिकारी नफे सिंह ने बताया कि आज आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## टेनिस टूर्नामेंट में अंडर-10 में गौरिश राणा ने पाया प्रथम स्थान

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। स्टेट** ओपन लॉन टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन 8 से 10 दिसंबर तक किया गया, जिसमें हरियाणा के अनेक जिलों की अकादमी से खिलाडि ?ों ने भाग लिया। यह टूर्नामेंट सुमित चौधरी कोच और पलविंदर सिंह के नेतृत्व में किया गया।



इस टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गौरिश राणा ने अंडर 10 में प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय विजेता अरव मलिक रहे। वहीं, अंडर 12 में प्रथम विजेता आरव मलिक और द्वितीय विजेता शिवम ग्रोवर, अंडर 14 में प्रथम विजेता शिवा शर्मा और द्वितीय विजेता आशी कश्यप, अंडर-16 में प्रथम विजेता शिव शर्मा और द्वितीय विजेता वंश पूनिया रहे। इन सभी खिलाडि ?ों द्वारा बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया गया। सभी खिलाडि ?ों को इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर मिसेज इंडिया शेली शर्मा ने शिरकत की।
शैली शर्मा द्वारा सभी विजेता खिलाडि ?ों को नगद पुरस्कार व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया व सभी खिलाडि ?ों के उज्जवल भविष्य की कामना कर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अकादमी की डायरेक्टर नीलम चौहान व सरदार अनंत पाल सिंह, अश्वनी मिश्रा प्रभारी युवा भारत, जसबीर राणा, राज कक्कड़, जेके शर्मा, राजेश, सचिन नरवाल आदि सभी अभिभावकगण मौजूद रहे।

## धोखाधड़ी के केस में 10 दिन पहले हुआ था गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। जिला** जेल के बंदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बंदी कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में भर्ती था। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और परिजनों को मामले की सूचना दे दी। परिजनों के आने के बाद मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में डॉक्टर्स के बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।
महाराष्ट्र के सुंदर नगर जिला के यशवंत नगर का रहने वाले 44 वर्षीय हरजीत सिंह उर्फ सोडी पर धोखाधड़ी व षड ?त्र की धाराओं में असंध थाना में मामला दर्ज हुआ था, जिसे पुलिस ने बीती 2 दिसंबर को ही गिरफ्तार किया था। पुलिस द्वारा आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया था और उसके बाद कोर्ट ने आरोपी हरजीत को जिला जेल में भेज दिया था।

## खेलों से बच्चों का होता है शारीरिक और मानसिक विकास: मेघा भंडारी

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा।** आज करनाल के सैक्टर-6 स्थित मॉम्स लैप प्ले स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के तौर पर वार्ड-8 से पार्षद मेघा भंडारी ने शिरकत की। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मुख्यातिथि को तिलक उनका लगाकर अभिनंदन एवं स्वागत किया। स्कूल की तरफ से प्रिंसिपल निधि गुलाटी ने मुख्यातिथि मेघा भंडारी को स्मृति चिन्ह एवं पौधा भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। वार्षिक खेल प्रतियोगिता में बच्चों ने रेसिंग एवं डांस में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सभी का मन मोह लिया। खेल प्रतियोगिता



में बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। बच्चों ने कई प्रतियोगितों में हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि मेघा भंडारी ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहेबच्चों को सम्मानित किया एवं उनके अभिभावकों को बधाई दी। इस मौके पर बच्चों को सम्बोधित करते हुए पार्षद मेघा भंडारी ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है। खेलों से बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास होता है। अभिभावकों को चाहिए कि वह अपने बच्चों को खेल प्रतियोगितों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करे। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन का स्वस्थ रहना बहुत जरुरी है। स्वस्थ जीवन में ही मानव जीवन की सफलता होती है।

## गांव उमरपुर में आयोजित हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। विधानसभा** क्षेत्र इन्द्री के गांव उमरपुर व चन्द्राव में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सोमवार को ग्रामीणों ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बन जाने की शपथ ली और ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि वे गुलामी की मानसिकता को त्याग कर भारत भूमि की एकता व अखंडता को कायम रखते हुए देश के विकास के लिए कार्य करेंगें। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए



कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल का संकल्प है कि भारत का नाम पूरे विश्व में विख्यात हो। इसलिए गांव.गांव व शहर.शहर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार शासन.प्रशासन में पूरी पारदर्शिता व जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए जनकल्याणकारी नीतियों को निरंतर धरातल पर उतार रही है। उन्होंने कहा कि हम सभी ने विकसित भारत का संकल्प लिया है और यह संकल्प एक शब्द मात्र नहीं हैं बल्कि देश के करोड़ों गरीबों को सबके बराबर लाने का एक बेहतरीन विचार है। विधायक ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के माध्यम से गरीब व पिछड़े व्यक्ति केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिस तरह से गरीबों एवं पिछडों को बराबरी का हक दिया है उससे उनके दिलों में प्रधानमंत्री के प्रति और अधिक मान-सम्मान बढ़ा है।
**अनुभव किए सांझा:** विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मेरी कहानी, मेरी जुबानी आयुष्मान एवं चिरायु योजना के तहत गांव उमरपूर की अनीशा देवी, देवी सिंह चैकीदार, रोमा देवी और गांव चन्द्राव में शीला देवी, सुख देवी व रेखा रानी ने लोगों के साथ अपने विचार सांझा किए। इस मौके पर बीडीपीओ साहब सिंह, बिजली बोर्ड के एसडीओ वेद प्रकाश गुप्ता, हॉर्टिकल्चर युवा के सुपरवाइजर शुभम गांधी, गांव उमरपुर की सरपंच कोमल रानी, गांव चंद्राव के सरपंच प्रतिनिधि बलविंदर सिंह, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सुमेरचंद कंबोज, मंडल अध्यक्ष अमित खेड़ा, मेम सिंह धीमान, रोहतास सिंह व गांव के गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

## करनाल: डोडा पोस्त व गट्टू सहित महिला और दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**स्पेशल स्टाफ** असंध की टीम द्वारा नशीला पदार्थ के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पहले मामले में स्पेशल स्टाफ असंध की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी विरेंद्र सिंह पुत्र सोनू वार्ड नानकपुरा असंध को नया बायपास खिजराबाद रोड असंध से मोटरसाइकिल पर जाते हुए काबू कर गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 900 ग्राम अफीमयुक्त गट्टू नशीला पदार्थ बरामद किया गया। इस संबंध में आरोपी विरेंद्र के खिलाफ थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।
दूसरे मामले में स्पेशल स्टाफ असंध की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर महिला आरोपी रोजी पत्नी साहब मसीह वासी असंध को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर आरोपी के घर से कट्टे में 6 किलो 260 ग्राम डोडा पोस्त बरामद की गई। इस संबंध में महिला आरोपी के खिलाफ थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।
दोनों आरोपियों ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि उनको यह नशीला पदार्थ गट्टू और डोडा पोस्त गोपी वासी असंध के व्यक्ति द्वारा उपलब्ध कराया जाता है, जिसको ये ऊंची कीमत में बेचकर पैसा कमाते हैं। दोनों आरोपी जल्दी पैसे कमाने के लालच में नशीला पदार्थ बेचते है। दोनों आरोपियों को आज न्यायालय में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जिस व्यक्ति द्वारा आरोपियों को यह नशीला पदार्थ उपलब्ध कराया जाता है, उसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## किसान की दो-पहिया ट्राली चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**मोहाना** थाना क्षेत्र के गांव चिटाना में पंचायती जमीन पर खड़ी दो-पहिया ट्राली के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।
गांव चिटाना निवासी संजीत ने बताया कि वह खेती-बाड़ी का काम करता है। गत 6 दिसंबर को सुबह आठ बजे अपनी दो-पहिया की ट्राली स्टेडियम के पास पंचायती जमीन पर दो-पहिया ट्राली को खड़ी की थी। किसी ने ट्राली को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## निगम के प्रवर्तन दल ने जोन-2 का किया दौरा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा।** शहर की व्यस्त सडकों व बाजारों से अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर नगर निगम की सफाई शाखा के प्रवर्तन दल ने जोन-2 का निरीक्षण किया। इस दौरान महाराजा अग्रसेन चौक व सैक्टर 13 डिवाईडिंग रोड पर लगी करीब एक दर्जन रेहडि ?ों को मुगल कैनाल स्थित अस्थाई मंडी में शिफ्ट करवाया गया। इसके अतिरिक्त पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र व मुगल कैनाल पुलिया के पास स्थित दुकानों के बाहर रखे सामान को भी अंदर



करवाया गया। रेहड़ी संचालकों को चेतावनी दी कि इस स्थान पर कोई रेहड़ी नहीं लगाई जाएगी। अगर कोई उल्लंघन करते पाया गया, तो उसकी रेहड़ी को नगर निगम अपने कब्जे में ले लेगा तथा जुमार्ना भी लगाया जाएगा, जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेवार होंगे। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि बीते दिनो निगम की ओर से पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में लगने वाली तमाम रेहडि ?ों को भी मुगल कैनाल अस्थाई मंडी में शिफ्ट करवाया जा चुका है। इसके अतिरिक्त मुख्य सडकों पर जहां भी कोई रेहड़ी लगती है, सभी को शिफ्ट करवाया गया है और उन्हें दोबारा सडक पर रेहड़ी नहीं लगाने को भी कहा गया है। उन्होंने कहा कि मंगलवार से प्रवर्तन दल रोजाना बाजारों का दौरा करेगा। अगर कोई रेहड़ी सडक पर दोबारा लगी मिली, तो उसे अवश्य सामान सहित कब्जे में लिया जाएगा और जुमार्ना भी लगाया जाएगा, जो 500 रुपये से 5 हजार रुपये तक का हो सकता है।

# विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें मिलकर कड़ा परिश्रम करना होगा: बंडारू

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा**
**हरियाणा के** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत/2047 आइडियाज पोर्टल लॉन्च करते समय कल्पना कीए हमारे पास अपने साझा लक्ष्य को साकार करने के लिए पूरे समपर्ण और अटूट प्रतिबद्धता के साथ काम करने के लिए 24 वर्ष हैं। हमें लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मिलकर कड़ा परिश्रम करना होगा। दत्तात्रेय ने यह बात आज हरियाणा राजभवन चंडीगढ़ में विकसित भारत/2047 विषय पर आयोजित सेमिनार में उपस्थित प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, रजिस्ट्रार व संकाय सदस्यों को कही। इस दौरान हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता भी कार्यशाला में मौजूद रहे।
उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में नया भारत बनाने का लक्ष्य एक महत्वाकांक्षी उद्देश्य है, जो देश के नागरिकों और नेतृत्व की सामूहिक आकांक्षाओं को दशार्ता है। यह एक ऐसे भविष्य की कल्पना करता है, जहां राष्ट्र अपनी वर्तमान चुनौतियों को पार कर व्यापक सामाजिक-आर्थिक प्रगति हासिल करेगा। राज्यपाल ने सभी वीसी को कहा कि सभी अपने प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में एक विजन /2047 सेल बनाएं, जो विशेष रूप से आज की अति महत्वपूर्ण कार्यशाला के लिए समर्पित हो।
विकसित भारत पोर्टल तक सीधी पहुंच के लिए अपने विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर क्यूआर कोड



डालें। हमें राष्ट्र के भावी कर्णधारों यानि अपने छात्रों को विकसित भारत के दृष्टिकोण पर अपने विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित करने की भी आवश्यकता है। इसके लिए उन्हें वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में सक्रिय भागीदार के लिए एक सोशल मीडिया अभियान शुरू किया जाना चाहिए।
बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि सभी को अपने कॉलेज में प्रतिदिन की शुरूआत विकसित भारत पर विचार.विमर्श.मंथन के लिए दस मिनट का समय सुनिश्चित करना चाहिए। मुझे विश्वास है कि आप छात्रों से फीडबैक एकत्र करने के लिए एक समर्पित कक्ष बनाएंगे, जो, 11 दिसंबर से 25 दिसंबर की अवधि के लिए फीडबैक देंगे। हम छात्रों को चर्चा और संवाद में शामिल करके विकसित भारत उत्सव के लिए एक रोडमैप की शीघ्र योजना बनाएं तथा एनसीसी कैडेटों, एनएसएस स्वयंसेवकों और अन्य संगठनों के युवाओं को विकसित भारत उत्सव में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय और कॉलेज न केवल शिक्षण के मामले में उत्कृष्टता का केंद्र बनेंए बल्कि देश की समावेशी विकास प्रक्रिया के एक मजबूत संचालक भी बनें हैंए जिससे वर्ष 2047 तक पोषित लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित हो सके। सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि छात्रों को विकसित भारत/2047 अभियान के लिए उनके विचारों का उद्देश्य स्पष्ट रूप से बताते हुए ईमेल भेजे जाएं और उनसे इस पर अपने महत्वपूर्ण सुझाव देने के लिए उन्हें प्रेरित किया जाए। राज्यपाल ने कहा कि कुलपतियों के साथ एक मसौदा ईमेल साझा किया जा रहा है। इसमें वेब पेज लिंक और क्यूआर कोड होगा। कुलपतियों को इस विश्वविद्यालयों के रिकॉर्ड में उपलब्ध छात्रों के ईमेल पर भेजना होगा। छात्रों को लिंक पर क्लिक करने और पोर्टल पर दिए विभिन्न
मुद्दों पर अपने विचार देने के लिए प्रोत्साहित करें। सभी कुलपतियों द्वारा सामान्य हैशटैग यानी आइडियाज फार विकसित भारत का उदारतापूर्वक उपयोग किया जाना चाहिए। साथ ही नीति आयोग अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इन्फोग्राफिक्स पोस्ट करेगा। इनमें विचार देने के लिए वेब पेज और क्यूआर कोड के लिए एम्बेडेड लिंक होंगे। हमारे विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को इन पोस्टों को री.ट्वीट और पुनः साझा करना चाहिए।
वे नीति आयोग और आइडियाज फार विकसित भारत को टैग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति विकसित भारत/2047 के दृष्टिकोण से काफी मिलती.जुलती है। कौशल विकास और उद्यमशीलता पारिस्थितिकी
तंत्र नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दो महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, जो वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में काफी मदद करेंगे।

## संपादकीय

# इतने दबाव में क्यों है भाजपा

**राजस्थान** विधानसभा के चुनाव का परिणाम घोषित हुए दस दिन होने वाले हैं। उसके उपरांत भी अभी तक ना तो विधायक दल की बैठक बुलाई गई है ना ही नेता का नाम ही सामने आया है। जबकि 115 सीटें जीतकर भाजपा ने पूर्ण बहुमत प्राप्त कर लिया है। राजनीतिक हल्का में चर्चा है कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे द्वारा मुख्यमंत्री बनने के लिए की जा रही लाबिंग के चलते विधायक दल का नया नेता चुनने की प्रक्रिया ठंडी पड़ी हुई है। वसुंधरा राजे दिल्ली जाकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलकर राजस्थान की राजनीति पर लंबी चर्चा कर चुकी है। पिछले दिनों जयपुर में घटे एक घटनाक्रम ने भाजपा के बड़े नेताओं को चौंका दिया है। बारां जिले में किशनगंज से नवनिर्वाचित भाजपा विधायक ललित मीणा के पिता हेमराज मीणा जो स्वयं पूर्व विधायक हैं। उन्होंने जयपुर में मीडिया को बताया कि उनके बेटे विधायक ललित मीणा सहित बारां, झालावाड़ जिलों के पांच विधायकों को जयपुर में सीकर रोड स्थित होटल आपनो राजस्थान में जबरन रखा गया है और उन्हें घर नहीं आने दिया जा रहा है। हेमराज मीणा ने भाजपा कार्यालय के सामने मीडिया को बताया कि जब मैं अपने विधायक बेटे ललित मीणा को लेने होटल गया तो वहां पर विधायक कंवरलाल मीणा ने जोर जबरदस्ती करते हुए कहा कि झालावाड़ के सांसद दुष्यंत सिंह के कहने पर ही हम उन्हें जाने देंगे। उसके बाद होटल आपनो राजस्थान में हेमराज मीणा ने पुलिस बुलाकर बखेड़ा खड़ा किया तब जाकर वह अपने पुत्र ललित मीणा को साथ लेकर आ सके। होटल में विधायकों को रखने की बात हेमराज मीणा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, संगठन महासचिव चन्द्रशेखर, पार्टी के प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह को भी बताई। हालांकि विधायक कंवरलाल मीणा ने पूर्व विधायक हेमराज मीणा के आरोपी को झूठा बताते हुए कहा कि हम सब अपनी मर्जी से वहां रुके थे। हमें किसी ने जबरन नहीं ठहराया था। जब कुछ अनजान लोग आकर ललित मीणा को ले जाने लगे तो हमने उन्हें नहीं ले जाने दिया और जब हेमराज जी मीणा अपने पुत्र विधायक ललित मीणा को लेने आए तो उनके साथ भेज दिया था। जयपुर में हुई इस घटना से भाजपा आलाकमान के कान खड़े हो गए और उन्हें एहसास हो गया कि प्रदेश में सब कुछ अच्छा नहीं चल रहा है। अंदर खान कोई नया खेल करने के प्रयास में लगा हुआ है। वसुंधरा राजे के दिल्ली से जयपुर लौटने के बाद करीब एक दर्जन विधायक उनसे मिलने पहुंचे। जिसे वसुंधरा गुट द्वारा अपने शक्ति प्रदर्शन के रूप में प्रचारित किया जा रहा है। वसुंधरा गुट के पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल का कहना है कि किसी अनुभवी नेता को ही मुख्यमंत्री बनाया जाना चाहिए जो राजस्थान को अच्छे से संभाल सके। राजस्थान में भाजपा के पास वसुंधरा राजे से अधिक लोकप्रिय कोई चेहरा नहीं है। वहीं राजनीतिक हलकों से निकालकर जो बातें आ रही है उससे लगता है कि भाजपा आलाकमान किसी भी स्थिति में वसुंधरा राजे को तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने के मूड में नहीं है। वसुंधरा राजे के लिए सबसे नकारात्मक बात उनका दो बार मुख्यमंत्री बनने के बाद दोनों ही बार पार्टी का चुनाव हार जाना रही है। 2003 में वसुंधरा राजे 120 सीटों के बहुमत के साथ मुख्यमंत्री बनी थी। मगर 2008 में पार्टी की सीट घटकर 78 रह गई थी। इसी तरह 2013 में वसुंधरा राजे 163 सीटों के बहुमत के साथ मुख्यमंत्री बनी थी। मगर 2018 में भाजपा की सीट घटकर 73 ही रह गई थी। पार्टी नेताओं का मानना है कि चुनाव के समय वसुंधरा राजे कांग्रेस सरकार की एंटी इनकमबेसी के बल पर सरकार बना लेती है।

# हाथी का नया साथी बना मायावती का भतीजा आकाश आनंद,आगे की चुनौती वे कैसे निभाएगे?

**अशोक भाटिया**

> पार्टी ने सपा के साथ 2019 में लोकसभा चुनावो में गठबंधन कर 10 सीटों पर जीत हासिल की थी। इस सफलता के बाद कई मौकों पर आकाश आनंद को बड़ी भूमिका में देखा जाता रहा है। गौरतलब है कि पार्टी को मूल आधार की तरफ लौटाने की चुनौती मायावती का उत्तराधिकारी होने के बाद आकाश के सामने सबसे बड़ी चुनौती पार्टी को मूल आधार की तरफ लौटाना होगा। जिस तरह से बसपा और दलित के बीच दूरियां बढ़ती जा रही है उससे बसपा को काफी नुकसान हुआ है। बसपा को अब उसी तेवर में जाना हो जो कभी वो 90 के दशक में हुआ करती थी। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि समावेशी होने के प्रयास में एक तरफ जहां बसपा ने दूसरी जातियों को अपनी ओर आकर्षित करना शुरू किया

**बहुजन** समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने रविवार 10 दिसंबर को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया है। लंबे अर्से से मायावती के उत्तराधिकारी कौन होगा इसे लेकर कई अटकलें चलाई जा रही थी। इसी बीच मायावती ने इस संबंध में फैसला सुना दिया है। मायावती ने अब अपने बाद पार्टी की जिम्मेदारी अपने भतीजे आकाश आनंद को सौंप दी है। लखनऊ में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने ये घोषणा की है। जानकारी के मुताबिक बसपा प्रमुख मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है। इसकी घोषणा उन्होंने लखनऊ में हुई बैठक में दी। बता दें कि लोकसभा चुनावों को लेकर मायावती ने बसपा नेताओं के साथ 10 दिसंबर को बैठक की थी। इस बैठक के बाद ही उन्होंने अपने उत्तराधिकारी की घोषणा की है। इससे पहले पांच राज्यों में आयोजित हुए विधानसभा चुनाव के दौरान भी आकाश आनंद को बड़ी जिम्मेदारी सौंप गई थी। राजस्थान, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ तक में आकाश आनंद ने पूरी कोशिश की कि बसपा को मजबूती के साथ पेश किया जाए। वहीं अब लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भी पार्टी ने तैयारी कर ली है, जिसके लिए कमान आकाश आनंद को सौंप गई है। हालांकि मायावती के इस ऐलान के बाद हर कोई हैरान हो गया है क्योंकि पहले माना जा रहा था कि लोकसभा 2024 के चुनाव को मायावती के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा। मायावती का उम्मीदवार घोषित होने के बाद अब यह भी संभावना जताई जा रही है कि पार्टी जल्द ही गठबंधन को लेकर भी फैसला ले सकती है। बता दें कि लंबे समय से मायावती की राजनीति में सक्रियता को लेकर कई अटकलें लगाई जाती रही है। कई चुनावी सभाओं में भी मायावती की गैरमौजूदगी रही है, जिसके बाद कई सवाल खड़े होने लगे थे। ऐसे में मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद पर भरोसा जताया है। आकाश एक युवा चेहरा है जिसकी बदौलत पार्टी खुद को फिर से स्थापित करने में सफल हो सकती है। आकाश के नेतृत्व में ही पार्टी अपनी ताकत को लोकसभा चुनाव 2024 में बढ़ाने पर



जोर देगी। बता दें कि वर्ष 2022 में उत्तर प्रदेश में आयोजित हुए विधानसभा चुनावों में भी पार्टी को बड़ी सफलता नहीं मिल सकी थी। पार्टी ने सपा के साथ 2019 में लोकसभा चुनावो में गठबंधन कर 10 सीटों पर जीत हासिल की थी। इस सफलता के बाद कई मौकों पर आकाश आनंद को बड़ी भूमिका में देखा जाता रहा है। गौरतलब है कि पार्टी को मूल आधार की तरफ लौटाने की चुनौती मायावती का उत्तराधिकारी होने के बाद आकाश के सामने सबसे बड़ी चुनौती पार्टी को मूल आधार की तरफ लौटाना होगा। जिस तरह से बसपा और दलित के बीच दूरियां बढ़ती जा रही है उससे बसपा को काफी नुकसान हुआ है। बसपा को अब उसी तेवर में जाना हो जो कभी वो 90 के दशक में हुआ करती थी। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि समावेशी होने के प्रयास में एक तरफ जहां बसपा ने दूसरी जातियों को अपनी ओर आकर्षित करना शुरू किया तो दूसरी ओर दलित छिटकते चले गए। इसका उदाहरण 2014 से लेकर 2022 के बीच हुए कई चुनावों में बसपा देख चुकी है।` वनइंडिया हिंदी बीजेपी लाभार्थी वोट बैंक को कैसे काउंटर करेंगे आकाश आकाश के सामने एक चुनौती यह भी है कि वह बीजेपी ने लाभार्थी वर्ग को खड़ा किया है उसको कैसे तोड़ेंगे। बीजेपी सरकार की तरफ से करीब एक दर्जन ऐसी योजनाएं चलाई जा रही हैं जिनका लाभ दलित, पिछड़ों, मुसलमानों और सवर्णों को भी मिल रहा है। ऐसा कर-के बीजेपी ने जो लाभार्थी वोट बैंक बनाया है उसको बसपा कैसे काउंटर करेगी इसका हल आकाश को निकालना होगा। यूपी के बाहर जनाधार बढ़ाने की चुनौती मायावती ने बसपा के मूवमेंट को यूं तो यूपी से बाहर कई राज्यों में चलाने का प्रयास किया लेकिन वह ज्यादा सफल नहीं हो पायीं। आकाश के सामने यह भी चुनौती होगी कि यूपी-उत्तराखंड के बाहर वह हिन्दी पट्?टी के राज्यों में बसपा को कैसे मजबूत करेंगे। हालांकि आकाश ने बिहार से लेकर राजस्थान समेत कई राज्यों में पार्टी के अभियानों की कमान संभाल रखी है लेकिन अब वहां जनाधार बढ़ाना सबसे बड़ी चुनौती होगी। इसके आलावा दलितों को वापस पार्टी से जोड़ना होगा आकाश के सामने सबसे बड़ी चुनौती गैर जाटव दलित को वापस लाना होगा। पिछले कई चुनावों से ऐसा देखा जा रहा है कि बीजेपी ने गैर जाटव में अपनी पैठ बनाने की कोशिश शुरू कर दी है। बीजेपी के इस काट का जवाब बसपा को देना होगा क्योंकि दलितों को एकजुट किए बिना बसपा को मजबूत करना टेढ़ी खीर साबित होगी। पिछले कई चुनावों से ऐसा देखने में आ रहा है कि बीजेपी दलितों को साधने में लगी हुई है। इसी रणनीति के तहत बीजेपी ने बेबीरानी मौर्या और असीम अरुण जैसे चेहरों को मंत्री बनाया है। यूपी में चंद्रशेखर बनेंगे बड़ा रोड़ा आकाश के सामने चुनौती पश्चिम में चंद्रशेखर आजाद जैसे दलित नेता भी पेश करेंगे जो दलित युवाओं के बीच आइकन बनते जा रहे हैं। चंद्रशेखर के रहते पश्चिमी यूपी में बसपा दलितों के बीच पैठ कैसे बनाएगी इसका हल आकाश को निकालना होगा। चंद्रशेखर ने भी अपनी पार्टी को अभियान छेड़ा हुआ है। विधानसभा चुनाव में चंद्रशेखर ने गोरखपुर जाकर चुनाव लड़ा और एक बड़ा सियासी संदेश देने की काशिश की थी। चंद्रशेखर को कांग्रेस, सपा और रालोद जैसी पार्टियां अपने साथ लाने के लिए उतावली रहती हैं क्योंकि पश्चिम के कई जिलों में दलितों के बीच उनकी अच्छी पैठ मानी जाती है। क्या कहते हैं पॉलिटिकल एक्सपर्ट राजनीतिक विश्लेषक वीरेंद्र नाथ भट्?ट कहते हैं कि आकाश के सामने चुनौतियां कम नहीं होंगी। उनकोइन चुनौतियों से पार पाने के लिए कठिन मेहनत करनी होगी। जिस तरीके से कांशीराम ने पार्टी की स्थापना की थी 80 के दशक में की थी उसके पीछे उनकी कड़ी मेहनत शामिल थी। उन्होंने लोगों को गोलबंद किया था। उन्होंने जातीय गोलबंदी का तरीका अपनाया। तब उनके नारे हुआ करते थे तिलक तराजू और तलवार इनको मारे जूते चार। पहली बार बसपा को 13 एमएल 1989 में मले थे। भट्?ट ने कहा कि, कांशीराम कहते थे कि पहला चुनाव हारने के लिए होता है, दूसरा हरवाने के लिए और तीसरा जीतने के लिए। इसी रणनीति पर उन्होंने काम किया। उन्होंने बहुजन समाज पार्टी की नींव में आक्रामक राजनीति की नींव रखी थी। यही कारण था कि महज कुछ विधायकों से शुरू होने वाली बसपा 90 का दशक आते आते एकाएक सत्ता की दोड़ में शामिल हो गई थी। वीरेंद्र नाथ भट्?ट साफतौर पर कहते हैं कि, समय के साथ ही सत्ता पाने के लिए बसपा ने अपनी विचारधारा से समझौता कर लिया था जिसका खामियाजा उनको भुगतना पड़ा। 1995 के बाद 2003 आते आते बसपा ने अपनी धारणा बदली।

## कविता

बुरा वक्त सच्चा मित्र।
वक्त में जो काम आए
वह सच्चा मित्र होता है।
साथ साथ जो कंधे
से कंधा मिलाकर
पसीना बहाए,
वह अच्छा मित्र होता है।
मित्र और शत्रु की पहचान
बुरे वक्त में ही होती है।
भारत और रूस की मित्रता
पूरी दुनिया जानती है।
भारत और रूस को
परंपरागत मित्र मानती है।
रूस ने किया निवेदन
भारत को देना होगा
अखंड शांति का प्रतिवेदन।
यदि रूस देश भारत के काम
आया युद्ध के संकट में कभी,
तो भारत का भी फर्ज बनता है
की भारत यूक्रेन विश्व युद्ध की आशंका में भारत
रूस का मनोबल ऊंचा रखने
सदैव साथ दे झंडा ऊंचा रखने,
इस युद्ध की घड़ी में
यूक्रेन और रूस के बीच
मध्यस्थता कर
विश्व शांति का एक
पुनीत संदेश प्रदान करें,

संजीव ठाकुर

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता दोधारी तलवार

**विजय गर्ग**

**एआई** की प्रकृति स्वाभाविक रूप से काम का चेहरा बदल देगी और हमें इसके पीछे की तकनीक को समझना होगा और इसका उपयोग करने में सावधान रहना होगा 2022 के अंत में, कुछ लोग यह जानकर आश्चर्यचकित रह गए कि सिलिकॉन वैली में कोई अंततः एक बेहतर चैटबॉट बनाने में कामयाब रहा। एक चैटबॉट जो वास्तव में उपभोक्ताओं को क्या अपेक्षा करनी चाहिए उसके संदर्भ में स्तर बढ़ा सकता है? कई लोग इस बात से सहमत थे कि अब समय आ गया है। दूसरी ओर, जिस चीज के लिए लगभग किसी ने भी तैयारी नहीं की थी, वह इस तरह का एक चैटबॉट था जिसका अंततः अनावरण किया गया। चैटजीपीटी, यह जल्द ही स्पष्ट हो गया, क्योंकि सैकड़ों हजारों लोगों ने टूल को आजमाया, यह कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) द्वारा संचालित ग्राहक-सहायता सॉफ़्टवेयर के नवीनतम पुनरावृत्ति से कहीं अधिक था। कई लोगों ने यह बताने के लिए "क्रांतिकारी" शब्द का इस्तेमाल किया कि यह प्रणाली क्या करने में सक्षम है। अन्य लोगों ने कहा कि प्रौद्योगिकी संवेदनशील लग रही थी जैसे वे किसी मशीन से नहीं बल्कि किसी अन्य इंसान से बातचीत कर रहे हों। और अब, ध्यान प्रौद्योगिकी के अगले चरण की ओर जा रहा हैः वह जहां व्यवसाय इसे काम में लाते हैं। सभी उद्योगों और सभी प्रकार और आकार की कंपनियों में, कार्यों में चैटजीपीटी परिनियोजन के अनगिनत उदाहरण पहले से ही मौजूद हैं लगभग हर मामले में, व्यापारिक नेता स्वीकार करते हैं कि चैटजीपीटी के लिए अभी भी शुरूआती दिन हैं। वे प्रौद्योगिकी का अनुसरण कर रहे हैं, "उपकरण के साथ खेल रहे हैं," यह महसूस कर रहे हैं कि यह क्या कर सकता है और क्या नहीं। डेल टेक्नोलॉजीज 2023 इनोवेशन इंडेक्स रिपोर्ट के अनुसार, 59% भारतीय व्यवसाय वर्तमान में नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए एआई में निवेश कर रहे हैं या निवेश की व्यवहार्यता तलाश रहे हैं। कई लोग कहते हैं कि उन्होंने पहले ही इतना देख लिया है कि उन्हें पता चल गया है कि वे कुछ बड़ा कर सकते हैं। जेनेरिक एआई पर एक रिपोर्ट में जिसे चैटजीपीटी के जनता के लिए उपलब्ध कराए जाने के तुरंत बाद मैकिन्से ने प्रकाशित किया था, उन्होंने बताया कि प्रौद्योगिकी हाल ही में जारी किए गए कई प्लेटफार्मों में से एक है जो गहन शिक्षण प्रणालियों की "नवीनतम श्रेणी" बनाती है। जैसे प्लेटफॉर्म को इंटरनेट के डेटा पर प्रशिक्षित किया जाता है, न कि व्यक्तिगत व्यवसायों द्वारा रखी गई जानकारी पर। यह इस बात से स्पष्ट रूप से रेखांकित हो रहा है कि व्यवसायों को यह नहीं पता है कि आपूर्ति श्रृंखलाओं में नियोजित एआई चैनलों के माध्यम से आने वाले डेटा से पूरी तरह से मूल्य कैसे निकाला जाए। चैटबॉट भी अपनी सीमाओं के साथ आते हैं। यदि इनपुट इन चैटबॉट्स के अनुरूप नहीं है तो वे गलत जानकारी और पूर्वाग्रह के प्रति संवेदनशील होंगे। चैटजीपीटी के बड़े पैमाने पर उपयोग से सुरक्षा खतरों के रास्ते भी खुल सकते हैं।

## विचार

# अपने बच्चों के बोलने के कौशल को बेहतर बनाने के लिए उन्हें कैसे प्रशिक्षित करें

**विजय गर्ग**

**(आपके बच्चे** के बोलने के कौशल को बढ़ाने के लिए मार्गदर्शिका) यहां आपके बच्चे के बोलने के कौशल को बढ़ाने के लिए एक मार्गदर्शिका दी गई है संचार एक बच्चे की विकासात्मक यात्रा को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, और माता-पिता के रूप में, मजबूत बोलने के कौशल को बढ़ावा देना सर्वोपरि हो जाता है। सार्वजनिक परिवेश में स्वयं को अभिव्यक्त करते समय बच्चों के लिए आत्मविश्वास के साथ संघर्ष करना असामान्य बात नहीं है। हालाँकि, आपके बच्चे को सशक्त बनाने और अच्छे संचारक के रूप में उनका आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए कुछ व्यावहारिक और आनंददायक दृष्टिकोण हैं। अपनी दैनिक बातचीत में कुछ रणनीतियाँ स्थापित करके, आप एक सहायक वातावरण बना सकते हैं जो उनके बोलने के कौशल को पोषित करता है, एक ऐसे भविष्य का मार्ग प्रशस्त करता है जहाँ वे विभिन्न सामाजिक संदर्भों में आश्वस्त और अभिव्यंजक महसूस करते हैं। आपके बच्चे को एक आत्मविश्वासी और स्पष्ट संचारक बनने में मदद करने के लिए यहां कुछ व्यावहारिक और आनंददायक तरीके दिए गए हैं। दैनिक बातचीत अपने बच्चे को नियमित रूप से बातचीत में शामिल करें, जिससे उन्हें महसूस हो कि उनकी बात सुनी जाती है और उन्हें महत्व दिया जाता है। उन्हें अपने विचार, अनुभव और भावनाएँ साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें। कोशिश करें कि वे आपके अलावा अन्य लोगों से भी बात करें, इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। यह कैंब्रिज द्वारा भी सुझाया गया है क्योंकि यह न केवल उनके बोलने के कौशल को बढ़ाता है बल्कि माता-पिता-बच्चे के बंधन को भी मजबूत करता है। भूमिका-मॉडलिंग अच्छी बातचीत उदाहरण के द्वारा नेतृत्व। अपने बच्चे की बात सक्रिय रूप से सुनकर, आंखों से संपर्क बनाए रखकर और सोच-समझकर जवाब देकर प्रभावी संचार प्रदर्शित करें। बच्चे अक्सर अपने माता-पिता की संचार शैली को प्रतिबिंबित करते हैं, इसलिए उनके साथ और दूसरों के साथ अपनी बातचीत की आदतों से सावधान रहें। स्मरण और अनुक्रमण अपने बच्चे को अपने दिन के बारे में बताएं और उनके दिन के बारे में पूछें। यह न केवल मेमोरी रिकॉल और अनुक्रमण कौशल में मदद करता है बल्कि बातचीत के लिए एक संरचित ढांचा भी प्रदान करता है। इससे आपको यह भी पता ।ला सकेगा कि उनका दिन कैसा रहता है और वे क्या-क्या करते हैं। उपाख्यान साझा करें और उन्हें भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करें। उनके विचारों का विस्तार करें अपने बच्चे की बातों को ध्यान से सुनें, उन्हें दोहराएँ और विस्तार से बताएं। उन्हें अपने वाक्यांशों में शब्द जोड़ने के विचार दें। उन्हें कभी-कभी वर्णनात्मक कहानी सुनाने के लिए प्रोत्साहित करें। इससे उन्हें वर्णनात्मक भाषा के साथ लंबे वाक्य बोलने में मदद मिलेगी। यह न केवल सक्रिय श्रवण को प्रदर्शित करता है बल्कि उनकी शब्दावली और अभिव्यक्ति को समृद्ध करने में भी मदद करता है।

शारीरिक भाषा जागरूकता अपने बच्चे को संचार में शारीरिक भाषा का महत्व सिखाएं। प्रदर्शित करें कि यह कैसे रुचि और ध्यान आकर्षित करता है। गैर-मौखिक संकेतों को समझना एक मूल्यवान कौशल है जो संचार की समग्र प्रभावशीलता को बढ़ाता है। आकर्षक गतिविधियाँ अपने बच्चे की दिनचर्या में बोलने पर केंद्रित गतिविधियों को शामिल करें, जैसे चित्र मनोरंजन, कहानी सुनाना और लुप्त हो रहे पाठ वाले खेल।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# सब नौटंकी है

आपको शर्म नहीं आती इतनी अश्लील फिल्में बनाते हुए। हिरोइन के बदन पर कपड़े के नाम पर चिथड़ा छोड़ रखा था। ऐसी फिल्में देखेगी तो आज की पीढ़ीं पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा, सोचा है कभी आपने? - महिला मोर्चा की अध्यक्षा ने निमार्ता को आड़े हाथों लेते हुए कहा। देखिए मैडम हम सोचने-समझने के लिए यहाँ नहीं बैठे हैं। जब जमाना बिना सोचे-समझे फिल्म देख रहा है, तो हमें बनाते सयम सोचने-समझने की क्या जरूरत। वैसे भी हमें शर्म क्यों आए? जब इससे पहले हमने कई साफ-सुथरी फिल्में बनाई थी, तब उसे देखने कोई नहीं आया। यहाँ तक कि आप भी तो देखने नहीं आईं। आई होती तो अब तक उन फिल्मों की तारीफ नहीं करती। - निमार्ता ने कहा।

हमें क्या देखना है, क्या नहीं यह हमारी मर्जी है। आप कौन होते हैं हम पर अपनी मर्जी थोपने वाले। महिला मोर्चा की अध्यक्षा ने नहले पर दहला फेंका।

वही तो। हमें क्या बनाना है, क्या नहीं उसका निर्णय करने वाली आप कौन होती हैं? जब सेंसर बोर्ड ने ही हरी झंडी दे दी हैं, तो आप लोगों को क्या दिक्कत है? यहाँ मियाँ-बीवी सभी राजी हैं, बीच में आप जैसे काजियों की कोई जरूरत नहीं है। झ निमार्ता ने महिला मोर्चा अध्यक्षा पर पलटवार किया। शर्म आनी चाहिए आपको। आप खुद एक जवान बेटी के बाप हैं। ऐसी फिल्में का आपकी बेटी पर क्या असर पड़ता होगा, सोचा है कभी इसके बारे में? झ अध्यक्षा ने निमार्ता पर निजी हमला बोल दिया। बेटी से पूछकर ही फिल्म बनाई है। उसी ने आज की पसंद-नापसंद के बारे में मुझे बताया। तब कहीं जाकर यह आइडिया मिला। नहीं तो मेरा बस चलता तो वही घसी पिटी फिल्में निकालकर दिवालिया हो लिया होता। वह तो शुक्र मनाओ कि बेटी ने मुझे बचा लिया। तुम बाप-बेटी का कैरेक्टर ही खराब है। सभ्य समाज में कोई ऐसी फिल्म बनाता है भला। हम तुम्हारे ऊपर केस कर देंगे। तुम पर अश्लीलता फैलाने का आरोप लगाते हुए कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगवायेंगे। तुम्हें सदा के लिए जेल में चक्की पिसवायेंगे। जाओ-जाओ मैडम! तुम्हारे जैसे लाख देखे ऐसी गीदड़ भभकियाँ देने वाले।

## न्याय की आस में पचास साल से सलमान रुश्दी

**आर.के. सिन्हा**

**लेखक** सलमान रुश्दी की दिल्ली के पॉश एरिया फ्लैग स्टाफ रोड में पैतृक संपत्ति का कोर्ट में बीती आधी सदी से चल रहा कानूनी विवाद इस बात की चीख-चीख कर पुष्टि करता है कि हमारे यहां कोर्ट के रास्ते से न्याय पाना कितनी कठिन और थकाने वाली प्रक्रिया है। दरअसल रुश्दी के पिता अनीस अहमद रुश्दी ने पूर्व कांग्रेस नेता और सांसद भीखू राम जैन से 1970 में 3.75 लाख रुपये में संपत्ति बेचने का समझौता किया था। जैन ने रुश्दी को कुछ बयाना भी दे दिया था। पर रुश्दी सौदे से मुकर गए और इसके बाद से यह केस निचली अदालतों से देश की सर्वोच्य अदालत में झूल रहा है। भारत में अदालती मामलों में फैसला आने में देरी की वजह सभी स्तरों के न्यायालयों द्वारा पीड़ित व्यक्ति या संगठन को न्याय प्रदान करने में होने वाली है। आप जानते हैं कि देश में न्यायपालिका तीन स्तरों पर काम करती है - सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय, और जिला न्यायालय। अदालती मामलों को दो प्रकारों में बांटा गया है - सिविल और क्रिमिनल। 2022 में पूरे भारत में लंबित रहने वाली सभी कोर्ट केस की संख्या बढ़कर 5 करोड़ हो गई थी, जिसमें जिला और उच्च न्यायालयों में 30 से भी अधिक वर्षों से लंबित 169,000 मामले शामिल हैं। दिसंबर 2022 तक 5 करोड़ मामलों में से 4.3 करोड़ यानी 85% से अधिक मामले सिर्फ जिला न्यायालयों में लंबित हैं। सरकार स्वयं सबसे बड़ी वादी है, जहां 50 प्रतिशत लंबित मामले सिर्फ राज्यों द्वारा दायर हैं। सरकार और कानून की दुनिया के सभी पक्षों को इस बारे में सोचना होगा किभारत में दुनिया के सबसे अधिक अदालती मामले क्यों लंबित हैं?

2018 के नीति आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार, हमारी अदालतों में मामलों को तत्कालीन दर पर निपटाने में 324 साल से अधिक समय लगेगा। उस समय 2018 में 2.9 करोड़ मामले कोर्ट में लंबित थे। अदालतों में देरी होने से पीड़ित और आरोपी दोनों को न्याय दिलाने में देरी होती है। अप्रैल 2022 में बिहार राज्य की एक अदालत ने 28 साल जेल में बिताने के बाद, सबूतों के अभाव में, हत्या के एक आरोपी को बरी कर दिया।

## न्यूज फ्लैश

### हरिनगर में घर के सामने प्लाट में खड़ी कार चोरी, मामला दर्ज

**गन्नौर।** हरिनगर में प्रणामी मन्दिर के पास घर के सामने प्लाट में खड़ी सैन्ट्रों कार को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। चोरी की शिकायत कार के मालिक नवीन हरिनगर ने पुलिस को दी। पुलिस को दी शिकायत में नवीन ने बताया कि वह करनाल मे बच्चो को टयूशन पढाता हू। 9 नवम्बर को करनाल से आने के बाद अपने घर के सामने प्लाट में अपनी सैन्ट्रो कार को खड़ी करके सो गया था। सुबह जब टहलने के उठा और प्लाट में देखा तो उसकी कार नही मिली। शिकायत में बताया कि उसने कार की आसपास तलाश की लेकिन कोई पता नही चला। उसके बाद पुलिस में मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने शिकायत के बाद पुलिस ने चोरी का मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी।

### योगशाला का गेट चोरी, योग सहायक ने करवाया चोरी का मामला दर्ज

**गन्नौर।** खुबडू गांव में योगशाला का अज्ञात चोरी गेट चोरी कर ले गए। चोरी की शिकायत योगशाला की योग सहायक रितु ने खूबडू झाल चौकी पुलिस को दी। पुलिस को दी शिकायत में योग सहायक रितु ने बताया कि 7 दिसंबर को योग करवाने के लिए जब योगशाला में पहुंची तो देखा की योगशाला का गेट ही नही मिला। उसके बाद आसपास तलाश की तो सुराग नही मिला। उसके बाद गेट चोरी का पुलिस में मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी।

### जिला सचिव के खिलाफ खड़ा हुआ हरियाणा पब्लिक हैल्थ कर्मचारी संघ, 20 को होगी आपात बैठक

**गन्नौर।** हरियाणा पब्लिक हैल्थ कर्मचारी संघ की जिला इकाई के पदाधिकारियों की एक बैठक जनस्वास्थ्य विभाग के परिसर में हुई। जिलाध्यक्ष दिलबाग सिंह की अध्यक्षता में इस बैठक में संघ के जिला सचिव नीरज कुमार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए गए। संघ का आरोप है कि जिला सचिव नीरज कुमार संघ के नाम पर जनस्वास्थ्य विभाग के ठेकेदारों से अवैध वसूली करते हैं। जब संगठन के पदाधिकारियों से अवैध वसूली बंद करने के लिए चर्चा की जाती है तो पदाधिकारी आपस में झगड़ कर अवैध वसूली पर अपना अधिकारी जमाते हैं। दिलबाग सिंह ने आरोप लगाया कि नीरज कुमार यूनियन को अपनी संपत्ती समझ कर अवैध वसूली करके संगठन को बदनाम कर रहे हैं। इसके अलावा कर्मचारियों से गाली गलौच कर उन्हें धमकाने व गैर कानूनी तरीके से कागजों से फोटो कापी कर अधिकारियों को ब्लैकमेलिंग करते हैं। उन्होंने बताया कि इन सभी गंभीर मुद्दों को लेकर 20 दिसंबर को जनस्वास्थ्य विभाग के परिसर में आपात बैठक की जाएगी। उन्होंने संगठन के लोगों से बैठक में पहुंचने की अपील की ताकि संगठन को बदनाम होने से बचाया जा सके।

### खेड़ी गुज्जर में सफाईकर्मियों को जातिसूचक शब्द कह कर की मारपीट, मामला दर्ज

**गन्नौर।** खेड़ी गुज्जर गांव में दो सफाई कर्मियों को जातिसूचक शब्द कहते हुए मारपीट करने व जान से मरवाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस संबंध में गांव के दो व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। खेड़ी गुज्जर गांव के कृष्ण कुमार ने बताया कि वह और उसके गांव का सुनील कुमार गांव में बतौर सफाई कर्मी कार्यरत हैं। 5 दिसंबर को उनके गांव के राजकीय स्कूल में प्रशासनिक कार्यक्रम था। जिसमें सभी सासंद, विधायक व अधिकारी आये हुए थे। कार्यक्रम के खत्म होने के बाद जब वह दोनों सफाई का कार्य कर रहे थे तो गांव का रहने वाला प्रीतम वहां आया। आरोप है कि प्रीतम ने उन्हें जातिसूचक शब्द कहे और गाली गलौच करते हुए उन्हें सरकारी नौकरी से हटवा देने की धमकी दी। जब उन्होंने प्रीतम को ऐसा ना करने को कहा तो प्रीतम ने उन्हें थप्पड़ जड़ दिया। जिसके बाद गांव के सोनू, रिंकु व अन्य ने उन्हें छुड़ाया। इसके बाद आरोपित उन्हें जान से मरवाने की धमकी देकर वहां से चला गया। एसीपी गोरखपाल राणा ने बताया कि पुलिस ने कृष्ण कुमार की शिकायत पर आरोपित प्रीतम के खिलाफ जातिसूचक शब्द कहने व मारपीट करने के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### किसान के खेत में बने कोठरे से हजारों रुपये कीमत का सामान चोरी

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**सदर थाना** क्षेत्र के गांव भटगांव पाना डूगरान में किसान के खेत में बने कोठरें से हजारों रुपये कीमत का सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। किसान ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव भटगांव डूगरान निवासी बिजेंद्र ने बताया कि उसने अपने खेत में कोठरा बना रखा है। जिसमें वह कृषि व घरेलू सामान रखता है। किसी ने उसके कोठरे में खिड़की की ग्रिल उखाड़कर मैना ब्लॉक मोटर, बैटरी इनवेंटर, एक चूल्हा सिलेंडर सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई रमेश कुमार ने बताया कि मामले की गंभीतरा से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# 'सेवा करने के मकसद से राजनीति में आया हूं'

## उद्देशीपुर ग्राम पंचायत को देवा संस्था ने भेंट की ई-ऑटो रिक्शा, स्वच्छ व सुंदर गांव में बनाने में सहयोग दे ग्रामीण

**गन्नौर/ टीम एक्शन इंडिया**
**उपमंडल के** गांव उदेशीपुर में कूड़ा उठाव का कार्य करने में ई-रिक्शा का भी उपयोग होगा। गांव की संकरी गलियों में कचरा उठाव को लेकर अब ई-रिक्शा डोर टू डोर पहुंचेगी। स्वच्छ गन्नौर स्वस्थ गन्नौर मुहिम के तहत देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर ने ग्राम पंचायत उदेशीपुर को एक ई-ऑटो रिक्शा भेंट की है। इसको लेकर गांव की चौपाल में आयोजित कार्यक्रम में देवा सोसायटी के संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने गांव के सफाई कर्मी को सम्मान देने के साथ ही रिक्शा की चाबी सौपी गई। कार्यक्रम में समाजसेवी देवेंद्र कादियान का सरपंच आजाद सिंह के साथ ग्रामीणों ने फूलमाला व पगड़ी पहनाकर स्वागत करने के साथ ही आभार व्यक्त किया है। समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने कहा कि मैं आप लोगों की सेवा करने के



मकसद से राजनीति में आया हूं और दिल से आप लोगों की सेवा करता रहूंगा। अगर आप लोगों ने मुझे अपना आशीर्वाद और प्यार दिया तो मैं हलके की कायाकल्प कर दूंगा। कादियान ने कहा कि वे अपनी संस्था के माध्यम से जरूरत के हिसाब से काम करवा रहे है, लेकिन बहुत से काम है जो राजनीति में होने पर ही कराए जा सकते है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाने में सभी लोगों का सहयोग जरूरी है। इसलिए सभी लोग सफाई के प्रति जागरूक हो। इधर-उधर कूड़ा कचरा न फेंके।

देवा सोसायटी शहर की तर्ज पर क्षेत्र के गांवों को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि ऑटो ई रिक्शा में गीला और सूखा कचरा उठाव किया जाता है। वहीं, सरपंच आजाद सिंह ने बताया कि गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाने में ऑटो ई-रिक्शा का सदुपयोग होगा। समाजसेवी देवेंद्र कादियान की गांवों को ई रिक्शा देने की पहल काबिले तारीफ है। मौके पर हवा सिंह, सतपाल सिंह, उमेद, दीवान सिंह, मास्टर अजमेर, ऋषि नांदल, रणधीर सिंह, राजेश, दीपक मास्टर, किताब सिंह, रामकुमार आदि मौजूद रहे।

## गौ-मांस तस्करी की वारदात में शामिल दो आरोपित अदालत में पेश

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**मुरथल** थाना पुलिस ने गौ-मांस तस्करी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मोहम्मद खलील व शाहआलम निवासी मेरठ यूपी के है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।
मालवीय नगर निवासी आनंद कुमार ने 9 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह गौ-रक्षा दल में सदस्य है। वह गोरक्षा दल के सदस्य सेक्टर-23 निवासी नितिश, साहिल, मालवीय नगर के आनंद व योगेश के साथ भिगान टोल प्लाजा के पास मौजूद थे। तभी उन्हें जानकारी मिली कि कार में दो युवक पानीपत से दिल्ली तरफ आ रहे हैं। उनकी कार में गोमांस है। जिस पर वह सतर्क हो गए। इसी बीच जब लाल रंग की कार वहां पर पहुंची तो उन्होंने उसे रोक लिया। कार के अंदर पिछली सीट पर मांस रखा हुआ था। कार चालक ने अपनी पहचान उत्तर प्रदेश के जिला मेरठ के हुमायूनगर निवासी मोहम्मद अरशद व मेरठ के सदीक नगर निवासी शाह आलम के रूप में दी।

## खाटू श्याम मंदिर आहुलाना धाम में साप्ताहिक भजन का आयोजन

**गन्नौर/ टीम एक्शन इंडिया**
**आहुलाना धाम** बाबा खाटू श्याम मंदिर में गोशाला संचालक एवं श्याम भक्त गोपाल स्वामी महाराज के नेतृत्व में भक्तों ने पूजा अर्चना व कीर्तन कर सुख समृद्धि की कामना की। मंदिर के पुजारी सचिन पंडित ने सभी श्रद्धालुओं को मोरछड़ी से झाड़ा लगाकर भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने की बाबा श्याम से अरदास की। गोपाल स्वामी ने बताया कि बाबा श्याम ने खुद उसके सपने में आकर आहुलाना में उसका मंदिर बनाने की बात कही थी। उन्होंने बताया कि इस दिन कथा सुनने से सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है। गोपाल स्वामी



महाराज ने बताया कि खाटू श्याम जी को लखदातार भी कहा जाता है। क्योंकि बाबा लाखों भक्तों की मनोकामनाओं को पूर्ण करते हैं। बाबा के दर पर जिस भक्त ने एक बार शीश नवा दिया तो बाबा उस भक्त की रक्षा करते हैं। खाटू श्याम मंदिर के पास ही श्याम कुंड स्थित है। खाटू श्याम जी का शीश जहां से अवतरित हुआ था उस स्थान को श्याम कुंड के नाम से जाना जाता है। इस कुंड के लिए भक्तों में मान्यता है कि जो कोई भक्त सच्चे मन से इसमें श्रद्धा की डुबकी लगाता है तो उसका कल्याण हो जाता है।

## यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 420 वाहन चालकों के काटे चालान

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला** यातायात पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 सहित अन्य राष्ट्रीय सड़क मार्गो पर नियमों की अवहेलना करने वाले 420 वाहन चालकों के चालान काटे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक हाईवे एंव यातायात हरियाणा करनाल हरदीप सिंह दून व बी सतीश बालन पुलिस आयुक्त सोनीपत के आदेशानुसार जिला पुलिस द्वारा रविवार को लेन चेंज ड्राईविंग के नियमों की उल्लघंना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ स्पैशल अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू रूप से चलाने के लिए जिला पुलिस द्वारा लेन चेंज ड्राईविंग (बॉई लेन) के नियमों की उल्लघंना करने वाले वाहन चालको के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय विरेन्द्र सांगवान द्वारा पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देश देते हुऐ कहा कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढता से करवाई जाए। मोटर वाहन अधिनियम-2017 के तहत रविवार को यातायात पुलिस सोनीपत के कुल 72 जवानों ने 12 अलग-अलग टीमें गठित करके बाई लेन में वाहन ना चलकर नियमों की उल्लघना करने पर 352 वाहन चालकों व 68 अन्य यातायात नियमों की उल्लंघना करने वाले वाहन चालकों के चालान किये गये। इस दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में जागरुक करने का काम भी किया गया। विरेंद्र सांगवान ने बताया कि बस स्टैंड, आटो स्टैंड, ट्रक युनियन व शैक्षणिक सस्थानों में जाकर भी यातायात के नियमों के बारे में आमजन को जागरुक किया जा रहा है। फिर भी अगर कोई वाहन चालक यातायात के नियमों की उल्लंघना करता है तो उसके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है।

## शराब ठेके के सामने खड़े कैंटर का पार्ट चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**राई** थाना क्षेत्र के गांव असावरपुर में शराब ठेके के बाहर खड़े कैंटर का पार्ट चोरी होने का मामला सामने आया है। कैंटर मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव असावरपुर निवासी विरेंद्र सिंह ने बताया कि उसने अपने कैंटर को गांव स्थित शराब ठेके के बाहर खड़ा किया था।

## दो महिलाओं को झांसे में लेकर तीन युवकों ने जेवरात ऐंठे

### क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से युवकों का पता लगाने का प्रयास कर रही पुलिस

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**कुंडली** थाना क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र में नौकरी की तलाश में गई दो महिलाओं को झांसे में लेकर तीन युवकों ने उनके कानों के टॉप्स व मंगलसूत्र ऐंठ लिए। बाद में वह मौके से भाग निकले। पीड़ित महिलाओं ने परिजनों को अवगत कराया। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने अमानत में खयानत व धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस युवकों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरें खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग पुलिस के हाथ लग सके।
बिहार हाल में गाजीपुर निवासी चंद्रेश्वर साहनी ने कुंडली थाना पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार के साथ प्याऊ मनियारी स्थित पेपर मिल कॉलोनी में किराए पर रहते है। शनिवार को उनकी पत्नी मंजू उनके पड़ोस में रहने वाली मूलरूप से बिहार के बेगूसराय के गांव कसाहा सेमरिया निवासी पूनम के साथ नौकरी की तलाश में कुंडली की एचपीएल कंपनी में गई थी। वहां पर कंपनी के बाहर उनकी पत्नी मंजू व पड़ोसन पूनम को तीन युवक

> **दो** महिलाओं को झांसे में लेकर सोने के टॉप्स व मंगलसूत्र ऐंठने का मामला सामने आया है। जिस पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल कर युवकों के बारे में पता लगाया जा रहा है। जल्द से आरोपितों की तलाश की आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।
> **एसआई, महेंद्र सिंह जांच अधिकारी कुंडली थाना**

मिले। उन्होंने उन्हें नौकरी दिलाने का झांसा दिया। साथ ही तीनों ने मंजू व पूनम को डरा दिया कि सोने के आभूषण पहनकर वह नौकरी के लिए जाएंगी तो उनका अहित होगा। उन्होंने झांसे में लेकर उनके कानों से सोने के टॉप्स व मंगलसूत्र निकाल निकाल लिए। उसके बाद वह उसकी नौकरी की बात करने के नाम पर फैक्ट्री की तरफ चले गए। उसके बाद वह वापस ही नहीं लौटे। काफी देर इंतजार करने के बाद उनकी पत्नी ने उन्हें कॉल कर बुलाया। वह मौके पर पहुंचे तो पता लगा कि उनकी पत्नी व पड़ोसन के साथ ठगी हो गई है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

## 'देश को विकसित बनाने के लिए युवा भागीदारी करें सुनिश्चित'

**राई। टीम एक्शन इंडिया**
**राई से** विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक देश को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल का संकल्प लिया है और इसी संकल्प को पूरा करने के लिए देश व प्रदेश के प्रत्येक गांव में हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए विकसित भारंत संकल्प यात्रा पहुंच रही है। सोमवार को गांव छतेहरा व नाथूपुर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विधायक बड़ौली ने लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही निवारण करते हुए अधिकारियों



को उचित दिशा-निर्देश दिए।
विधायक बड़ौली ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ लगी हुई है,गांव हैं तो शहर हैं, शहरों से कभी गांव नहीं बनता। इस मौके पर भाजपा युवा नेता एवं जठेड़ी गांव के सरपंच योगेश जठेड़ी, राई ब्लॉक समिति के चेयरमैन प्रदीप, बीडीपीओ एचसीएच सुरेन्द्र कुमार, जिला पार्षद राकेश नाथूपुर, छतेहरा की सरपंच मुकेश, रविन्द्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।
**विधायक ने प्रदर्शनी का किया अवलोकन:** विधायक मोहनलाल बड़ौली ने इस दौरान विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉल का अवलोकन भी किया। ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादह्ल कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को प्रचार सामग्री का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी, एनीमिया आदि की जांच, निरोगी हरियाणा के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर, आयुष विभाग की ओर से आरोग्य शिविर, योगाभ्यास, क्रिड द्वारा परिवार पहचान पत्र से संबंधित सेवाओं के लिए हेल्प डेस्क, लगाए।

## अलग-अलग ट्रेनों में सफर कर रहे दो यात्रियों के मोबाइल फोन चोरी

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली-अंबाला रेल** मार्ग पर अलग-अलग ट्रेनों में सफर कर रहे दो यात्रियों के मोबाइल फोन चोरी होने के मामले सामने आए है। यात्रियों ने मामलों की शिकायत पुलिस को दी। जीआरपी पुलिस ने इस संबंध में मुकदमें दर्ज कर लिए है। पुलिस मामलों की गंभीरता से जांच कर रही है।
पहला मामला-बलांगीर उड़ीसा निवासी राजेश पटनायक ने बताया कि वह सहपरिवार हिमाचल एक्सप्रेस में सफर कर रहा था। रेल मार्ग गन्नौर स्टेशन पर पहुंची। उसी दौरान उसका मोबाइल गायब हो गया। अपने स्तर पर गाड़ी में मोबाइल की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। किसी ने उसका मोबाइल फोन चोरी कर लिया। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जीआरपी ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई सुरेश कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। वहीं पठान कोट से दिल्ली के लिए जम्मू मेल में सफर कर रहे केरला निवासी चाको केसी ने बताया कि जैसे ही गाड़ी सोनीपत स्टेशन पर पहुंची। उसके बाद गाड़ी चली तो उसने अपना मोबाइल फोन चेक किया, लेकिन उसका मोबाइल फोन नहीं मिला। मामले को लेकर जीआरपी को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई योगराज ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। साइबर सेल की मदद ली जा रही है। जल्द से जल्द मोबाइल चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## विधायक ने भिगान में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का किया शुभारंभ

### विधायक ने ग्रामीणों को दिलाई हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ

**गन्नौर। टीम एक्शन इंडिया**
**विधायक निर्मल** चौधरी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव भिगान में आयोजन जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य केंद्र तथा प्रदेश सरकार की योजनाओं के सभी पात्र लाभार्थियों को लाभ पहुंचाना है। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने इस यात्रा को जनसंवाद से जोड़ा है जिसके माध्यम से उनकी शिकायतें व समस्याएं भी सुनी जा रही है और उनका समाधान भी किया जा रहा है। इस दौरान



सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं शामिल हैं, जिन्हें इस यात्रा के माध्यम से जनता के समक्ष रखा जा रहा है। यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टॉल लगाकर नागरिकों को जागरूक किया गया और मौके पर उपस्थित लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस मौके पर नगरपालिका के चेयरमैन अरूण त्यागी, भिगान की सरपंच सुनीता, रामफल, चटिया देवा की सरपंच मुकेश, पवन कुमार सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। विधायक ने गर्भवति महिलाओं को वितरित किए फल
कार्यक्रम में विधायक निर्मल चौधरी ने गर्भवति महिलाओं को फल वितरित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत गर्भवति महिलाओं को तीन किश्तों में 5 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिसका लाभ देश की हर गर्भवति महिला को समय सीमा में दिया जा रहा है।

# धारा-370 पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐतिहासिक: नायब सैनी

## 370 हटाने के बाद जम्मू-कश्मीर के लोग भी देश की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं: नायब सैनी

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को निरस्त करने के फैसले को सही ठहराने को एतिहासिक बताया है और इस फैसले का स्वागत किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐतिहासिक है और यह देश व जम्मू कश्मीर के लिए आशा की किरण है। श्री सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के



नेतृत्व में अब जम्मू कश्मीर के नागरिक भी भारत के दूसरों राज्यों के नागरिकों की तरह मुख्य धारा से जुड़ेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री सैनी ने विश्वास जताया कि अब जम्मू-कश्मीर तेजी से विकास की तरफ बढ़ेगा।

उल्लेखनीय है कि सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में केन्द्र सरकार द्वारा जम्मू-कश्मीर से 370 को हटाने के फैसले को वैध करार दिया है। जिसके बाद देश भर में खुशी की लहर दौड़ गई। भाजपा के नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का दिल खोलकर स्वागत किया और अपनी टिप्पणी करते हुए इसे एतिहासिक फैसला करार दिया।हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री सैनी ने कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा धारा-370 के विषय में दिए गए फैसले का हरियाणा भाजपा स्वागत करती है। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय की संवैधानिक पीठ ने धारा-370 और 35ए को हटाने के निर्णय और उसकी प्रक्रिया को सही ठहराया है। श्री सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने जम्मू-कश्मीर को देश की मुख्य विचारधारा से जोड़ने का ऐतिहासिक काम किया है, इसके लिए भाजपा का हरेक कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से आभारी है।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट कर दिया है कि राष्ट्रपति को आर्टिकल 370 हटाने का हक है और आर्टिकल 370 हटाने का फैसला संवैधानिक तौर पर सही था। भारतीय संविधान के सभी प्रावधान जम्मू कश्मीर पर लागू होते हैं। ये फैसला जम्मू कश्मीर के एकीकरण के लिए था। नायब सैनी ने कहा कि मोदी सरकार की अनुच्छेद 370 हटाने में दुर्भावना नहीं थी।

## आपके द्वार अभियान का समापन

**पानीपत , कमाल हुसैन**
पानीपत ग्रामीण की कॉलोनी में महिपाल सूबेदार आपके द्वार 5 सितंबर से चलाई जा रहे 91 दिन के अभियान का समापन जाटल रोड़ स्थित एकता कॉलोनी में हुआ ' महिपाल सूबेदार ने अपने संबोधन में बताया कि हमने यह अभियान 5 सितंबर से को काबड़ी रोड़ स्थित कुलदीप नगर से शुरू किया था ,पानीपत ग्रामीण की हर कॉलोनी में इस अभियान को चलने का हमारा उद्देश्य था कांग्रेस पार्टी के और पूर्व व भावी मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा का नाम को लोगों तक पहुंचाना और चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के पिछले 10 साल के शासनकाल में जो गरीबों के लिए व हर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाएं थी उनको जन-जन तक पहुंचाने और प्रदेश में चौधरी भुपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार



बनने तक हम इस तरह के अभियान पानीपत ग्रामीण में चलते रहेंगे। इस अभियान में सभी साथियों व कॉलोनी वासियों का सहयोग और समर्थन मिला इसके लिए मैं सभी का दिल की गहराइयों से कोटि-कोटि धन्यवाद करता हूं और सदा ऋणी रहूंगा। कॉलोनी वासियों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया और हमारी बातों को ध्यानपूर्वक सुना और एक आश्वासन दिया कि अबकी बार चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार बनाने में पूर्ण सहयोग और समर्थन देंगे।

## न्यूज फ्लैश

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से मिले नायब सैनी

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
बीजेपी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने सोमवार को दिल्ली में लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिड़ला से भेंट की और उनसे विभिन्न विषयों पर बातचीत कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। मुलाकात के दौरान श्री सैनी ने अहम मुद्दों पर चर्चा की और कुरूक्षेत्र में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्व में आने का न्यौता भी दिया।
उल्लेखनीय है कि नायब सैनी का केंद्रीय नेतृत्व से मिलने का सिलसिला जारी है। 7 दिसंबर को श्री सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी और उसके दो दिनों के बाद 9 दिसंबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भी मिले। श्री सैनी की आज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद यह पहली औपचारिक मुलाकात थी। लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात के बाद नायब सैनी ने कहा कि लोकसभा स्पीकर से भेंट के दौरान अनेक मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई है। उन्होंने श्री बिरला से अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्व में आने का आग्रह भी किया है।
श्री सैनी ने कहा कि हरियाणा में डबल इंजन की सरकार जनहित में योजनाएं बनाकर गरीबों को उनका लाभ दिला रही है। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी से हरियाणा के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। श्री नायब ने बताया कि देश मोदी की गारंटी पर विश्वास जता रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा किए जा रहे कार्यों से हरियाणा के लोग आर्थिक और सामाजिक रूप से सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। हरियाणा की जनता मोदी-मनोहर सरकार को तीसरी बार भारी बहुमत से चुनेगी।

### 100 करोड़ से स्मार्ट बनेगी स्मार्ट सिटी की विद्युत व्यवस्था

**-10 नये बिजली घर बनाये जाने का भेजा गया विभाग की ओर से प्रस्ताव**
**-ट्रिपिंग, ओवर लोड, कम वोल्टेज की समस्याओं का होगा स्थायी समाधान**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कान्हा की नगरी की विद्युत व्यवस्था को स्मार्ट बनाया जा रहा है। धर्म नगरी में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। साथ ही कॉलोनियों का फैलाव हो रहा है और जनसंख्या घनत्व भी बढ़ रहा है। बिजली की मांग बढ़ रही है और खपत में भी इजाफा हो रहा है। इसके चलते विद्युत विभाग के लिए स्मार्ट सिटी की होड में दौड़ रही कान्हा की नगरी को सुचारू और निर्बाध बिजली आपूर्ति चुनौती पूर्ण हो गई है। गर्मियों के मौसम में अतिरिक्त लोड बढ़ जाता है। ट्रिपिंग, ओवर लोडिंग, ब्रेकडाउन जैसी समस्याएं पैदा हो जाती हैं। इस प्रकार की तमाम समस्याओं से उपभोक्ताओं को छुटकारा दिलाने के लिए विद्युत विभाग की ओर से 10 नए बिजली घरों के निर्माण के लिए मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा गया है। इनके निर्माण पर लगभग 100 करोड रुपए की लागत आने का अनुमान है। विभाग द्वारा 7981 कनेक्शनों पर लोड भी बढ़ाया गया है। इसमें घरेलू और कमर्शियल दोनों प्रकार के उपभोक्ता शामिल हैं। इस प्रकार शहरी क्षेत्र में लगभग 14 मेगावाट का लोड बढा है। नये प्रस्तावित बिजलीघर रॉल, सुनरख बांगर, राजपुर, सराय आजमाबाद, गणेशरा रोड, डेम्पीयर, सदर, बालाजीपुरम आदि स्थानों पर नये बिजली घर प्रस्तावित हैं। इनके बनने से जो पहले से बिजलीघर चल रहे हैं उन पर लोड घटेगा, मौजूदा समय में एक बिजली घर से 100 से 150 एंपियर तक का लोड होना चाहिए जो कि मौजूदा वक्त में 250 से 260 एंपियर तक जा रहा है, जिससे कि ब्रेक डाउन जैसी समस्याएं आती रहती हैं। नए बिजली घर बनने के बाद समस्त शहरी उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मिल सकेगी।

### 17 को मनाया जाएगा पेंशनर दिवस

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
वरिष्ठ कोषाधिकारी मुन्ना लाल ने अवगत कराया है कि राज्य सरकार के पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं की जनपद स्तर पर सुनवाई एवं निराकरण के लिए प्रतिवर्ष 17 दिसम्बर को एक बार पेंशनर दिवस पूरे प्रदेश में सभी जनपदों में आयोजित किये जाने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया है। पेंशनर दिवस में जनपद के प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष भी प्रतिभाग करेंगें, ताकि पेंशनरों की ऐसी समस्याएं जिनका निराकरण कार्यालयाध्यक्ष द्वारा किया जाना है। सुनवाई हो सके एवं उन पर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित हो सके। 17 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पेंशनर दिवस मनाया जायेगा। जिसमें सभी विभागाध्यक्ष, कार्यालयध्यक्ष एवं पेंशनर एसोसिएशन के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया जाता है। कृपया आप समस्त उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सफल बनायें।

## भाकियू ने लगाया सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप, प्रदर्शन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। संगठन कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा।
कार्यकताओं ने अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत संयुक्त किसान मोर्चा के निर्देश पर केंद्र सरकार की वादा खिलाफी के विरोध में मथुरा कलेक्ट पर जोरदार प्रदर्शन कर जिला अधिकारी की अनुपस्थिति में उप जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ता सिंचाई विभाग के कार्यालय पर इकट्ठा हुए। जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे वहीं पर जमीन पर धरने पर बैठ गए। कुछ देर बाद अधिकारियों ने आकर ज्ञापन लिया। भाकियू टिकैत के जिला अध्यक्ष देवेंद्र कुमार रघुवंशी, गजेंद्र सिंह गावर, महानगर अध्यक्ष पवन चतुवेर्दी ने संयुक्त रूप से कहा कि केंद्र सरकार ने किसानों के साथ वादाखिलाफी की है। 13 महीने के किसान



आंदोलन में केंद्र सरकार ने किसानों से वादा किया था लेकिन वह वादा झूठा निकला। यह सरकार जुमलेबाज सरकार है। इस सरकार ने देश की जनता व किसानों को सिर्फ जुमले दिए हैं।
गाजीपुर बॉर्डर आंदोलन में केंद्र सरकार का किसानों से जो समझौता हुआ था उस समझौते से सरकार मुकर गई है। किसानों पर लगे कोई भी केस अभी वापस नहीं लिए गए हैं। जिसकी कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। केंद्र सरकार किसानों पर लगे सभी मुकदमे वापस ले। किसान नेताओं का जो उत्पीड़न हो रहा है उसे रोका जाए।

## दो पक्षों में हुआ झगड़ा, नगर पंचायत सभासद घायल

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना कोतवाली छाता के वार्ड 11 के मोहल्ला बीच का थोक में दो पक्षों में हुए झगडे में वार्ड सभासद घायल हो गया। कई अन्य लोगों को भी चोट लगी है। भाजपा सभासद त्रिलोकी सिंह और उनका साथी चोटिल हुआ है। त्रिलोकी सिंह ने बताया कि वे अपने आवास पर शाम पांच बजे बैठे हुए थे। तभी अचानक मुकेश पुत्र हरिकिशन और उसके साथ तीन अन्य लोग लाठी ओर लोहे की सरिया लेकर आ गये और उन्होंने अचानक गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे और सरिया से हमला कर दिया। जिसमें त्रिलोकी सिंह के सर और पैर में छोटे भाई उनकी पत्नी के शोर मचाने पर वे सभी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

## स्ट्रीट चिल्ड्रन को मिले स्वेटर तो खिलखिलाए चेहरे

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
शहर के गोपाल नगर स्थित जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल में बच्चों को स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिला पंचायत राज अधिकारी किरण चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रही।
दरअसल, गोपाल नगर में झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों के लिए जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल में निःशुल्क शिक्षा मुहैया कराए जाने का कार्य किया जा रहा है। जहां करीब 300 बच्चे पंजीकृत हैं। इन बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का यह कार्य सामाजिक कार्यकर्ता सतीश चंद्र शर्मा द्वारा



किया जा रहा है। शनिवार को स्कूल के बच्चों को स्वेटर बांटे गए। स्वेटर मिलने के बाद बच्चों के चेहरों पर मुस्कुराहट देखने को मिली। कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि ने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ता सतीश चंद्र शर्मा द्वारा सैकडो बच्चो को शिक्षा , संस्कार एवं समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य सराहनीय है। वर्तमान में जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केंद्र लाजपत नगर, गोपाल नगर, भीम नगर एवम पन्ना पोखर मथुरा पर लगभग 300 बच्चे शिक्षा संस्कार एवम समाज की मुख्यधारा से जुड़ रहे है।

## मोदी सरकार के धारा-370 की समाप्ति पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर से विपक्ष ढेर

**धारा-370**

**8 धनखड़ ने धारा-370 पर न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए विपक्ष को भी घेरा हैं**

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने धारा-370 पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए विपक्ष को भी घेरा है। श्री धनखड़ ने कहा कि आर्टिकल-370 को हटाकर मोदी सरकार ने इसे बहाल किया था। जम्मू-कश्मीर से धारा-370 हटाने से



कांग्रेस जैसी पार्टियों को तकलीफ भी हो रही थी इसलिए वे 370 हटाने के विरोध में सर्वोच्च न्यायालय पहुंच गए थे। श्री धनखड़ ने कहा कि आज सुप्रीम कोट द्वारा 370 हटाने के फैसले को वैध करार दिए जाने से सारे विपक्षी ढेर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि माननीय अदालत ने बता दिया कि 370 हटाना केंद्र सरकार का अधिकार था और केंद्र सरकार ने इसे दमखम के साथ हटाया है। श्री धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर देशवासियों को बधाई दी और कांग्रेस की निंदा की।
ओम प्रकाश धनखड़ ने कांग्रेस को निशाना पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस 370 को फिर से लागू करवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट गई थी, लेकिन कांग्रेस के मुंह पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय तमाचा है। कश्मीर से 370 हटाकर मोदी सरकार ने देश की अखंडता और एकता के लिए जो पहल की थी उसे सही ठहराते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मुहर लगा दी है और धारा-370 पर विपक्ष ढेर हो गया है। राष्ट्रीय सचिव श्री धनखड़ ने कहा कि धारा-370 अब इतिहास बन चुका है। देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को अक्षुण रखने की प्रधानमंत्री मोदी की दृढ़ इच्छा शक्ति को देश की सर्वोच्च अदालत ने भी पूरी तरह सही मान लिया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला 5 अगस्त 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की संसद द्वारा लिए गए फैसले को संवैधानिक रूप से बरकरार रखता है। यह जम्मू कश्मीर और लद्दाख के लोगों के लिए आशा, प्रगति और एकता की एक शानदार घोषणा है।
श्री धनखड़ ने कहा कि आज का फैसला सिर्फ कानूनी फैसला नहीं है बल्कि यह आशा की किरण है, उज्जवल भविष्य का वादा है और एक मजबूत, एकजुट भारत के निर्माण के हमारे सामूहिक संकल्प का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि 5 अगस्त 2019 के बाद हिंसा से जूझ रही घाटी के विकास और विकास ने मानव जीवन में नए अर्थ लाए हैं। पर्यटन और कृषि क्षेत्र में समृद्धि ने जम्मू कश्मीर और लद्दाख में आय के स्तर को बढ़ा दिया है। श्री धनखड़ ने कहा कि 370 खत्म होने के बाद जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों का नेटवर्क तबाह हो गया है। पत्थरबाजी और हिंसा जैसी चीजें अब खत्म हो गई है। आम लोगों का जीवन सरल हो गया है और राज्य में शांति और विकास को लोग महसूस कर रहे हैं।

## हरियाणा सरकार महंगी बिजली देकर भी घाटे में : डॉ. संदीप पाठक

**चण्डीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा में बिजली को लेकर आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक ने खट्टर सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की खट्टर सरकार एक तरफ तो जनता से हजारों में बिजली के बिल वसूल रही है। दूसरी तरफ हरियाणा सरकार का विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड हजारों करोड़ का घाटा झेल रहा है। एक तरफ जनता से खुली लूट चल रही है, दूसरी तरफ हजारों करोड़ का घाटा हो रहा है। वहीं पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार में 24 घंटे फ्री बिजली देने के बावजूद भी 500 करोड़ से ज्यादा का मुनाफा हुआ है।
उन्होंने कहा कि सीएजी की रिपोर्ट के अनुसार, हरियाणा पावर जनरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड को 2016-17 से 2020-21 तक 15,576.80 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ, क्योंकि थर्मल पावर प्लांट की सभी इकाइयां नहीं चल सकीं।उन्होंने कहा कि इससे खट्टर सरकार की नियत का पता चलता है। एक तरफ तो हरियाणा की जनता पर हजारों में बिजली बिल थोपा जाता है, 9- 9 घंटे के कट लगते हैं। जनता का बिजली की कमी के कारण बुरा हाल है, लेकिन फिर भी हजारों करोड़ों का घाटा हो गया।
उन्होंने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की ईमानदार सरकार में 24 घंटे और फ्री बिजली देने के बावजूद भी डेढ़ साल में 564 करोड़ का रेवेन्यू जनरेट करने का काम किया है। इससे पता चलता है कि आम आदमी पार्टी की सरकार में नियत और नीति दोनों ठीक हैं। आम आदमी पार्टी की ईमानदार सरकार जो वादा करती है, उसको पूरा भी करने का माद्दा रखती है।

## खरमास में लग जाएगी मांगलिक कार्यक्रमों पर रोक

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
देव उठानी एकादशी से शादी जैसे शुभ कार्य शुरू हुए थे जिन पर 16 दिसंबर को खरमास शुरू होने के साथ ही रोक लग जाएगी। शास्त्रों के अनुसार खरमास के दौरान विवाह, सगाई आदि जैसे कोई भी शुभ अनुष्ठान और समारोह नहीं करने चाहिए। ज्योतिषाचार्य छैल बिहारी शास्त्री ने बताया कि धनु एवं मीन राशि में सूर्य देव के प्रवेश करने से खरमास लगता है। इस वर्ष 16 दिसंबर से खरमास शुरू हो रहे हैं और 15 जनवरी को मकर संक्रांति तक रहेंगे। धनु संक्रांति से लेकर मकर संक्रांति से पूर्व तक सूर्य धीमी गति से चलता है और इस समय में बृहस्पति ग्रह का प्रभाव भी कम होता है, ऐसे में कोई भी मांगलिक कार्य करने से उसका फल नहीं मिलता। खरमास में विवाह संबंधी कार्य करने पर दांपत्य जीवन पर बुरा असर पड़ता है।

## एचपीजीसीएल को साढ़े 15 हजार करोड़ का नुकसान हुआ

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
आम आदमी पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष चित्रा सरवारा ने सोमवार को प्रेसवार्ता कर सीएजी रिपोर्ट में दिखाए गए बिजली उत्पादन निगम के घाटे के मुद्दे पर खट्टर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि एक दो दिन से पूरे हरियाणा में बिजली की दुर्दशा को लेकर चर्चा चली हुई है। लोग सवाल करते रहते थे कि ये एक्स्ट्रा एनर्जी चार्ज, फ्यूल सरचार्ज क्या है और सिक्योरिटी डिपोजिट एडवांस में क्या लिए जा रहे हैं। इसके अलावा जब बिजली का मुद्दा आता है तो



हरियाणा सरकार किसान को चोर समझती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में बिजनेसमेन, उद्योगपतियों को लाखों का घाटा क्यों उठाना पड़ रहा है और ये लोग हरियाणा से पलायन करने को क्यों मजबूर हैं? उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार जिन प्राइवेट स्पलायरों से महंगे दामों पर बिजली खरीद रही है, वो हमारे पड़ोसी राज्यों को सस्ती बिजली दे रहे हैं।
उन्होंने कहा कैग की रिपोर्ट बताती है कि हरियाणा में बिजली की दुर्गति के पीछे हरियाणा सरकार की नीति, योजना और इनकी नीयत है। जिसकी कीमत पूरा हरियाणा प्रदेश चुका रहा है। रिपोर्ट के अनुसार 2016 से 2021 तक एचपीजीसीएल ने साढ़े 15 हजार करोड़ रुपए का नुकसान झेला है। यदि इसको वार्षिक तौर पर देखा जाए तो 3000 करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान पर प्रदेश का एचपीजीसीएल पिछले पांच-छह साल से चल रहा है। इसी कारण जनता को खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।
उन्होंने कहा रिपोर्ट में साफ तौर पर ये भी बताया गया है कि जो साढ़े 15 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है, ये नुकसान हरियाणा सरकार की गलत प्लानिंग और हरियाणा सरकार की आम जनता को फायदा पहुंचाने की बजाय जो प्राइवेट सेक्टर को फायदा पहुंचाने की मंशा रही है, उसकी वजह से हुआ है।

## आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में मनाया गया यूनिसेफ स्थापना दिवस

**पानीपत (कमाल हुसैन)/टीम एक्शन इंडिया**
बाल विकास एवं बाल अधिकार संरक्षण को समर्पित संस्था यूनिसेफ स्थापना दिवस आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल के परिसर में मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के कोषाध्यक्ष महताब मलिक रहे व आर्य समाज काबरी के उप प्रधान ओम दत्त आर्य विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद रहे । यह जानकारी विधालय के प्रधान वकील रणदीप आर्य ने दी कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान आर्य ने की। इस अवसर पर बाल विकास और बाल संरक्षण विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता भी करवायी गई और विजेता छात्राओं को मोके पर ही सम्मानित



किया गया। इस मोके पर ऋषि दयानंद स्वामी श्रद्धानन्द भारत रत्न संगीतकार पङ्ग रवि शंकर आर्य धर्मसिंह गगसिना अमर शहीद रणबीर आर्य आचार्य बलदेव को भी सभी वक्ताओं ने बार बार याद किया। यही नहीं विधालय में आज विश्व पर्वत दिवस भी मनाया गया और सभी वक्ताओं ने पर्वतों के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ वन्दे मातरम् से और समापन गायत्री मंत्र से हुआ ।
समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य सत्यवान आर्य ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ के तहत यूनिसेफ बच्चों की शिक्षा स्वास्थ्य पोषाहार बाल अधिकार संरक्षण और बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए समर्पित भाव से कार्य करता है तथा पर्वत जहां विश्व के सभी प्रकृति प्राणियों और सभी पौधों को ताजा जल प्रदान करते हैं वहीं नदियों को ज़िंदा रखकर भू जल स्तर को ऊँचा उठाने का कार्य भी करते हैं ।
बच्चों को जहां पर्वत प्रकृति और बाल अधिकारों का सम्मान करना चाहिए वहीं डाक्टर रमन की तरह विज्ञान विषयों को पढ़कर विश्व में भारत का नाम रोशन करना चाहिए उन्होंने कहा कि अज्ञानता और अंधविश्वास के अंधकार को मिटाने और भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए समाज और सरकार को विज्ञान को और अधिक बढ़ावा देने के सभी प्रयास करने होंगे उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गर्व और गौरव का विषय है कि भारत के एक ही परिवार के दो व्यक्तियों को भौतिक शास्त्र में नोबेल पुरस्कार मिला है जिनमे प्रो0 सी वी रमन और डॉक्टर सी0 चंद्र शेखर के नाम शामिल हैं।उन्होंने कहा कि अंधविश्वास के चलते कुछ तांत्रिक और पाश्चात व मुगल संस्कृति से प्रभावित लोग अभी भी समाज में अंधविश्वास फैलाने का कार्य कर रहे हैं ऐसे लोगों से समाज को सचेत करने के लिए ही वैदिक धर्म के प्रचार प्रसार को बढ़ावा दिया जा रहा है हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा के सभी प्रचारक और भजन मंडली सभी जिलों के गांव गांव जाकर जहां वैदिक धर्म का प्रचार करते हैं वही यह भजन मंडली जहर मुक्त खेती और नशा मुक्त समाज की स्थापना करने के लिए भी प्रचार का कार्य करती है।

## अग्रोहा धाम में नववर्ष के आगमन पर विशाल जागरण, भंडारा, हवन-पूजन, होंगे : गर्ग

**बैठक**

**8 अग्रोहा धाम में करोड़ों की लागत से वैश्य समाज व जनता के सहयोग से विकास कार्य हो रहे हैं- बजरंग गर्ग**

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
- वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की एक आवश्यक बैठक अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में अग्रोहा धाम में नव वर्ष के आगमन पर 31 दिसंबर को होने वाले विशाल कार्यक्रम की तैयारी बाबत विचार किया



गया।
इस अवसर पर अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम में 31 दिसंबर को विशाल जागरण, भंडारा, छप्पन भोग, व स्वामणी आदि कार्यक्रम होंगे। जिस कार्यक्रम में भजन सम्राट श्रीमती अंजलि द्विवेदी, सोनू लक्खा, रितु शर्मा एंड पार्टी, विनोद पनिहार व सोनू बंसल आदि कलाकार भाग लेंगे। बजरंग गर्ग ने कहा कि आने वाले नव वर्ष देश व प्रदेश की जनता के लिए खुशियों भरा रहे, उसके लिए हवन यज्ञ का आयोजन भी किया जाएगा।

# विज ने मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) गृह** एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस अंबाला छावनी में ग्रामीण मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकताओं की बैठक ली। अनिल विज ने "विकसित भारत संकल्प यात्रा" जनसंवाद को लेकर सभी कार्यकताओं को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया की इस कार्यक्रम में सरकार के सभी अवसर अपने कार्यालय के साथ कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहते हैं और जनता से जुड़ी छोटी से छोटी समस्या का समाधान मौके पर ही किया जाता है। पीले कार्ड का मुद्दा, फैमिली आईडी में करेक्शन, उज्जवला योजना के अंतर्गत मिलने वाले गैस सिलेंडर, वन पर्यावरण संरक्षण की जानकारी, खेती में इस्तेमाल होने वाली अत्याधुनिक तकनीक, मनरेगा में रजिस्ट्रेशन, बिजली के बिल में किसी प्रकार की समस्या का मामला हो उसका निवारण मौके पर ही किया जा रहा है। कार्यक्रम में शिक्षा के स्तर, बागवानी, मोटे अनाज, जल एवं स्वास्थ्य, हस्तशिल्प आदि पहलुओं पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा देश भर में हर गांव में पहुंच रही है अभी तक अंबाला छावनी में पढ़ने वाले गांव खतौली बरनाला और बाड़ा गांव में इसका आयोजन किया जा चुका है। खतौली और बाड़ा गांव में तो मोबाइल वैन के जरिए मोदी जी भी कार्यक्रम में लाइव जुड़े, जिसे ग्राम वासियों और अन्य लोगों ने बड़े ध्यान से सुना। इस अवसर पर डाक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ के साथ-साथ लेबोरेटरी की टीम भी उपस्थिति रही। डॉक्टर ने शिविर में ही रोगियों की जांच की साथ ही दवाई भी उपलब्ध कराई गई।

जिन रोगियों को ब्लड टेस्ट, शुगर टेस्ट इत्यादि की आवश्यकता थी उनके टेस्ट भी किए गए और कुछ बड़े टेस्टों के लिए साथ में मोबाइल मेडिकल वैन का भी लाभ उपलब्ध रहा। गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिलविज ने जोर देकर कहा कि इस प्रकार की शिवरों का ज्यादा से ज्यादा लाभ आम जनता तक पहुंचना चाहिए जिसके लिए कार्यकताओं को भी अपना पूर्ण योगदान देना चाहिए।

# 15 दिसंबर से हरियाणा में बदलाव यात्रा शुरू करेगी आम आदमी पार्टी : चित्रा



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) आम आदमी** पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष चित्रा सरवारा की अगुवाई में क्षेत्र के गांवो और वार्डों में 'सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। कार्यकर्ता सम्मान समारोह में 21 सदस्यीय नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई और उन्हें सम्मानित भी किया गया। उन्होंने अम्बाला छावनी के गांव टूण्डली व महेश नगर में तीन वार्डों में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पार्टी की जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अम्बाला के जिलाध्यक्ष राजपाल राजा दानीपुर भी उनके साथ मौजूद रहे सभी कार्यकताओं को मेम्बरशिप कार्ड भी दिए गए। चित्रा ने कहा की आम आदमी पार्टी पूरे प्रदेश में बदलाव यात्रा निकालेगी। "इब हरियाणा के लाल ने एक मौका केजरीवाल ने" के नाम से प्रदेश की 90 विधानसभाओं में बदलाव यात्रा निकाली जाएगी। 15 दिसंबर से लेकर 24 दिसंबर तक पूरे प्रदेश में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता बदलाव का संदेश देंगे। उन्होंने बताया कि कालका से शुरू होने वाली यात्रा का नेतृत्व चौ. निर्मल सिंह करेंगे व सिरसा से शुरू होने वाले यात्रा का नेतृत्व डॉ. अशोक तंवर करेंगे। महेंद्रगढ़ से शुरू होने वाली यात्रा का नेतृत्व अनुराग ढांडा करेंगे। जबकि फरीदाबाद से शुरू होने वाली यात्रा का नेतृत्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता करेंगे। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद से शुरू हुई यात्रा जींद में खत्म होगी। सिरसा से शुरू हुई यात्रा भिवानी में और कालका से शुरू हुई यात्रा पानीपत में और महेंद्रगढ़ से शुरू हुई यात्रा कैथल में खत्म होगी। इसके तहत 90 विधानसभाओं का दौरा किया जाएगा।

चित्रा ने बताया कि इस यात्रा के दौरान हरियाणा की बदहाल स्थिति के बदलाव के लिए प्रदेश की जनता को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसमें प्रदेश के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगें। उन्होंने कहा कि सुबह से शुरू होकर यात्रा का ठहराव गांवों में किया जाएगा।

उन्होंने ने कहा कि 15 दिसंबर से शुरू होने वाली यात्रा में प्रदेश के आम आदमी पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। 10 दिन चलने वाली यात्रा के माध्यम से 90 विधानसभाओं और 10 लोकसभा क्षेत्रों में जाने का काम करेंगे और प्रदेश के चारों कोनों से शुरू होने वाली यात्रा पूरे प्रदेश में बदलाव का संदेश देगी। जिलाध्यक्ष राजपाल राजा दानीपुर ने कहा की अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में नया हरियाणा बनाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आज सत्तासीन पार्टियां और विपक्ष पूरी तरह से फेल हो चुका है। आम आदमी पार्टी ही जनता के सामने मजबूत विकल्प है। किसान,मजदूर,गरीबों के उत्थान, चिकित्सा,बेहतर शिक्षा और युवाओं के रोजगार के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जायेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### 22 व 23 दिसंबर को जिला में होगा गीता जयंती समारोह, आयोजित होंगे कार्यक्रम



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**उपायुक्त** वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जिला स्तरीय गीता महोत्सव को लेकर सभी सम्बंधित अधिकारियों को दिशानिर्देश देते हुए कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला में 22 व 23 दिसम्बर को गीता महोत्सव आर्य कॉलेज खेल ग्रांउण्ड में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला में गीता महोत्सव को बड़े ही हर्षोउल्लस और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अभी से इसकी तैयारियों में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि समय रहते अपने-अपने विभागों से सम्बंधित बेहतरीन तरीके से प्रबंधन और व्यवस्था करें। उपायुक्त ने कहा कि गीता किसी के द्वारा लिखी हुई पुस्तक नही है। यह स्वयं भगवान के मुख से निकला हुआ उपदेश है। जब भी कोई इंसान डिप्रेशन में हो तो उसे गीता का अध्यन्न करना चाहिए उससे उसे आत्मबल मिलेगा और उसके मन को शांति मिलेगी। उपायुक्त ने कहा कि गीता पूरे विश्व की धरोहर है। यह हमारा सौभाग्य है कि श्रीमद्भगवद गीता को जन्मस्थली हरियाणा प्रदेश ही है। गीता एक ऐतिहासिक एवं पौराणिक ग्रंथ है, इसमें मनुष्य को कर्म करने का संदेश दिया गया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी को भी गीता के संदेश को आत्मसात करना चाहिए और दूसरे लोगों को भी प्रेरणा देनी चाहिए।
उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला में गीता जयंती महोत्सव को लेकर स्थानीय सामाजिक व शिक्षण संस्थानों का सहयोग लिया जाएगा और ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा ज्यादा से ज्यादा संस्थाओं का सहयोग लेकर सुंदर व मनमोहक शोभा यात्रा निकाली जाएगी। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा, सीईओ जिला परिषद विवेक चौधरी, शूगर मिल के एमडी जगदीप सिंह, एसडीएम पानीपत मनदीप सिंह, समालखा एसडीएम अमित कुमार, नगराधीश राजेश सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप दहिया सहित सम्बंधित विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद बापौली खण्ड के गांव शिमला गुजरान व बहरामपुर पहुंची

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**विकसित** भारत संकल्प यात्रा जन संवाद बापौली खण्ड के गांव शिमला गुजरान व बहरामपुर पहुंची। भाजपा नेता विनोद छोक्कर ने गांव शिमला गुजरान में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ई-गवर्नेंस से गुड गवर्नेंस की जो राह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दिखाई उस पर चलते हुए हरियाणा सरकार ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सुशासन से सेवा को सुनिश्चित किया। आज सरकारी सेवाओं व योजनाओं का लाभ लोगों को घर बैठे मिल रहा हैं। आज युवाओं को योग्यता और मैरिट्र के आधार पर नौकरियां मिल रही हैं और सरकार पंक्ति में खड़े अन्तिम व्यक्ति को ध्यान में रखकर काम कर रही हैं, जिससे की प्रत्येक प्रात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिलें। किसानों को उनकी फसलों के अच्छे दाम मिल रहें हैं।

भाजपा नेता सुलेख डीडवाडा ने गांव बहरामपुर में बतौर मुख्यातिथि बोलते हुए कहा कि पिछले नौ सालों में हरियाणा में सद्भाव, सौहार्द, समान विकास, समरसता, सहिष्णुता के साथ-साथ व्यवस्था में आए बदलावों से हर आदमी का जीवन सरल, सुगम और सुरक्षित हुआ हैं। व्यवस्थाएं जब घर तक पहुंचने लगती हैं तो जीवन कैसे बदलता है यह प्रदेशवासी अब महसूस करने लगे हैं। उन्होंने कहा कि खर्ची-बिना पर्ची के युवाओं को योग्यता और मैरिट्र के आधार पर नौकरियां मिल रही हैं। कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में सरपंच को अभिनंदन पत्र भी दिए गए। कार्यक्रम के अंत में ड्रोन का डेमो भी दिखाया गया और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने अनुभव भी सांझा किए। इस मौके पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के कार्यकारी अधिकारी सत्यवान मान,बीडीपीओ शक्ति सिंह, सिविल सर्जन डॉक्टर जयंत आहूजा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# छावनी में लाखों की लागत से ट्यूबवेल का किया शिलान्यास



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) गृह** एवं स्वास्थ्य मंत्रीअनिल विज के निदेर्शानुसार भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता लक्ष्मी नारायण खन्ना ने अनाज मंडी, अम्बाला छावनी में 17 लाख 60 हजार रुपए की लागत से बने ट्यूबवेल का शिलान्यास किया। इस अवसर पर सदर मंडल प्रधान राजीव गुप्ता डिंपल ने बताया कि 12 क्रास रोड कच्चा बाजार अनाज मंडी क्षेत्र काफी समय से पानी की समस्या से जूझ रहा था समस्या जब गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के संज्ञान में आई तो उन्होंने तुरंत इस समस्या के समाधान के लिए 17लाख 60 हजार की राशि स्वीकृत कराई जिससे इस क्षेत्र में पानी की समस्या से मुक्ति मिली उन्होंने बताया कि यह ट्यूबवेल 1000 फुट बोरवेल किया जाएगा ताकि लोगों को साफ सुथरा स्वच्छ पानी मिल सके। मौके पर उपस्थित स्थानीय निवासियों ने गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल बीच का दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर सदर मंडल महामंत्री बी एस बिंद्रा उप प्रधान सतपाल ढल बी एल ए 1 बलकेश वत्स नरेश अग्रवाल दीपक भसीन हैप्पी धीर अमन जैन सचिन सिंगल सनी आनंद अशोक कुमार अनिल बहल पवन गुप्ता संजय गुप्ता दिनेश कुमार एसडीओ रणवीर सिंह सुमित अग्रवाल राजकुमार राजू अजय गुप्ता हरीश कुमार बिग उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल एवं अभिकांत वत्स ने दी।

# गाँव कूटानी से 21 मेम्बरी कमेटी का शपथ सम्मान समारोह सम्पन्न

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**आम आदमी** पार्टी के राज्यसभा सासंद डॉ संदीप पाठक के आदेशानुसार हर गावँ मे 21 मेम्बर कमेटी के शपथ ग्रहण एवम सम्मान समारोह किया जाना है।

आज प्रदेश सह सचिव सुखवीर मलिक ने गावँ कूटानी मे सर्किल इंचार्ज कृष्ण के सहयोग से किया गया। सभी 21 मेम्बर उपस्थित का सम्मान किया और उनको परिचय पत्र दिये। सुखबीर मलिक ने बताया अपने गांव में इन 21 मेंबर कमेटी का काम डोर टू डोर जाकर हर बूथ को मजबूत करना होगा। एवं पार्टी की नीतियां को घर-घर तक पहुंचाना होगा जिससे आम आदमी पार्टी की सरकार आने में मदद मिलेगी। मलिक ने गांव कुटानी मे न्यू नव नियुक्त ग्राम सचिव एडवोकेट अजय मलिक और कमेटी मेंबर को शपथ दिलाई और मौके पर सबके आइडेंटी कार्ड वितरित किए । जिनको सम्मान मिला वह है कुटानी गांव सचिव के साथ रोहित , महेंद्र मिस्त्री , करण ,सुशील,प्रवीण तोमर,कृष्ण तोमर,धनपत मलिक,दीपक ,विकास मलिक ,अजय सिहमार ,अजय ,इरफान ,संदीप तोमर ,बंटी ,विकी अली ,रोहन आर्यन, सुरेंद्र मलिक ,विकी,व अन्य मेम्बर मौजूद रहे।

# 'अभियान का उद्देश्य नशीली चीजों के प्रयोग को रोकना और समाज को नशामुक्त बनाना है'



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**आर्य** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पानीपत के परिसर में समाजसेविका रंजीत कौशिक ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूक किया प्राचार्य मनीष घनघस ने विद्यालय परिसर में पहुंचने पर समाज सेविका रंजीत कोशिका हार्दिक अभिनंदन किया समाज सेविका रंजीता कौशिक ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि नशा मुक्ति अभियान हमारे समाज में विशेष महत्व रखता है। इस अभियान का उद्देश्य नशीली चीजों के प्रयोग को रोकना और समाज को नशामुक्त बनाना है। यह अभियान स्वास्थ्य, परिवार, और समाज को सशक्त बनाने का हमारा प्रयास है। नशा मुक्ति अभियान के तहत शिक्षा, जागरूकता, और सहयोग के जरिए हम समुदाय को जागरुक कर सकें।
प्राचार्य मनीष घनघस ने संबोधित करते हुए कहा कि नशा मुक्ति के लिए शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देना अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। शिक्षा के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों की समझ और उससे बचाव की जानकारी दी जा सकती है।

# 'परिषद् में शामिल किये गाँवों के विकास के लिए विशेष ग्रांट दे सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल नगर** परिषद्, नारनौल में शामिल किये गए सभी गाँवों के विकास के लिए सरकार को विशेष ग्रांट देकर कार्य शुरू करवाने चाहिऐ जब से ये गाँव नगर परिषद् में शामिल हुए हैं, इनके विकास कार्य ठप्प पड़े हैं उक्त मांग पूर्व सांसद राव मानसिंह के पुत्र और सेवानिवृत अधीक्षण अभियंता राव सुखबिन्द्र सिंह ने आज अपने जनसंपर्क अभियान के तहत गाँव नूनी अव्वल में लोगों को संबोधित करते हुए की उन्होंने कहा कि जब ये गाँव नारनौल नगर परिषद् में शामिल किये गए थे।

# 'शिक्षा और शिक्षकों का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है'



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**आई.बी** महाविद्यालय में आज दिनांकः 11 दिसम्बर ,2023 को कॉलेज के सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की विडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लाइव प्रसारण किया गया । इस विडियो कॉन्फ्रेंसिंग का विषय रहा 'विकसित भारत @2047: वॉइस ऑफ यूथ' । कार्यक्रम से पहले सभागार में उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. अजय गर्ग ने कहा कि आज के दौर में, हम सभी जानते हैं कि शिक्षा और शिक्षकों का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है। विकसित भारत की दिशा में सबको एक साथ ले जाना आवश्यक है। हम न केवल विज्ञान, गणित, कला, और सामाजिक विज्ञान में छात्रों को पढ़ाते हैं, बल्कि हम उन्हें एक सशक्त और सक्रिय नागरिक के रूप में तैयार करते हैं। हमें इस दिशा में सकारात्मक कदम बढ़ाने के लिए युवा मनोबल को प्रोत्साहित करना होगा। हमारा उद्देश्य होना चाहिए कि हम अपने छात्रों को विचारों में विश्वास दिलाएं, जो उन्हें भारतीय समाज को और भी सशक्त और समृद्ध बनाने में मदद करें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने विकसित भारत @2047 के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने छात्रों को भारत के विकास और समृद्धि के लिए सकारात्मक दिशा में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने छात्रों से भारत के विभिन्न क्षेत्रों में उन्हें निभाने के लिए उनके योगदान को बढ़ावा देने की अपील की। इस संवाद के माध्यम से, श्री नरेंद्र मोदी जी ने विशेष रूप से युवाओं को भारत के विकास में उनकी महत्ता और भूमिका को समझाया। उन्होंने छात्रों को समय का महत्व बताया और उन्हें उच्चतम शिक्षा और तकनीकी ज्ञान में रुचि बढ़ाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर, श्री नरेंद्र मोदी जी ने युवाओं से भारत @2047 के सपने को साकार करने के लिए साझेदारी का आह्वान किया और उनसे भविष्य में भारत के निर्माण में भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया।

# चिरंजी लाल की प्रतिमा हरियाणा-पंजाब विधानसभा में लगाने की मांग



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**करनाल** से चार बार सांसद रहे एवं संयुक्त पंजाब में विधायक रहे और हरियाणा में जनहित के कार्य कर बड़े आयाम स्थापित करने वाले पंडित चिरंजी लाल शर्मा की 100वीं पुण्यतिथि के मौके पर विश्व हिन्दू तख्त के अंतर्राष्ट्रीय प्रमुख एवं एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया व ब्राह्मण महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य पानीपत में पंडित चिरंजी लाल शर्मा को श्रद्धासुमन भेंट करने पहुंचे । पंडित चिरंजी लाल के चित्र पर शांडिल्य ने पुष्प भी अर्पित किए व दीप प्रज्वलित कर उनके बेटे पंडित कुलदीप शर्मा को दोशाला देकर सम्मानित किया । शांडिल्य ने पानीपत में पूर्व स्पीकर पंडित कुलदीप शर्मा व चिरंजी लाल के पौते चाणक्य पंडित के साथ पंडित चिरंजी लाल के कई ऐतिहासिक किस्सों को सांझा किया । वीरेश शांडिल्य ने भव्य आयोजन में आए हुए तमाम गणमान्यों को मंच से धन्यवाद किया । वीरेश शांडिल्य ने मंच से उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए जहां पंडित चिरंजी लाल द्वारा किए गए कार्यों को याद करते हुए उन्हें नमन किया । वहीं शांडिल्य ने कहा हरियाणा एवं पंजाब की विधानसभा में पंडित चिरंजी लाल शर्मा की प्रतिमा लगाई जाएं इसके लिए वह हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर एवं पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत मान से मिलेंगे । शांडिल्य ने कहा आज के राजनेताओं को पंडित चिरंजी लाल के राजनीति करने के ढंग को सीखना चाहिए क्योंकि वह हर किसी से व्यक्तिगत रूप से जुड़ते थे ।

इस अवसर पर हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, पूर्व केंद्रीय मंत्री पंडित विनोद शर्मा, राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा, कांग्रेस हरियाणा अध्यक्ष उदयभान जी, राज्यसभा सांसद एवं आम आदमी पार्टी के हरियाणा अध्यक्ष डॉ सुशील गुप्ता, पूर्व केंद्रीय मंत्री बिरेंद्र सिंह,बुल्ले शाह,अंबाला की मेयर शक्ति रानी शर्मा, करण दलाल, एडवोकेट वासु रंजन शांडिल्य, शिव रंजन समेत कई राजनीतिक, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के लोग पंडित चिरंजी लाल को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचे थे ।

# विज ने कोने-कोने से आए लोगों की समस्याओं को सुना

## गृह मंत्री ने युवक की मौत के मामले में एसपी को एसआईटी गठित करने के निर्देश दिए



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने अम्बाला निवासी युवक की संदिग्ध मौत के मामले में अम्बाला एसपी को एसआईटी गठित कर मामले की जांच के दिशा-निर्देश दिए। मृतक की मां का आरोप था कि युवक की हत्या की गई है जबकि पुलिस इसे सड़क हादसा मान रही है। विज अपने आवास पर प्रदेश के कई जिलों से आए सैकड़ों लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे। जनता दरबार आजकल नहीं लगने की वजह से अब प्रतिदिन उनके आवास पर फरियादियों की कतारें लग रही है। अम्बाला निवासी महिला ने गृह मंत्री अनिल विज को अपनी फरियाद देते हुए बताया कि पुलिस उसके बेटे की मौत को सड़क हादसा मान रही है जबकि कुछ आरोपियों ने शातिर तरीके से उसके बेटे की हत्या की है। मामले में मंत्री विज ने एसआईटी गठित करने के निर्देश दिए। कुरुक्षेत्र से आए व्यक्ति ने आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने के आरोप लगाए। फरियादी का आरोप था कि पुलिस ने अब तक एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है। मंत्री विज ने मामले में एसपी कुरुक्षेत्र को कार्रवाई के निर्देश दिए। गृह मंत्री अनिल विज के समक्ष कबूतरबाजी के मामले सामने आए जिन्हें कबूतरबाजी के लिए गठित एसआईटी को कार्रवाई के लिए भेजा गया। कैथल से आए व्यक्ति ने बताया कि उसके बेटे को कैनेडा भेजने के लिए एजेंट ने उनसे 30 लाख रुपए मांगे। उन्होंने अलग-अलग दिनों में 22 लाख रुपए की राशि एजेंट को दी। शेष राशि बेटे के कैनेडा पहुंचने पर देनी थी।

# पानीपत जिले के प्रित्युश सिंह ने एसजीएफआई नेशनल्स में दूसरा स्थान हासिल किया

**पानीपत/कमाल हुसैन**
एसजीएफआई नेशनल 2023 गेम्स का आयोजन 09/12/23 से 11/12/23 गुजरात बोरीवली में हुआ जिसमे पानीपत जिले का तीरंदाज प्रित्युश सिंह ने गुजरात में आयोजित स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) के राष्ट्रीय स्तर के टूनामेंट में उल्लेखनीय दूसरा स्थान हासिल किया है। प्रित्युश पानीपत जिले की एन वि आर्चरी अकादमी का तीरंदाज है , प्रित्युश की सटीकता, अटूट फोकस और समर्पण ने न केवल तीरंदाजी हॉल ऑफ फेम में अपना स्थान सुरक्षित किया है, बल्कि हमारी पूरी टीम का दर्जा भी ऊंचा किया है। यह जीत हमारे तीरंदाजी परिवार की सामूहिक भावना और अथक प्रयास का प्रमाण है। पानीपत जिले के प्रतिष्ठित तीरंदाजी कोच नागेश्वर वशिष्ठ ने प्रित्युश के शानदार प्रदर्शन पर गहरी खुशी व्यक्त की। कोच वशिष्ट ने कहा, "यह पानीपत के लिए गर्व का क्षण है और प्रीतुिष की उपलब्धि उनके प्रशिक्षण में किए गए समर्पण और कड़ी मेहनत को दशार्ती है। पूरा कोचिंग स्टाफ इस उल्लेखनीय सफलता से खुश है। प्रित्युश के पिता नरेंदर सिंह ने कहा की यह न केवल हमारे स्थानीय समुदाय के लिए सम्मान की बात है है बल्कि उभरते तीरंदाजों को उच्च लक्ष्य रखने और खेल में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित करती है।

# त्रीनगर: फुटपाथों पर अवैध कब्जे से लोग हो रहे परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली सरकार** लोगों की सुविधाओं को मध्यनज़र रखते हुए लाखों करोड़ो रूपये खर्च करके फुटपाथ का निर्माण करवाती है, जिससे कि यातायात बाधित न हो और पैदल चलने वालों के लिए भी सुविधा हो सके। लेकिन दिल्ली के अधिकांश इलाकों की सड़के व मुख्य सड़के कब्जे से अछूती नहीं रही है, अधिकांश फुटपाथों पर कब्जा हो चुका है।

**क्या है मामला:** दरअसल यहां पर हम बात कर रहें है त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले शकूरपुर वार्ड नंबर-62 की। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र स्थित सम्राट सिनेमा के पास ई और एफ ब्लॉक की मुख्य सडकों के दोनों ओर लोगों ने कब्जा कर रखा हैं और ई ब्लॉक के फुटपाथ पर धडल्लें से लोगों के व्यापार चल रहें है।





**फुटपाथ पर कब्ज़ा:** आपकी जानकारी के लिए बतादें कि जहां एक ओर तो सरकार लोगों की सुविधा को ध्यान में रखकर फुटपाथ का निर्माण करवाती हैं दूसरी ओर लोग अवैध रूप से कब्जा कर लेते है। एफ ब्लॉक के फुटपाथों को कोई तो अवैध रूप में इस्तेमाल कर रहा है, तो किसी ने इन फुटपाथ पर अपना व्यवसाय धडल्लें से चला रहे है।

**प्रशासन क्यों बचता है कार्यवाही से:** अब यहां पर सवाल यह खड़ा होता है कि जब सड़क पर फुटपाथों पर कब्ज़ा करके लोग बेखोफ होकर अपना धंधा चला रहें है, और जिन लोगों की सहुलियतों के लिए बनाया गया है फुटपाथ और वही इन्हे इस्तेमाल नहीं कर पाता है। लेकिन विभाग इस समस्या का समाधान न करके चुपी साधे बैठा रहता है।

# अजीत यादव ने किया गली निर्माण कार्य का शुभारंभ




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली वार्ड-17 (भलस्वा) के** ब्लॉक में बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव और वार्ड-17 के निगम पार्षद अजीत यादव के प्रयासों से जहांगीरपुरी के ब्लॉक 400 वाली गली में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर राजू ठाकुर, शेक, बबलू, अकबर खान, सुधीर पार्चा, अशोक पाल, अमित कुमार, बलबीर चौहान, अनिल शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव का स्थानीय निवासियों ने स्वागत किया और इस कार्य के लिए बधाई दी। स्थानीय निवासियों ने कहा कि निगम पार्षद अजीत यादव वादे के पक्के है, जो वादे निगम पार्षद अजीत यादव ने हम जनता से किये थे, उन्हें पूरा करके दिखा रहे है। इस मौके पर कई अन्य गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।

# राजघाट पर दलित सम्मान समारोह का हुआ आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली दलित भाई-बहनों** का सम्मान एवम सहभोज समारोह एवम गांधी प्रतिमा का अनावरण सत्याग्रह मण्डप, गांधी दर्शन राजघाट नई दिल्ली में गांधी दर्शन उपाध्यक्ष एवम पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड नंबर-55 के हैदरपुर, नेहरु कैंप, एकता कैंप, आयुर्वेदिक कैंप, सेवा बस्ती के 300 भाई-बहनों के साथ जाना हुआ। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम में केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, राष्ट्रीय एससी मोर्चा अध्यक्ष लाल सिंह आर्या, दिल्ली विधानसभा नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर के अलावा सतीश वर्मा, अनिल कुमार, पिंकी ठाकुर, बब्लू राय, बालिंदर साहनी, मोहन लाल, मुनि, गुड्डी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# नरेला: विश्व हिन्दू परिषद और संघ ने संयुक्त बैठक का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली बाहरी दिल्ली** के नरेला में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ नरेला जिला व विश्व हिंदू परिषद नरेला जिला द्वारा संयुक्त रूप से बैठक का आयोजन कर अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर नरेला में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के उत्तरी विभाग दिल्ली प्रांत के सह मंत्री मनोज बंसल विशेष रूप से उपस्थित रहे। आगामी 22 जनवरी 2024 को श्री रामलला के नूतन बाल रूप विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा समारोह, अयोध्या में नवनिर्मित भव्य श्री राम मंदिर में आयोजित किया जाने वाला है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अंतर्गत देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसी के अंतर्गत बाहरी दिल्ली के नरेला में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देने हेतु राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ नरेला जिलाऔर विश्व हिंदू परिषद नरेला ज़िला द्वारा एक बैठक का आयोजन रेलवे रोड नरेला स्थित नंदीमल धर्मशाला मे किया गया। बैठक में मनोज बंसल ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि आगामी पोष शुक्ल द्वादशी विक्रम संवत 2080 सोमवार 22 जनवरी 2024 के शुभ दिन प्रभु श्रीराम के बाल रूप नूतन विग्रह को, श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे नवीन मंदिर के भूतल गर्भगृह में विराजित करके प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस उपलक्ष में श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से आए हुए अक्षत कलशों का वितरण दिनांक 12 जनवरी 2023 को झंडेवालान मंदिर से विहिप कार्यकर्ताओं को दिया जाएगा।




और कार्यकर्ता इन अक्षतंतु कलशों को दिल्ली क्षेत्र के विभिन्न ज़िलों के मंदिरों में स्थापित करेंगे। नरेला में बवाना रोड़ स्थित राम मंदिर (कुटी मंदिर) में पूजित अक्षत कलश की स्थापना की जाएगी। इस अवसर पर नरेला में दोपहर 12-00 बजे से आर्य समाज मंदिर से राम मंदिर ( कुटी मंदिर ) तक श्री राम जन्मभूमि पूजित अक्षत कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि 19 जनवरी 2023 को दिल्ली प्रांत के सभी मंदिरों में सायंकाल श्री हनुमान चालीसा जी का सामूहिक पाठ किया जायेगा तथा उसके बाद राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद और समस्त हिंदू वादी संगठनों के कार्यकर्ताओं द्वारा आगामी 1 जनवरी 2024 से 15 जनवरी 2024 तक क्षेत्र के प्रत्येक हिंदू परिवार में ग्रह संपर्क अभियान कर सभी को आमंत्रित किया जाएगा। जिसमे प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को प्रत्येक हिंदू अपने अपने घरों से निकल कर समीपवर्ती मंदिर में जाकर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण सामूहिक तौर पर देखें। बैठक में मनोज बंसल, सुरेंद्र गर्ग, ब्रह्म बंसल, पंकज वार्षणे, सुभाष कोच, कंदर्प गुप्ता, उषा तोमर, रेखा गुप्ता, रिया प्रभाकर, मंत्री , संदीप सहित सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 'पंद्रह हजार की टेबलेट से पाँच साल शिक्षकों को ऑनलाइन रहने के हुए आदेश'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली हाल ही में शिक्षा विभाग ने** पाँच वर्ष पूर्व का आदेश दोहराते हुए बढ़ती महंगाई व तकनीकी को दरकिनार कर ऑनलाईन कार्य करने हेतु पन्द्रह हजार रुपये में टेबलेट खरीदने के आदेश जारी किए है। राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ के महासचिव अजयवीर यादव ने आदेश पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि पाँच वर्ष पूर्व शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों को हर ऑनलाइन कार्य करने के लिए टेबलेट खरीदने हेतु पंद्रह हजार रुपये व दो सौ रुपये प्रतिमाह नेट डेटा रिचार्ज की राशि आवंटित की थी। अब पाँच वर्ष बीत जाने के बाद भी उसी आदेश की



पुनरावृत्ति की है। पिछले पाँच वर्षों में डिजिटल तकनीक ने ऊँचाइयाँ छू ली और महंगाई दर कई गुणा बढ़ गई है साथ ही विभाग द्वारा चौबीस घंटे शिक्षक को ऑनलाइन साथ जोड़े रखने की ख़्वाहिश रहती है ऐसे में पुराने ढर्रे की टेबलेट कैसे सही साबित होगी। दो सौ रुपये की रिचार्ज राशि का आज तक कोई भुगतान नहीं किया गया है। संघ के महासचिव अजय वीर यादव ने शिक्षा निदेशक, शिक्षा मंत्री सहित उपराज्यपाल को पत्र लिख कर टेबलेट खरीदने हेतु आदेश में दी गई राशि को बढ़ा कर तीस हजार करने की माँग की है जिससे उपयोगी अपडेटिड टैबलेट खरीदी जा सके अन्यथा ऑनलाइन कार्य की बात बेमानी होगी। बकाया नेट रिचार्ज की राशि का भुगतान हो व आगे ये भुगतान प्रति माह वेतन के साथ किया जाना सुनिश्चित हो।

# ज्ञान आधार वेलफेयर सोसायटी ने किया प्रतियोगिता का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली ज्ञान आधार वेलफेयर** सोसायटी के बच्चों ने बाबा साहब अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया। ज्ञान आधार के बच्चों द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर अशोक विहार, वजीरपुर, शालीमार बाग, पीतमपुरा में कार्यक्रम आयोजित किए। इस अवसर पर कई महान विचारकों और विद्वानों ने अम्बेडकर की जीवनी पर अपने व्याख्यान दिये। इस अवसर पर अम्बेडकर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, कविताएँ, नुक्कड़



नाटक और प्रतीकात्मक रैलियाँ जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। सोसाइटी ने वंचित और मेधावी बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करने के लिए चेक के माध्यम से वित्तीय सहायता वितरित की। कार्यक्रम में सिद्धार्थ, वीनू विज, जया चंदना, निधि जैन, डॉ मधु खेत्रपाल, किरण, उषा, आशा, मौसम, काजल, कविता, जागृति, चेतना, खुशाल और मनोज आदि सोसायटी के सदस्य उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यो से खुश है देश के लोग: कृष्ण स्वामी

# धरातल पर विकास करके दिखाये आम आदमी पार्टी: कृष्ण स्वामी



### पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण स्वामी ने कहा

= हमें बूथ को मजबूत करना है और सभी कार्यकर्ताओं का कर्तव्य बनता है कि वह भाजपा के कार्य व नीतियों को जन-जन तक पहुंचाये।

= भाजपा की नीतियां जनहितैषी नीतियां है, भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है: कृष्ण स्वामी



**जिन्दगी कांटो का सफर है,**
**हौसला इसकी पहचान है,**
**रास्ते पर तो सभी चलते है,**
**जो रास्ते बनाये, वही,**
**तो इंसान है।**

**जी** हां आज हम आपकी मुलाकात ऐसे व्यक्ति से करवाने जा रहे है, जो आज अपने कार्यों की बदौलत शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में किसी भी परिचय के मोहताज नहीं है। जी हां हम बात कर रहे है। शालीमार बाग के भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण स्वामी की।

आपको बतादें कि भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण स्वामी क्षेत्र की कई धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं से भी जुड़े हुए है।

**तीन राज्यों में हुई भाजपा की ऐतिहासिक जीत, जनता को बधाई:** कृष्ण स्वामी ने भाजपा की हुई ऐतिहासिक जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि राज्यों के नतीजों ने दिखा दिया कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ खड़ी है और निश्चित ही 2024 में तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही बनेंगे।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में लागू की कई योजनाएं:** पूर्व मंडल अध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है, इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है।

**भाजपा की नीतियों व कार्यों से प्रभावित है लोग:** भारतीय जनता पार्टी वादे की पक्की है। जो वादे भाजपा करती है, उसे पूरा करके दिखाती है। यही कारण है कि आज देश के कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है।

**संगठित होकर कार्य करें कार्यकर्ता:** सभी कार्यकर्ताओं को संगठित होकर कार्य करना है और भाजपा की जो नीतियां है, उसे जन-जन तक पहुंचाना है।

**जनता से किये वादे पूरे करें आप:** उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे। वह एक भी पूरे नहीं हुए है। जिसकी वजह से दिल्ली की जनता अपने आप को ठगा हुआ सा महसूस कर रही है और परेशान हो रही है।



**जनता को मूलभुत सुविधाएं मुहैया कराये आप सरकार:** आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से वादे तो कई किये, लेकिन कोई वादा पूरा नहीं हुआ है। सभी वादे धरे के धरे ही रह गये।

उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को मूलभुत सुविधाएं भी नहीं मिल रही है, जिसकी वजह से लोग काफी परेशान है।



**शालीमार गांव में सफाई व्यवस्था चरमराई:** पूर्व मंडल अध्यक्ष ने कहा कि आम आदमी पार्टी स्वच्छता की बात करती है, लेकिन आप पार्षद के राज में शालीमार गांव में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं है, जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है।

**- प्रस्तुति: एक्शन इंडिया**

# गांव अरुआ व मोटूका में गर्मजोशी से हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत

जानकारी

**8 लोगों को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं और परियोजनाओं की दी जानकारी**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)**

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा शुरू की विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत पूरे प्रदेश में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में आज सोमवार को गांव अरुआ में सरपंच मुकेश कुमार और मोटूका गांव में सरपंच मोहन बंसल की अध्यक्षता में विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गांव अरुआ के सरपंच मुकेश कुमार ने कहाकि "विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ कोआम जनता के लिए सुनिश्चित करना है। इसीलिए देश के हर गांव और शहरों के हर कोने में विकसित भारत संकल्प यात्रा चल रही है और 25 जनवरी तक लगातार चलनी है। सरकार की लगातार कोशिश है कि जब मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंचे, तो गांव का हर एक व्यक्ति उस गाड़ी तक जरूर पहुंचना चाहिए, तब ही हम समाज में अंतिम पायदान पर खड़े लाभार्थी तक पहुंच पाएंगे, क्योंकि हमें देश को आगे बढ़ाना है। गांव मोटूका के सरपंच मोहन बंसल ने बताया कि सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन-संवाद कार्यक्रमों में अपार जन समर्थन मिल रहा है। यात्रा के जरिए केंद्र और हरियाणा सरकार की 9 साल की उपलब्धियों के बारे में आमजन को जागरूक किया जाएगा। आज देश में पीएम नरेंद्र मोदी और हरियाणा में सीएम मनोहर लाल के नेतृत्व में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं और आने वाले समय में और भी तेजी से विकास कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र की नई स्कीमों के बारे में देश की जनता को अवगत करवाया गया है जिसका सीधा फायदा देश की जनता को मिलेगा।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्यः-

इस यात्रा के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं शामिल हैं, जिन्हें इस यात्रा के माध्यम से जनता के समक्ष रखा जा रहा है।

# मोदी-मनोहर की योजनाओं के साथ घर-घर दस्तक दे रहे : भारत भूषण

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)**



भाजपा नेता भारत भूषण ने आज सेक्टर-23 संजय कॉलोनी में मुख्य बाजार में घर-घर दस्तक दी। उन्होंने कहा कि मैं पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम मनोहर लाल की नीतियों का प्रचार कर रहा हूं और भाजपा के साथ आम जन को जोड़ रहा हूं। इस दौरान दर्जनों स्थानों पर लोगों ने फूलमालाओं के साथ अपने युवा नेता का स्वागत किया। भारत भूषण ने अपने अभियान की शुरूआत सेक्टर 23 मार्केट स्थित श्री हनुमान मंदिर पर माथा टेककर की। उन्होंने सबसे पहले मंदिर समिति के सदस्यों का हाल जाना और उनका पार्टी के पक्ष में समर्थन मांगा। सभी लोगों ने उनका परिचय प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त की। इसके बाद सैकड़ों युवाओं के साथ उन्होंने मुख्य बाजार में लोगों से मिलने का क्रम प्रारम्भ किया और भाजपा की नीतियों के साथ सहमति जताई।

भारत भूषण ने कहा कि हमारी केंद्र की पीएम नरेंद्र मोदी सरकार और हरियाणा की मनोहर लाल सरकार ने लोगों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन किया है। इसके साथ ही उन्होंने भ्रष्टाचार के विरोध में जीरो टोलरेंस नीति को भी अपनाया है।

जिससे जनता में उनके प्रति विश्वास दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। भारत ने बताया कि वह स्वयं भी जनता की समस्याओं को जान रहे हैं और लोग उनके साथ सहयोग के रूप में आगे बढ़ रहे हैं। जिससे उनका समर्थन ग्राफ दिन प्रतिदिन ऊपर की ओर बढ़ रहा है।

# अमृता अस्पताल ने ब्लड कैंसर के रोगियों के लिए कार टी-सेल थेरेपी की शुरूआत की

पहला केंद्र

**8 अमृता अस्पताल, फरीदाबाद उत्तरी भारत में कार-टी सेल थेरेपी कार्यक्रम शुरू करने वाला पहला केंद्र है**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

फरीदाबाद के अमृता अस्पताल ने कुछ विशेष कैंसर रोगियों के लिए कार टी-सेल (काइमेरिक एंटीजन रिसेप्टर) थेरेपी शुरू की है, जिसे बी सेल लिंफोमा और ल्यूकेमिया उपचार में एक महत्वपूर्ण सफलता माना जाता है, जिसके परिणाम उन रोगियों के लिए आशाजनक हैं जिन्हें दोबारा कैंसर हुआ है। अब तक बी-सेल लिंफोमा के चार मरीज अमृता अस्पताल में इस थेरेपी को ले चुके हैं या ले रहे हैं और वो फॉलो-अप में हैं। कार टी-सेल थेरेपी आमतौर पर भारत में उपलब्ध नहीं है और देश में बहुत कम क्लिनिकल सेंटर्स के पास इसे प्रदान करने की पहुंच और विशेषज्ञता है। इसमें प्रयोगशाला में रोगी की टी कोशिकाओं को जेनेटिकली मॉडिफाई करना शामिल है, जिससे उन्हें विशेष रूप से स्पेसिफिक कैंसर सैल्स पर हमला करने में सक्षम बनाया जा सके। इसके बाद इन टी कोशिकाओं को रोगी के शरीर में वापस भेज दिया जाता है। अमृता हॉस्पिटल, फरीदाबाद के मेडिकल ऑन्कोलॉजी/हेमेटोनकोलॉजी/बीएम टी विभाग के सीनियर कंसलटेंट और प्रोग्राम डायरेक्टर (लिम्फोइड नियोप्लाज्म और सेल्युलर थेरेपी) डॉ. प्रशांत मेहता ने कहा, "पिछले कुछ दशकों में कैंसर के उपचार में काफी सुधार हुआ है, और अब हम एक ऐसे युग में हैं जहां हम अन्य अंगों या पूरे शरीर पर कम प्रभाव के साथ, अपनी इम्युनिटी की ताकत का उपयोग करके कैंसर कोशिकाओं को प्रभावी ढंग से लक्षित कर सकते हैं। हमारी इम्यून कोशिकाओं का उपयोग करने का एक नया और परिष्कृत तरीका कार टी-सेल थेरेपी है, जो 'जीवित दवाओं' से बना है। कार-टी सेल एक मरीज के जीवित टी-लिम्फोसाइट्स हैं जिन्हें कैंसर कोशिकाओं की सतह पर विशिष्ट प्रोटीन को लक्षित करने और उन्हें मारने के लिए जेनेटिकली रीप्रोग्राम किया जाता है। इस प्रकार का 'सेलुलर थेरेपी' इलाज अब तक केवल स्पेसिफिक प्रकार के ब्लड कैंसर (बी-सेल लिंफोमा, बी-सेल ऑल और मल्टीपल मायलोमा) के लिए बहुत प्रभावी साबित हुआ है। इस प्रक्रिया में मरीज के सफेद ब्लड सेल्स को निकाला जाता है। इस प्रकार निकाले गए टी लिम्फोसाइट्स को उनकी सतह पर काइमेरिक एंटीजन रिसेप्टर (सीएआर) को व्यक्त करने के लिए संशोधित किया जाता है। इस प्रक्रिया में 3-4 हफ्ते का समय लगता है, जिसके बाद कंडीशनिंग कीमोथेरेपी के बाद इन कोशिकाओं को रोगी में वापस इंफ्यूज किया जाता है। यह 'जीवित दवा' कई महीनों और वर्षों तक रोगी के शरीर में रह सकती है, सभी अवशिष्ट कैंसर कोशिकाओं को मार सकती है और यहां तक कि प्रतिरोधी कैंसर का भी इलाज कर सकती है। कीमोथेरेपी के विपरीत, कार टी-सेल थेरेपी आम तौर पर रोगी को केवल एक बार दी जाती है और कुछ विशिष्ट प्रकार के कैंसर के लिए स्थायी इलाज का वादा करती है। डॉ. प्रशांत मेहता ने आगे कहा, "वर्तमान में, कार टी-सेल थेरेपी रिलैप्स्ड/रिफ्रैक्टरी बी सेल ऐएलएल में सहायक है, फिर भी, यह उन रोगियों में एलोजेनिक बीएमटी के लिए स्टॉपगैप उपाय के रूप में सबसे अच्छा काम करता है जो व्यापक उपचार के लिए उपयुक्त नहीं हैं।

# मानव रचना ने सरकार के विकसित भारत-2047 लक्ष्य के मंथन में लिया भाग

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** स्वतंत्रता के 100वें वर्ष तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के भारत सरकार के महत्वाकांक्षी लक्ष्य "विकसित भारत-2047 : युवाओं की आवाज" कार्यक्रम को लेकर सोमवार को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुखों और संकाय सदस्यों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। इसमें जिले से मानव रचना विश्वविद्यालय (एमआरयू) ने भी भागीदारी निभाई।

# तिगांव में अमृत योजना ठेकेदार को 15 दिन का अल्टीमेटमः नागर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)**



तिगांव विधानसभा क्षेत्र में अमृत योजना के तहत काम कर रहे ठेकेदार को 15 दिन का अल्टीमेटम दिया गया है। इस अवधि में संतोषजनक काम न करने पर ठेकेदार के खिलाफ पैनल्टी लगाई जाएगी और पर्चा दर्ज होगा। यह वाक्या आज तिगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश नागर की निगमायुक्त ए मोना श्रीनिवास के साथ बैठक में देखने को मिला। बैठक में विधायक ने कहा कि ऐसे कैसे विकास कार्य हो रहा है जिससे जनता को लाभ मिलने के बजाय तकलीफ हो रही है। किस कारण से काम न करने वाले ठेकेदार को हटाया नहीं जा रहा है। विधायक ने बताया कि दून भारती स्कूल वाली गली में उन्होंने अमृत योजना के तहत विकास कार्य शुरू करवाया था लेकिन ठेकेदार लगातार इस काम में लापरवाही बरत रहा है। विधायक राजेश नागर ने निगमायुक्त के समक्ष पल्ला सेहतपुर में सड़क के काम का मामला भी रखा, जिसमें घोर लापरवाही देखने को मिल रही है। इसके साथ ही यहां सीवर लाइन बनाने के काम न होने पर भी उन्होंने ऐतराज किया। इसके साथ ही पल्ला तिलपत और पलवली श्मसान घाट रास्तों की बात भी रखी। उन्होंने तिगांव क्षेत्र में रेहड़ी पटरी वालों को बेतरतीब हटाने की जगह व्यवस्था बनाने की बात भी कही। निगमायुक्त ए मोना श्रीनिवास ने इस सीवर लाइन के लिए दोबारा टेंडर लगाने की बात कही। इसके साथ ही पल्ला सेहतपुर ड्रेन सिस्टम के गलत बहाव को लेकर जांच करने के निर्देश दिए जिसे ज्वाइंट कमिश्नर द्वारा पूरी की जाएगी। उन्होंने बैठक में हिमालयन टावर के आसपास अतिक्रमण हटाने के लिए भी अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए और ग्रेटर फरीदाबाद क्षेत्र की स्ट्रीट लाइट की शिकायत को एक हफ्ते में दूर करने का आश्वासन विधायक को दिया।

निगमायुक्त ने सेक्टर 28 में एक टॉयलेट बनाने के काम को लेकर एसडीओ से जवाब मांगा और विधायक राजेश नागर को इसे जल्द बनाने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि विधायक के कहने पर कृष्णा कॉलोनी में कम्युनिटी सेंटर बनाने का काम जल्द शुरू किया जाएगा जिसके लिए टेंडर हो चुका है।

# जनवरी से अब तक अवैध हथियार के 523 मामले दर्ज कर 572 आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**



पुलिस महा निदेशक के द्वारा चलाए गए सेफ सिटी अभियान के अंतर्गत पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियो की धर-पकड़ व अपराध पर अंकुश लगाने के दिए गए निर्देश पर क्राइम ब्रांच व थाना की टीम ने अवैध हथियार की तस्करी करने वाले और अवैध हथियार रखने वाले आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 675 आरोपियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की गई है। पुलिस आयुक्त के द्वारा सभी डीसीपी, एसीपी, क्राइम ब्रांच, एसएचओ व चौकी इंचार्ज की समय समय पर क्राइम रिव्यू मीटिंग में अपराध पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए जाते रहे है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि वर्ष 2023 में अब तक 523 मामले दर्ज कर 572 आरोपियो को गिरफ्तार कर 675 अवैध हथियार बरामद किए गए है। वही वर्ष 2022 में 580 मामले दर्ज कर 632 आरोपियो को गिरफ्तार कर 954 अवैध हथियार बरामद किए गए है। जिसमें 3 देसी रिवाल्वर, 51 पिस्टल, 257 देसी कट्टे, 232 बटनदार चाकू 131 कॉर्टिज बरामद की गई है। फरीदाबाद पुलिस के द्वारा आरोपियो पर नजर रखने के लिए ग्राम प्रहरियों को नियुक्त किया गया है। प्रत्येक गांव व वार्ड के मौजीज व्यक्तियो के सम्पर्क नम्बर रखे गए। क्राइम ब्रांच टीम व थाना पुलिस टीम के द्वारा लगातार गश्त कर रही है।

# केंद्र और राज्य की महत्वाकांक्षी योजनाएं विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से पहुंची आमजन के द्वार



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं से देश और प्रदेशों में चौमुखी विकास रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के गारंटी वाले रथ पर लगी स्क्रीन के जरिए केंद्र और प्रदेश सरकारों की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं और परियोजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

बड़खल विधायक सीमा त्रिखा ने आज विकसित भारत संकल्प यात्रा, जन संवाद कार्यक्रम में एनआईटी 5, भगत सिंह कॉलोनी में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने "एक नई सोच के साथ एक नए भारत" के निर्माण का संकल्प लिया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी जनसंवाद के माध्यम से जन समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटान करने की पहल शुरू की, जिसके परिणाम स्वरूप प्रदेश के जनप्रतिनिधि लोगों के बीच पहुंचकर जनसंवाद के माध्यम से लोगों की परेशानियों को दूर करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब योग्य व्यक्ति को कार्यालयों की चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है बल्कि उन्हें घर बैठे योजनाओं का लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की पंक्ति में सबसे आगे खड़ा करना केंद्र व प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। हमारा संकल्प-विकसित भारतह की दिलाई गई शपथ :-

विधायक सीमा त्रिखा ने इस मौके पर सभी को भारत देश को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने की शपथ भी दिलवाई।

विधायक सीमा त्रिखा ने इस दौरान विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉल का अवलोकन भी किया और स्वयं वहां बैठकर लोगों की समस्याओं को सुना।

# देसी कट्टे सहित आरोपी को क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 की टीम ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराधिक मामलों में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने अवैध हथियार के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी विनय सिंह वर्तमान में गांव भूपाना का तथा मूल रुप से पानीपत के गांव बराना का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से सेक्टर-21 डी एरिया से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देसी कट्टा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना एनआईटी में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी लेन्टर की सरिया का काम करता है। आरोपी कुछ दिन पहले दनकौर नोएडा काम करने के लिए गया था वहा किसी व्यक्ति से लोगो में रोब जमाने के लिए 9000/-रु में खरीद कर लाया था। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

# महाराजा अग्रसेन विवाह समिति द्वारा 80 जोड़ों का विवाह संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

महाराजा अग्रसेन विवाह समिति द्वारा 23वां सर्वजातीय 80 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्यातिथि के रूप में राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नरेश बंसल, बीएम जिन्दल, बाजार स्थित हनुमान मंदिर के प्रमुख सेवक पं. वैभव शर्मा, महामण्डलेश्वर स्वामी रूपेन्द्र प्रकाश जी महाराज, लखन कुमार सिंगला, अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेन्द्र शर्मा बबली उपस्थित थे। जबकि अति विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी अनिल गुप्ता चांदी वाले मौजूद रहे। समारोह की अध्यक्षता अनाज मंडी प्रधान




ईश्वर प्रसाद गोयल ने की। समारोह में स्वागत अध्यक्ष महाराजा अग्रसेन विवाह समिति के संरक्षक अनिल गुप्ता रहे। आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत समिति के अध्यक्ष डा. ब्रह्मप्रकाश गोयल ने पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर किया। इस मौके पर 80 दूल्हे एक साथ घोड़ी पर सवार हुए जिन्हें झंडी दिखाकर आए हुए अतिथियों ने रवाना किया। 80 दूल्हों की बारात ढोल नगाड़ों की थाप के साथ सेक्टर-19 अग्रसेन भवन से प्रारंभ हुई जोकि दशहरा मैदान सैक्टर-16ए पहुंची, बारात का जगह.जगह उनका भव्य स्वागत किया। आए हुए सभी अतिथियों ने महाराजा अग्रसेन विवाह समिति के प्रधान डा. ब्रह्मप्रकाश गोयल सहित समस्त टीम बधाई दी। उन्होंने कहा कि समिति जो दो परिवारों को एक करके समाज में समायोजित करने का नेक कार्य कर रही है और यह संस्था वर्षो से इस कार्य को अच्छे ढंग से अंजाम देती है, जिसके लिए वह उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते है। उन्होंने सभी दूल्हों और उनकी दुल्हनों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें सुखद दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। समिति के प्रधान ब्रह्मप्रकाश गोयल ने बताया कि समिति हर वर्ष सर्वजातीय विवाह सम्मेलन करके गरीब बच्चों का घर बसाने का काम करती है और समाज के लोग इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेते है।

# आने वाले समय में किसानों के अलावा मोबाइल फोन की तरह हर व्यक्ति की जरूरत बनेगा ड्रोन : अजीत

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

बीडीपीओ अजीत सिंह सिंह ने कहा कि ड्रोन आने वाले समय में किसानों के अलावा हर व्यक्ति की जरूरत बनेगा। ड्रोन खेत में दवाई के छिड़काव के साथ साथ घर के कुछ कार्यों में सहायक साबित होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही हमारा देश पूर्ण रूप से विकसित बनेगा। श्री मोदी का सपना है कि जब वर्ष 2047 में देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे हों, तब तक हमारा देश पूर्णरूप से विकसित हो। उन्होंने कहा कि देश को विकसित बनाने में हम सभी का योगदान जरूरी है। अजीत सिंह सोमवार को गांव अरुआ में विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। बीडीपीओ ने ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प शपथ दिलाई। इस दौरान सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के प्रचार-प्रसार के विशेष प्रचारक और नोडल धर्मबीर तंवर ने भी कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं को भजनों और रागनियो के जरिये समा बान्ध कर लोगों मंत्र मुग्ध किया। दोनों गावों में कार्यक्रमों के दौरान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं व बच्चे भी मौजूद रहे। चेयरमैन पूनम ने अपने संबोधन में कहा कि ड्रोन प्रधानमंत्री श्री मोदी की महत्वाकांक्षी सोच है। किसी ने नही सोचा था कि हर व्यक्ति के हाथ में मोबाइल होगा। प्रधानमंत्री ने हर क्षेत्र में कनेक्टिविटी को मजबूत किया है। देश निश्चित तौर पर हर हाल में विकसित होगा। यह देश के विकसित होने का ही



प्रमाण है कि लोगों को पहले से कहीं अधिक बेहतर ढंग से शिक्षा, स्वास्थ्य व परिवहन की सेवाएं मिल रही हैं। देश में औद्योगिक विकास तेजी से हो रहा है। जवान को रोजगार मिल रहा है और गरीब और जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। किसान को अनाज का उचित दाम मिल रहा है। नहरों को पुनर्निर्माण करवाया गया है, ताकि किसान को खेत की सिंचाई के लिए नहरी पानी मिले। उन्होंने कहा कि देश के विकास में हम सभी का योगदान जरूरी है। वह दिन दूर नहीं जब भारत पूर्णरूप से आत्मनिर्भर होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीजेपी के मण्डल अध्यक्ष गजराज त्यागी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार का प्रयास है कि हर जरूरतमंद और पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। कोई भी व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं पर भी पूरा ध्यान दिया जा रहा है, जिसको लेकर आयुष्मान भारत व चिरायु हरियाणा जैसी योजनाएं चलाई गई हैं। उन्होंने कहा कि जहां पहले बीमार होने पर गरीब व्यक्ति इलाज करवाने में कर्ज के नीचे दब जाता था, वहीं आज सरकार ने चिरायु कार्ड के तहत साल में पांच लाख रूपए तक का इलाज गरीब व्यक्तियों के लिए निःशुल्क किया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधन के माध्यम से नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण का आह्वान किया। इसके लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे। कार्यक्रम में महिलाओं व बच्चों की बड़ी संख्या में भागीदारी पर उन्होंने खुशी जाहिर की और कहा कि यह देश के विकास में कारगर कदम है। उन्होंने कहा कि हमारा कर्तव्य बनता है कि हम भी देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देखे गए भारत को विकसित बनाने के सपने को साकार करने में अपना योगदान दें। चेयरमैन और अधिकारियों व गणमान्य नागरिकों ने कार्यक्रम के दौरान लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने स्टॉलों पर दी जा रही योजनाओं व सुविधाओं की जानकारी के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रमों के दौरान कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ड्रोन का बेहतर प्रदर्शन किया गया। विभाग के अधिकारियों ने नागरिकों को बताया कि वे ड्रोन के माध्यम से अपने खेत में कम समय और कम लागत से उर्वरक व दवाईयों का छिड़काव कर सकते हैं।

होनहारों को किया सम्मानित:-

कार्यक्रम में होनहार छात्र-छात्राओं, सराहनीय कार्य करने वाले ग्रामीणों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में प्रो एक्टिव प्रणाली के तहत बनी वृद्धावस्था सम्मान भत्ता व दिव्यांग भत्ता के स्वीकृति भी दिए गए।

यह जानकारियां दी गईः-

स्टॉलों के माध्यम से दी गई योजनाओं की जानकारी कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग, कल्याण विभाग, राजस्व विभाग, पशुपालन विभाग, क्रीड आदि विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाई गई जिसमें अपने-अपने विभागों से संबंधित जनहित व किसान हित की योजनाओं की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जिसमें लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई निशुल्क दवाइयां दी गई।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं को योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की भी की गई। इस

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 12 दिसंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHI / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# बेटियों के बेहतर प्रदर्शन में विकसित भारत की झलक: द्रौपदी मुर्मू

## महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के 45वें दीक्षान्त समारोह में शामिल हुईं राष्ट्रपति

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को यहां महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के 45वें दीक्षान्त समारोह में कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों में बेटियों के बेहतर प्रदर्शन में विकसित भारत और बेहतर समाज की झलक दिखाई देती है। समारोह में विद्यापीठ के विभिन्न संकायों में सर्वोच्च अंक पाने वाले 16 मेधावी विद्यार्थियों में स्वर्ण पदक वितरित कर राष्ट्रपति ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राष्ट्रपति ने विश्वविद्यालय के स्वर्णिम इतिहास और स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में योगदान का जिक्र कर कहा कि काशी विद्यापीठ के प्रथम प्रबंधन बोर्ड के सदस्यों में महात्मा गांधी, लाला लाजपत राय, जमनालाल बजाज, जवाहरलाल नेहरू, आचार्य नरेंद्र देव और पुरुषोत्तम दास टंडन जैसे महापुरूष इतिहास निर्माता शामिल थे। काशी विद्यापीठ



के असाधारण आचार्यों में आचार्य नरेंद्र देव, डॉ संपूर्णानंद, बाबू श्रीप्रकाश जैसे मूर्धन्य विद्वान सदैव याद रखे जाएंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि ब्रिटिश शासन की वित्तीय सहायता और नियंत्रण से दूर रहते हुए भारतीय संसाधनों से निर्मित काशी विद्यापीठ का नामकरण महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ करने के पीछे हमारे स्वाधीनता संग्राम के आदर्शों के प्रति सम्मान जताने की भावना निहित है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह विद्यापीठ असहयोग आंदोलन से उत्पन्न संस्था के रूप में हमारे महान स्वाधीनता संग्राम का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 10 फरवरी, 1921 को इस विद्यापीठ का उद्घाटन करते हुए महात्मा गांधी ने कहा था कि जितने सरकारी विद्यालय हैं, उनमें हमें विद्या नहीं लेनी है। हम उस झंडे के नीचे नहीं रह सकते, जिसको सलाम करने के लिए हमारे छात्रों को मजबूर किया जाता है। यदि हमारे विद्यालय खुलेंगे तो विद्या अपने आप पवित्र हो जाएगी। विकसित भारत के निर्माण में काशी विद्यापीठ के विद्यार्थी व आचार्य की भूमिका अहम होगी। ऐसे सामाजिक ज्ञान केंद्र की परंपरा के अनुरूप इस विद्यापीठ के आचार्य और विद्यार्थियों को भी अपने संस्थान के गौरव को निरंतर समृद्ध करना चाहिए। राष्ट्रपति ने काशी नगरी के महिमा का उल्लेख कर कहा कि काशी निरंतर अस्तित्व में बनी रहने वाली विश्व की प्राचीनतम नगरी है। बाबा विश्वनाथ और मां गंगा के आशीर्वाद से परिपूर्ण नगरी काशी सबको आकर्षित करती रही है और करती रहेगी। राष्ट्रपति मुर्मू ने काशी में पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण का उल्लेख किया। राष्ट्रपति ने कहा कि जिस तरह मां गंगा भारतीय संस्कृति की जीवन धारा है और भारतीय ज्ञान अध्यात्म और आस्था की संवाहक है, उसी तरह काशी नगरी भारतीय संस्कृति की कलातीत धरोहर है। उन्होंने कहा कि काशी भारतीय ज्ञान परंपरा का केंद्र रही है और और वर्तमान में भी यहां के संस्थान आधुनिक ज्ञान विज्ञान के संवर्धन में अपना योगदान दे रहे हैं।

## 'इलाज से ज्यादा जरूरी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता'

**लखनऊ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि कहा गया गया है कि प्रिवेंशन इज बेटर देन क्योर (इलाज से बचाव बेहतर है)। हम डॉक्टरों से अपील करते हैं कि अगर आप लोगों का इलाज करते हैं तो 100, 200, 500 लोगों का इलाज करेंगे लेकिन अगर आप जागरूकता फैलाएंगे तो हजारों लोगों को अच्छा जीवन दे सकते हैं। सोमवार को यहां गोमतीनगर स्थित डिवाइन हार्ट फाउण्डेशन अस्पताल के 27वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि उत्तर प्रदेश की इस यात्रा के दौरान सबेरे बनारस में थी और अभी मैं लखनऊ में हूं। संयोग से बनारस की सुबह और अवध की शाम की तारीफ में बहुत कुछ लिखा जाता है। आज की शाम इस लखनऊ शहर में उपस्थित होकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। लखनऊ की तहजीब और नफासत मशहूर है। लखनऊ में आना मुझे अच्छा लगता है। मेरा जन्म स्थान उड़ीसा में है। मुझे हिंदी भाषा में बहुत गहरी जानकारी नहीं है लेकिन मैंने गौर किया है कि यहां के लोग मैं की जगह हम इस्तेमाल करते हैं। इस प्रकार एकला व्यक्ति भी समूह के साथ जोड़कर देखता है तो यह भावना हमें भारतीय बनाती है। अलग-अलग धर्म, क्षेत्र, राज्य और समूह का होने के बावजूद हम एक होते हैं। हमें डिवाइन हार्ट फाउंडेशन के स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने का अवसर प्राप्त हो रहा है। इस संस्था में मानवता का दर्शन होता है। मुझे बताया गया है कि डिवाइन हार्ट फाउंडेशन की स्थापना इसी भावना के साथ की गई है। इस अस्पताल और संस्था का नेतृत्व करने के लिए डॉक्टर एके श्रीवास्तव का आभार।

फास्ट न्यूज

### नेपाली नागरिक पवन हत्याकांड में शामिल चार अपराधी गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** कुण्डवाचैनपुर में पवन कुमार हत्या कांड के सभी आरोपियों को पुलिस ने 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। जिसमे ढाका थाना क्षेत्र का मुकुल कुमार के अलावा तीन नाबालिग अपराधी शामिल हैं। इनके पास से देशी पिस्टल एक, कट्टा एक 7 गोली एवं 4 मोबाइल फोन बरामद किया गया है। बताते हैं कि रौतहट नेपाल के पवन कुमार की हत्या चाकू से गोदकर व गोली मारकर करने के बाद शव को कुण्डवाचैनपुर थाना क्षेत्र के एक खेत में फेंका गया था। मृतक रौतहट नेपाल का पवन कुमार बताया गया है। पुलिस टीम में ढाका डीएसपी अशोक कुमार, इंस्पेक्टर विजय कुमार, कुण्डवाचैनपुर एसएचओ मनोज कुमार, टेक्निकल सेल के मनीष कुमार, मुकेश कुमार आदि शामिल थे।

### सुशील कुमार मोदी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत

**पटना।** पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं सांसद सुशील कुमार मोदी ने अनुच्छेद 370 और 35-ए को को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए सोमवार को यहां कहा कि कांग्रेस, राजद और आईएनडीआईए गठबंधन के जिन दलों ने भी संसद में इस मुद्दे पर सरकार का विरोध किया था, उन सबको भारत, विशेषकर जम्मू-कश्मीर की जनता से माफी मांगनी चाहिए। इस फैसले ने आतंकवाद के प्रवर्तक और पोषक दलों का असली चेहरा सामने ला दिया है। सुशील मोदी ने कहा कि जो जदयू अपने नेता को पीएम-पद का दावेदार बता रहा है, उसने 2019 में एनडीए का हिस्सा होने की मजबूरी में कश्मीर मुद्दे पर सरकार का समर्थन किया था, लेकिन उनका मन उन्हीं के साथ था, जो "खून की नदी बहने" की धमकी दे रहे थे आज "संविधान की हत्या" का झूठा शोर मचाने वालों के लिए शोक दिवस है।

### अमित की कोर्ट में हुई पेशी, भेजे गये जेल

**रांची।** पीआईएल मैनेज करने के लिए कथित रूप से कैश के लेन-देन के अभियुक्त कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल को रिमांड अवधि खत्म होने के बाद रांची सीबीआई की विशेष अदालत में सोमवार को पेश किया गया। अमित अग्रवाल को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया गया। पीआईएल मैनेज करने से जुड़े केस की जांच ईडी कर रही है। ईडी ने जो केस दर्ज किया है, उसमें हाई कोर्ट के चर्चित अधिवक्ता राजीव कुमार भी आरोपित हैं।

## 'आयुष्मान भारत योजना के तहत 12 करोड़ लोगों का बीमा'

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा कि हमारे यहां कहा गया है कि पहला सुख निरोगी काया। 2014 में जबसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार आई है, तब से इस दिशा में हम मजबूत प्रयास कर रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत देश के 12 करोड़ लोगों को हेल्थ इंश्योरेंस प्रदान किया है। मेडिकल क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया है। गरीबों को सस्ती दवाएं मिल सकें, इसके लिए हमारी सरकार ने जन औषधि केंद्र स्थापित किए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में गोमतीनगर स्थित डिवाइन हार्ट फाउण्डेशन अस्पताल के 27वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमें मालूम है कि एक स्वस्थ लोकतंत्र का रास्ता स्वस्थ समाज से ही संभव है। इतने विशाल देश में देश में केवल सरकारी प्रयास से ही स्वास्थ्य ठीक नहीं रह सकता। निजी क्षेत्र के लोगों को भी आना होता है। आमतौर पर गैर सरकारी संस्थाओं को केवल आमदनी के आधार पर देखा जाता है। बहुत से संस्थान समाज कल्याण की भावना से काम कर रहे हैं। देश में तमाम ऐसे निजी संस्थाएं हैं। ठीक उसी प्रकार डिवाइन हार्ट फाउंडेशन अस्पताल की भूमिका को बेहद महत्वपूर्ण मानता हूं। राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हम



**सुविधा ...**

**8 आयुष्मान भारत योजना के तहत देश के 12 करोड़ लोगों को हेल्थ इंश्योरेंस प्रदान किया है।**

लोगों का सौभाग्य है कि आज लखनऊ में सर्वोच्च संवैधानिक संस्था राष्ट्रपति महोदया हम सबके बीच में हैं। यह मेरा निर्वाचन क्षेत्र है। केवल निर्वाचन क्षेत्र ही नहीं लखनऊ में मेरा घर है। यहां के लोगों से बेहद आत्मीयता है। राष्ट्रपति महोदया मैं आपका स्वागत करता हूं। राजनाथ सिंह ने मौजूद लोगों से ताली बजवाकर राष्ट्रपति का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि लखनऊ तहजीब का शहर है। लखनऊ से मेरा दिल का नाता है। डॉक्टर श्रीवास्तव का भी यहां से लोगों से दिल का नाता है। इन्होंने बहुत से लोगों को दिल की धड़कनें दी हैं। सिंह ने कहा कि 27 वर्ष पहले किराए के मकान में यहां एक अस्पताल की शुरूआत हुई थी।



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का मध्य प्रदेश पहुंचने पर स्वागत करते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान।

## सुप्रीम कोर्ट का फैसला लोगों के लिए जीत और जश्न का क्षण: ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने स्वागत किया है। उन्होंने एक्स पर अपने संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार द्वारा संविधान के अनुच्छेद 370 और 35 ए को निरस्त करने के फैसले को बरकरार रखने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले से भारत के लोग अभिभूत हैं। यह देश के उन सभी राष्ट्रवादी लोगों के लिए एक और जीत तथा जश्न का क्षण है, जिन्होंने जम्मू-कश्मीर के भारत में पूर्ण एकीकरण का सपना देखा था, जिसके लिए उन्होंने राजनीतिक और कानूनी लड़ाई लड़ी और यहां तक कि अपने जीवन का बलिदान भी दिया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि 5 अगस्त, 2019 को मोदी सरकार ने नेहरू युग के दौरान कांग्रेस द्वारा की गई कई ऐतिहासिक भूलों में से एक को सुधारने के लिए जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा वापस ले लिया।



उसके बाद कुछ राजनीतिक पारिस्थितिकी तंत्र और इसकी शाखाओं और अपतटीय समर्थकों ने इस एकीकरण प्रक्रिया के खिलाफ साजिशें शुरू कर दीं, क्योंकि उन्होंने कभी ऐसा नहीं किया। 'एक प्रधान, एक निशान, एक विधान' के बिना भारत का एकीकरण अधूरा था और अंततः यह उद्देश्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में शांति और समृद्धि लौट रही है और लोगों ने आतंकवाद को खारिज कर दिया है।

## शबरीधाम से शबरीमाता के वंशज अयोध्या ले जाएंगे बेर

**सूरत।** श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में गुजरात के डांग-आहवा के जंगलों से शबरीमाता के वंशज मीठे बेर लेकर जाएंगे। इन बेरों को अयोध्या में अर्पित किया जाएगा। वहीं, तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य के 75वें जन्मदिन पर अयोध्या में आयोजित मारुति यज्ञ में सूरत के 324 युगल यजमान शामिल होंगे। इस अवसर पर सूरत की ओर से 75 लाख का चेक भी अर्पण किया जाएगा। भगवान श्रीराम का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में 22 जनवरी को मनाया जाएगा। इसे लेकर देशभर में कई कार्यक्रम और उत्सव आयोजित किए जाएंगे। इसी के तहत श्रीराम जन्मभूमि के लिए अदालत में चले मामले में 451 साक्ष्य प्रस्तुत करने वाले तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य का 75वां जन्मदिन भी मनाया जाएगा। इस संबंध में शनिवार को सूरत सर्किट हाउस में गुजरात सरकार के पूर्व मंत्री व विधायक पूर्णेश मोदी ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित किया। उन्होंने कहा कि जगद्गुरु रामभद्राचार्य के सानिध्य में अयोध्या में 14 से 22 जनवरी, 2024 तक 1008 कुंडीय मारुति यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इसमें देश भर के लोग शामिल होंगे।

## दहेज हत्या के आरोपी पति को सात वर्ष का कारावास

**हमीरपुर:** दहेज हत्या के करीब ढाई साल पुराने मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम सुदेश कुमार की अदालत ने सोमवार को दोषी पति को सात वर्ष का कठोर कारावास की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता चंद्रप्रकाश गोस्वामी ने मौदहा थानाक्षेत्र के छिमौली गांव निवासी पीड़ित पिता महेश कुमार ने 6 जून 2020 को दी तहरीर में बताया था कि मुस्करा थानाक्षेत्र के तगारी निवासी अनिल कुमार ने उसकी पुत्री मृतका अर्चना को 16 मार्च 2017 को बहला फुसलाकर घर से भगा ले गया था।

## तमिलनाडु के चेंगलपट्टू में ट्रेन हादसा

**टीम एक्शन इंडिया/चेंगलपट्टू (तमिलनाडु)**

तमिलनाडु में एक बड़ा रेल हादसा सामने आया है। लोहे से भरी एक मालगाड़ी अचानक पटरी से नीचे उतर गई। यह हादसा चेंगलपट्टू के पास हुआ। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, चेन्नई हार्बर की ओर जाने वाली मालगाड़ी देर रात 10.30 बजे के आसपास चेंगलपट्टू के पास पटरी से उतर गई।



**मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतरे:** चेंगलपट्टू रेलवे अधिकारी ने बताया कि मालगाड़ी में लोहे से संबंधित सामान भरा था। मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतर गए। इस हादसे के कारण दक्षिण तमिलनाडु से चेन्नई की ओर जाने वाली यात्री ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ है। फिलहाल रेलवे के अधिकारी ट्रैक को साफ करने और ट्रेन की आवाजाही को निर्बाधित करने के लिए काम कर रहे हैं।

## धर्मशाला रैली में सीएम सुक्खू ने लगाई सौगातों की झड़ी

**टीम एक्शन इंडिया/धर्मशाला/चमन शर्मा**

**सीएम** सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार का एक साल का कार्यकाल पूरा होने पर सोमवार को धर्मशाला में समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस ग्राउंड धर्मशाला में आयोजित इस समारोह में हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सीएम सुक्खू के अलावा प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला, सह प्रभारी तेजिंद्र बिट्टू, पीसीसी चीफ प्रतिभा सिंह, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री व सरकार के तमाम काबिना मंत्री, विधायक और पदाधिकारी मौजूद रहे। समारोह में अपने संबोधन में सीएम सुक्खू ने नए साल में प्रदेश के लाखों लोगों को कई सौगातें देने का एलान किया। उन्होंने कहा कि जनवरी 2024 में प्रदेश सरकार किसानों से गोबर खरीदेगी। कांग्रेस ने



विधानसभा चुनाव में दो रूपए किलो गोबर खरीदने की गारंटी दी थी। इसके अलावा मिल्क फेडरेशन दुग्ध उत्पादकों से 37 रुपए प्रति लीटर दूध की खरीद करेगा। वर्तमान में फेडरेशन 31 रुपए प्रति लीटर दूध खरीद रही है। उन्होंने कहा कि लाहुल स्पीति की सभी महिलाओं को चुनावी वादे के तहत 1500 रुपए प्रतिमाह सम्मान निधि मिलेगी। राज्य में सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त कर रही महिलाओं 1150 की जगह 1500 रुपए दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि प्रदेश में भाजपा सरकार के समय 2.27 लाख उम्मीदवारों ने साल 2020 में पोस्ट कोड 817 के तहत भर्ती परीक्षा में भाग लिया था, इस परीक्षा का परिणाम जल्द घोषित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल को 2027 तक आत्मनिर्भर व आगामी दस सालों में देश का सबसे अमीर राज्य बनाने का लक्ष्य है। सीएम ने कहा कि 40 साल के बाद हिमाचल में व्यवस्था परिवर्तन हुआ है व पारंपरिक तरीके से हटकर सरकार चलानाचाहते हैं, इसी मकसद से फैसले लिए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार ने पहली कैबिनेट में ओपीसी की बहाली का फैसला लिया। हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने के लिए, व्यवस्था परिवर्तन के प्रयास में हैं और उसी दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। शराब के ठेकों की नीलामी से 500 करोड़ का अतिरिक्त राजस्व सरकार ने जुटाया है। वाटर सेस लगाकर आय जुटाने की कोशिशें की जा रही हैं। इसके अलावा टेंडर प्रक्रिया में भी संशोधन किया गया। भाजपा पर निशाना साधते हुए सीएम ने कहा कि जयराम सरकार ने वित्तीय साल 2022-23 में 14 हजार करोड़ का कर्ज लिया।

